नई दिल्ली
मंगलवार 28 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 30, अंक : 09
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 40
न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## 1 मई से महंगा हो जाएगा एलपीजी सिलेंडर



**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से तेल मार्केटिंग कंपनियों ने 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 60 रुपये की बढ़ोतरी की है। 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में तो सिर्फ एक महीने में तीन बार बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, 1 मई 2026 से एलपीजी की कीमतों में एक और बदलाव होने की पूरी आशंका है। खबरों के मुताबिक, इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और एचपीसीएल नई डिलीवरी और बुकिंग के नियमों पर भी चर्चा कर रहे हैं।

### सबने देखा कि कांग्रेस लोकतंत्र की लड़ाई, विधानमंडल में नहीं, वाहन मंडल में लड़ रही है: मुख्यमंत्री

# हरियाणा में विपक्ष ने सदन के बाहर डुप्लीकेट सेशन चलाया, नायब ने बताया इतिहास का काला दिन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को हरियाणा विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान कांग्रेस के सदन में ना आने पर तीखा प्रहार करते हुए कहा आज का दिन हरियाणा के इतिहास का काला दिन है, क्योंकि विपक्ष ने सदन की गरिमा का अपमान करते हुए सदन के बाहर डुप्लीकेट सेशन चलाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की जनता आज सोच रही है कि ऐसा पहली बार देखा कि लोकतंत्र की लड़ाई, विधानमंडल में नहीं, वाहन मंडल में लड़ रही है कांग्रेस। उन्होंने कहा कि न कायदा, न कार्रवाई, न अध्यक्ष का सम्मान, गाड़ियों में चल रहा है कांग्रेस का संविधान। हरियाणा की जनता इस कुकृत्य के लिए कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा लाया गया प्रस्ताव किसी प्रकार का राजनीतिक प्रस्ताव नहीं है और इसमें निंदा शब्द का उपयोग नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव केवल



माताओं और बहनों के मान-सम्मान, उनके अधिकारों तथा सशक्तिकरण को समर्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा विधानसभा का यह विशेष सत्र नारी शक्ति को समर्पित है। उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल 2026 को केंद्र सरकार द्वारा तीन महत्वपूर्ण विधेयक संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, परिसीमन विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक लोकसभा में प्रस्तुत किए गए। उन्होंने कहा कि मूल रूप से 2026 की जनगणना और परिसीमन के बाद आरक्षण लागू करने का लक्ष्य था, लेकिन इसे जनगणना की शर्त से अलग करने का प्रयास किया गया, ताकि वर्ष 2029 के आम चुनाव में महिला शक्ति संसद में प्रभावी उपस्थिति दर्ज करा सके। मुख्यमंत्री ने सदन के माध्यम से उन विपक्षी दलों की घोर निंदा की, जिन्होंने इस विधेयक को पारित नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष की राजनीति का दोहरा चरित्र देश के सामने उजागर हुआ है।

### *हरियाणा विशेष सत्रः सीएम सैनी बोले, महिलाओं और कर्मचारियों के मुद्दों से भागी कांग्रेस*

*हरियाणा विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विपक्ष पर तीखा प्रहार किया और सत्र की कार्यवाही को पूरी तरह संवैधानिक एवं जनहित में बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष द्वारा यह आरोप लगाया गया कि विशेष सत्र असंवैधानिक है, जो पूरी तरह निराधार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सत्र कैबिनेट की मंजूरी और राज्यपाल की अनुमति से विधिवत रूप से बुलाया गया था। उन्होंने विपक्ष से सवाल किया कि क्या चुनी हुई सरकार, कैबिनेट और राज्यपाल के निर्णय को असंवैधानिक* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### *हुड्डा का बहिष्कार बहाना, नेवा पोर्टल पर उपलब्ध थी बिल की जानकारीः सीएम सैनी*

*एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा बिल की कॉपी उपलब्ध न होने का बहाना बनाकर बहिष्कार किया गया, जबकि वास्तविकता यह है कि यह केवल एक राजनीतिक मुद्दा बनाने का प्रयास था। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिल से संबंधित जानकारी नेवा पोर्टल पर उपलब्ध थी। एक अन्य सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विषय को समझने के लिए परिसीमन की प्रक्रिया को देखना जरूरी है। उन्होंने बताया कि 1971 में भारत की जनसंख्या लगभग 54 करोड़ थी और 1976 में परिसीमन के बाद लोकसभा सीटों की संख्या 550 निर्धारित की गई थी। इसके बाद अगला परिसीमन 2026 में होना तय है, जिसमें जनगणना और परिसीमन दोनों प्रक्रियाएं एक साथ होंगी। 2023 में लाए गए नारी शक्ति वंदन विधेयक में यह प्रावधान किया गया है कि महिलाओं को आरक्षण का लाभ वर्ष 2029 से दिया जाएगा। इसी उद्देश्य से यह विधेयक लाया गया, ताकि 2029 से महिलाओं को उनका अधिकार सुनिश्चित किया जा सके।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
पीबीकेएस आरआर
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### तरबूज खाने से एक ही परिवार के 4 की मौत



**मुंबई।** पायधुनी इलाके में संदिग्ध फूड पॉइजनिंग से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में 40 वर्षीय अब्दुल्ला कादर, उनकी पत्नी नसरीन और दो बेटियां आयशा व ज़ैनब शामिल हैं। बताया जा रहा है कि बिरयानी और फिर तरबूज खाया था। देर रात अचानक सबकी तबीयत बिगड़ी और इलाज के दौरान चारों ने दम तोड़ दिया। हालांकि, साथ खाना खाने वाले रिश्तेदार सुरक्षित हैं। पुलिस ने मृत्यु का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घटना से पूरे इलाके में मातम पसरा है।

### पीएम मोदी बोले, हमारी साझेदारी में हुआ ऐतिहासिक क्षण का आगाज, विकास साझेदारी को मिलेगी अभूतपूर्व गति

# भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुआ ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता, 20 बिलियन डॉलर का होगा निवेश

- *किसानों, महिलाओं, कारीगरों, छात्रों, उद्यमियों के लिए बताया अत्यंत लाभकारी*
- *भारतीय उत्पादों को न्यूजीलैंड के बाजारों में मिलेगा शुल्क मुक्त प्रवेश*
- *न्यूजीलैंड आगामी डेढ़ दशक में भारत में करेगा 20 बिलियन डॉलर का निवेश*
- *किसानों, पशुपालकों के हितों से नहीं किया कोई समझौता : पीयूष गोयल*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया संकट के बीच सोमवार को राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित किए गए एक समारोह में भारत और न्यूजीलैंड के बीच बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिसकी मदद से भारतीय उत्पादों को न्यूजीलैंड के बाजारों में शुल्क मुक्त प्रवेश मिलेगा। न्यूजीलैंड आगामी डेढ़ दशक यानी 15 वर्षों में भारत में कुल 20 बिलियन डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करेगा। इसके अलावा आगामी पांच वर्षों में दोनों देशों के बीच होने वाला द्विपक्षीय व्यापार मौजूदा 1.3 बिलियन डॉलर से बढ़कर 5 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आखिरकार रंग लाई 16 साल की कड़ी मेहनत...



### जीवंत लोकतंत्रों के बीच मजबूत होंगे संबंधः पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी 'एक्स' पोस्ट में इस समझौते पर हुए हस्ताक्षर वाले पल को एक ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि यह दोनों देशों के गहरे वैश्विक जुड़ाव और साझा समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जो कि दो जीवंत लोकतंत्रों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करता है और किसानों, महिलाओं, कारीगरों, युवाओं, उद्यमियों, स्टार्टअप, छात्रों, नव-प्रवर्तकों सहित लघु, मध्यम तथा छोटे उद्यमों के लिए बेहद लाभप्रद साबित होगा। यहां बता दें कि दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों द्वारा पूर्व समय में इस एफटीए पर हस्ताक्षर करने को लेकर जताई गई प्रतिबद्धता के बाद खासतौर पर न्यूजीलैंड के अंदर राजनीतिक विरोध के कुछ स्वर भी सुनाई दिए थे। जिन्हें प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने दो टूक अंदाज में सिरे से खारिज कर दिया था। उन्होंने यह भी कहा था कि यह समझौता भारत के साथ-साथ न्यूजीलैंड के लिए भी काफी फायदेमंद रहेगा।

### किसानों के हित 100% सुरक्षितः गोयल

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की घोषणा के बाद भारत की तरफ से केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैक्ले ने इस एफटीए पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसके बाद अब दोनों देश इसे लागू करने के लिए आम सहमति से एक तारीख को तय करेंगे। जिसके पूर्व में इस संबंध में जरूरी पुष्टि की जाएगी। बहुत संभावना है कि इस वर्ष के अंत तक यह एफटीए दोनों देशों में लागू हो जाएगा। समझौते के बाद पीयूष गोयल ▶▶ शेष पेज 5 पर

### *यूं लगा 16 साल का लंबा वक्त*

*दोनों देशों के बीच एफटीए को लेकर पहली बार बातचीत की शुरुआत वर्ष 2010 में हुई थी। जिसका कोई परिणाम नहीं निकला। 2015 में फिर से संवाद प्रक्रिया का आगाज हुआ। जिसमें वार्ता के कुल 9 दौर पूरे हुए। लेकिन उसके तुरंत बाद यह रुक गई। फिर आई 16 मार्च 2025 की वह महत्वपूर्ण तारीख, जब न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन भारत की यात्रा पर आए और उस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई अपनी बातचीत में समझौते पर वार्ता की पुनः मजबूत शुरुआत करने की मंशा जाहिर की थी। जिसके बाद दोनों पक्षों ने संवाद प्रक्रिया को रिकॉर्ड 10 महीने के समय में यानी 22 दिसंबर 2025 में पूरा कर लिया। उसके बाद एफटीए पर हस्ताक्षर के लिए 27 अप्रैल 2026 की तारीख तय गई और आज इस पर हस्ताक्षर हो गए हैं।*

### *वार्ताकारों को बधाई, 13 महीनों में किया कमालः पीएम लक्सन*

*न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन ने एक्स पोस्ट में एफटीए को लेकर कहा कि मैं इसे बीते 13 महीनों के दौरान पीयूष गोयल और टॉड मैक्ले द्वारा किए गए अथक परिश्रम का परिणाम मानता हूं। जो दोनों देशों के लिए फायदेमंद साबित होगा। दोनों मंत्रियों को मेरी ओर से बधाई। भारत विश्व की सबसे बड़ी, तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। लेकिन अभी हमारे व्यापार संबंधों ने अपनी संभावनाओं की सतह को छुआ भी नहीं है। मेरा मानना है कि यह समझौता दोनों देशों के लिए एक विशेष अवसर की तरह साबित होगा।*

### *10 साल में दोगुना होगा निर्यात मूल्य*

*लक्सन ने कहा, न्यूजीलैंड के लिए यह एफटीए दुनिया के सबसे गतिशील बाजारों में से एक भारत के द्वार खोलता है। व्यापार, निवेश, नवाचार और जुड़ाव के लिए अभूतपूर्व अवसर पैदा करता है। हमें निर्यात बाजारों को विविधीकृत करने में मदद मिलेगी, ये 10 साल में हमारे निर्यात मूल्य को दोगुना करने के लक्ष्य का समर्थन करेगा, न्यूजीलैंड के निर्यातकों को भारत में पहले से तरजीही पहुंच का आनंद लेने वाले प्रतिस्पर्धियों के साथ अधिक समान खेल का मैदान प्रदान करेगा।*

### भारत को होगा यह फायदा

- ▶▶ समझौता लागू होने के पहले दिन से भारत के 8,284 निर्यात उत्पादों को न्यूजीलैंड के बाजारों में शुल्क रहित प्रवेश मिलेगा।
- ▶▶ वस्त्र-परिधान, चमड़ा-जूते, इंजीनियरिंग गुड्स, प्लास्टिक-रबड़, इलेक्ट्रॉनिक्स, मरीन उत्पाद, फार्मास्युटिकल्स, मसाले, कॉफी, अनाज, रसायन और कृषि उत्पादों को लाभ होगा।
- ▶▶ भारतीय पेशेवरों (आईटी, शिक्षा, वित्तीय सेवाएं, पर्यटन, निर्माण जैसे क्षेत्रों) के लिए न्यूजीलैंड में उच्च-वेतन वाले रोजगार के अवसर खुलेंगे।
- ▶▶ कौशल युक्त पेशेवर अस्थायी रोजगार वीजा के तहत 3 साल तक न्यूजीलैंड में रहकर काम कर सकेंगे।
- ▶▶ हर साल 1,667 वीजा प्रदान किए जाएंगे, जिसकी अधिकतम सीमा यानी कोटा 5 हजार का रखा गया है।
- ▶▶ घरेलू हितों की सुरक्षा के लिए 29.97% टैरिफ लाइनों को समझौते से बाहर रखा है।
- ▶▶ दूध, दही, पनीर, मट्ठा, क्रीम, पशु उत्पाद, सब्जियां, चीनी, तांबा, एल्युमिनियम जैसे क्षेत्रों को शून्य शुल्क श्रेणी से बाहर रखा गया है।
- ▶▶ एफटीए के बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर 5 बिलियन डॉलर करने का लक्ष्य रखा है।
- ▶▶ रणनीतिक रूप से होगा फायदा। क्योंकि ये एफटीए भारत को अत्यधिक आय वाले प्रशांत बाजारों तक पहुंच को आसान बनाता है।
- ▶▶ न्यूजीलैंड में पढ़ाई के दौरान भारतीय छात्र विस्तारित अध्ययन के बाद कार्य वीजा के जरिए हर सप्ताह 20 घंटे तक काम कर सकते हैं, दोनों देशों के बीच अनुबंध हुआ है।

### न्यूजीलैंड को एफटीए से होगा ये लाभ

- ▶▶ भारत में न्यूजीलैंड के 54.11% निर्यात पर शून्य शुल्क मिलेगा। जिनमें ऊन, भेड़ का मांस, वन-लकड़ी के उत्पाद मुख्य हैं।
- ▶▶ सेब, कीवी, शहद जैसे कृषि आधारित उत्पादों पर शुल्क में छूट मिलेगी।
- ▶▶ समुद्री उत्पादों (मसल्स, सैल्मन) पर 7 साल में शुल्क खत्म होगा।
- ▶▶ लोहा, इस्पात, स्क्रैप एलुमिनियम जैसी चीजों पर शुल्क 10 साल या उससे कम समय में समाप्त होगा।
- ▶▶ एवॉकाडो और पर्सिमन पर आयात शुल्क 10 साल में समाप्त होगा।
- ▶▶ न्यूजीलैंड की वाइन भारत में रियायती दरों पर उपलब्ध होगी।

### 38 देशों संग हुए 9 एफटीए

गौरतलब है कि भारत ने अब तक दुनिया के कुल 38 देशों के साथ 9 एफटीए पर हस्ताक्षर किए हैं। जिनमें ताजा उदाहरण न्यूजीलैंड का है। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण कोरिया, मॉरीशस, जापान, नार्वे, ओमान, यूरोपीय संघ, स्विट्जरलैंड, आइसलैंड, लिंचेस्टाइन और आसियान समूह के 10 देशों के साथ भी भारत एफटीए कर चुका है।

### एयर इंडिया फ्लाइट की भोपाल में आपात लैंडिंग

## अटकी 166 यात्रियों की सांसें, वापसी फ्लाइट रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुंबई से एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 633 में सवार 166 यात्रियों और 9 क्रू मेंबर्स को बीच हवा में अचानक तनावपूर्ण पल का सामना करना पड़ा। विमान में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते पायलट ने भोपाल के राजा भोज हवाई अड्डे पर प्राथमिकता के आधार पर आपात लैंडिंग करनी पड़ी। रविवार की दोपहर 3:20 बजे विमान सुरक्षित उतर गया।



भोपाल के राजा भोज हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग

हालांकि, यह पूर्ण आपातकाल की बजाए प्राथमिकता लैंडिंग श्रेणी में था, लेकिन हवाई अड्डे ने सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल तुरंत सक्रिय कर दिए। जमीन पर पहुंचने के बाद तकनीकी टीम ने विमान का निरीक्षण किया और उसे आगे की उड़ान के लिए ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पं. बंगाल में दूसरे चरण का चुनाव प्रचार थमा

केंद्रीय बलों के कमांडरों ने तैयारियों का जायजा लिया

## 142 सीटों के लिए कल होगा मतदान 1,448 उम्मीदवार चुनावी 'मैदान' में

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों के दूसरे और अंतिम चरण में 142 सीटों पर डेढ़ माह तक चला जोरदार चुनाव प्रचार सोमवार शाम 6 बजे थम गया। प्रचार के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी तथा विभिन्न दलों ने अपने उम्मीदवारों के समर्थन में रैलियां, सभाएं और रोड-शो किया। दूसरे चरण में 29 अप्रैल को ▶▶ शेष पेज 5 पर



### ऐसे होगी निगरानी

*हर पोलिंग स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और बूथों पर केंद्रीय बल तैनात रहेंगे। विशेष पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता और विशेष पुलिस पर्यवेक्षक एन के मिश्रा भी सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रख रहे हैं।*

### पार्टी पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्षों और विभिन्न प्रकोष्ठों के संयोजकों के साथ संगठनात्मक रणनीति पर की चर्चा

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने राजस्थान में 7 जिला कार्यालयों का किया उद्घाटन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन ने अपने पहले राजस्थान दौरे में उन्होंने राज्य में सात नवनिर्मित भाजपा जिला कार्यालयों का उद्घाटन किया जिसमें बूंदी, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, चूरू, पाली और बाड़मेर जिलों में बने कार्यालय शामिल हैं। इसके उपरांत उन्होंने टोंक में आयोजित कार्यक्रम को




संबोधित किया। टोंक में जिला कार्यालय के उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि 'कार्यालय केवल एक भवन नहीं, बल्कि हमारे संकल्प और विचारों का केंद्र होता है। यहीं से हमें दिशा मिलती है कि किस सोच और कार्यपद्धति के साथ आगे बढ़ना है और हमारा लक्ष्य क्या होगा।' प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्षों और विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजकों के साथ संगठनात्मक रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की जड़ों को मजबूत करने और निरंतर सक्रिय रहने का संदेश दिया। नितिन ▶▶ शेष पेज 5 पर

### यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर दी है

## बांग्लादेश में भारत के नए उच्चायुक्त होंगे पूर्व केंद्रीय मंत्री दिनेश त्रिवेदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता से लेकर पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में केंद्रीय रेल और स्वास्थ्य राज्य मंत्री रहे दिनेश त्रिवेदी अब बांग्लादेश में भारत के नए उच्चायुक्त होंगे। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि त्रिवेदी जल्द ही अपनी इस नई जिम्मेदारी को संभालेंगे। वह बांग्लादेश में ▶▶ शेष पेज 5 पर

### तनाव के बाद नई करवट लेते संबंध



गौरतलब है कि केंद्र सरकार की पुरानी कार्यप्रणाली या परिपाटी के तहत आमतौर पर भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारियों को ही दुनिया के तमाम देशों में देश के कूटनीतिक प्रतिनिधि यानी राजदूत या उच्चायुक्त के रूप में नियुक्ति की जाती रही है। लेकिन दिनेश त्रिवेदी की यह नियुक्ति इस क्रम में 370 डिग्री बदलाव को दर्शाती है। जिसके तहत 2024 में बांग्लादेश में हुए छात्रों के हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद से भारत के साथ संबंधों में आए तनाव को मौजूदा सरकार एक अनुभवी राजनेता के माध्यम से कम करना चाहती है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को जबरन बांग्लादेश से बाहर करने के बाद गठित की गई मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार में भारत और बांग्लादेश के संबंध पूरी तरह से गर्त में चले गए थे। ढाका में हालिया वक्त में गठित की गई तारिक रहमान के नेतृत्व वाली नई सरकार में दोनों देशों के बीच संबंधों को एक बार फिर से पटरी पर लाने की कोशिशें जारी हैं।

### आम आदमी पार्टी का "आम आदमी" होने का मुखौटा पूरी तरह उतर चुका

# भाजपा और आप 'फिक्स्ड मैच' खेल रहे, पंजाब की 86% राज्यसभा सीटें सिर्फ 6% वोट पर कब्जाई गईं : कांग्रेस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) पर जोरदार हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि दोनों दल आपस में "फिक्स्ड मैच" खेल रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा ने पंजाब में महज 6.6 प्रतिशत वोट हासिल करने के बावजूद राज्यसभा की 86 प्रतिशत सीटों पर कब्जा जमा लिया है, जबकि आम आदमी पार्टी का "आम आदमी" होने का मुखौटा पूरी तरह उतर



चुका है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि 2022 के पंजाब विधानसभा चुनावों में भाजपा को राज्य में केवल लगभग 6 प्रतिशत वोट मिले थे। लेकिन अब आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों के भाजपा में शामिल हो जाने के बाद पंजाब से राज्यसभा में भाजपा का प्रतिनिधित्व 86 प्रतिशत तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के सात में से छह राज्यसभा सांसद अब भाजपा से संबंधित हैं। अजय माकन ने चेतावनी दी कि यह स्थिति सीमावर्ती राज्य पंजाब के लिए बेहद ▶▶ शेष पेज 5 पर

### *पैसे लेकर राज्यसभा की सीट दे रहे*

*माकन ने कहा कि आप के एक राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता, जो पहले कांग्रेस में थे, उन्होंने आम आदमी पार्टी में शामिल होने के मात्र एक महीने के भीतर ही राज्यसभा का टिकट हासिल कर लिया था। जबकि पार्टी के शुरुआती सहयोगी प्रशांत भूषण, कुमार विश्वास, योगेंद्र यादव और आशुतोष जैसे नेताओं की अनदेखी की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सीटों का सौदा पैसों के लिए किया और टिकट केवल उन्हीं लोगों को दिया गया, जिनके पास अपार धन-संपत्ति थी। उन्होंने कहा कि जिन धनकुबेरों को आप ने राज्यसभा भेजा, उनका पार्टी से दूर-दूर तक कोई वैचारिक या संगठनात्मक संबंध नहीं था। वे पार्टी के समर्थन में कभी सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आए थे, लेकिन सिर्फ अपनी आर्थिक ताकत के कारण उन्हें राज्यसभा की सदस्यता दे दी* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## आईएमडी ने कहीं कहीं हल्की बूंदाबांदी की जताई संभावना

# कड़ी धूप व तेज लू की मार से दिल्ली वाले बेहाल, 42 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली में लगातार तीसरे दिन सोमवार को अधिकतम तापमान ने 42 डिग्री सेल्सियस की हैट्रिक लगाई। दिनभर कड़ी धूप व तेज लू की मार से दिल्ली वाले बेहाल रहे। लेकिन रात के समय मौसम ने करवट ली और धूल भरी तेज आंधी ने गमीर से मामूली राहत दी।

कहीं कहीं हल्की बूंदाबांदी की भी खबर सामने आई। प्रादेशिक मौसम विभाग दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य तापमान से 3.2 डिग्री सेल्सियस अधिक है। जबकि न्यूनतम तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य तापमान से 1.2 डिग्री सेल्सियस अधिक है। आईएमडी ने ताजा अनुमान में बताया कि मंगलवार को दिल्ली में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे व कहीं कहीं हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। वहीं तेज हवा चलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। बुधवार से मौसम कुछ मेहरबान होगा और अधिकतम तापमान गिरकर 38-39 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। निजी मौसम विज्ञान अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि अब 28 से 30 अप्रैल के बीच आंधी-तूफान की गतिविधियां तेज होंगी। दिन में गर्मी पड़ेगी लेकिन शाम और रात में गर्मी से आंशिक राहत मिलेगी। कंपनी के अनुसार दिल्ली में शनिवार 25 अप्रैल 2026 को इस सीजन का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। जिसमें सफदरजंग वेधशाला में अधिकतम तापमान 42.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ, जो सामान्य से करीब 4 डिग्री अधिक रहा। बीते रविवार को भी तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार रहा था। कंपनी का कहना है कि 28 से 30 अप्रैल के बीच इनकी तीव्रता और फैलाव बढ़ने की संभावना है। इस दौरान देर दोपहर और शाम के समय तेज हवाओं के साथ धूल भरी आँधी और गरज-चमक होगी। इससे देर शाम और रात के समय भीषण गर्मी से कुछ राहत मिलेगी।

हालांकि दिन की शुरुआत फिर से गर्म और शुष्क रहेगी, और पूरे सप्ताह तापमान करीब 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहेगा। कंपनी ने कहा कि सफदरजंग वेधशाला में अब तक लगभग 28 मिमी बारिश दर्ज हो चुकी है, जबकि अप्रैल का सामान्य आंकड़ा 12.5 मिमी होता है। ऐसे में यह महीना पिछले दो दशकों का सबसे अधिक बारिश वाला अप्रैल साबित हो सकता है। दिल्ली का अब तक का सबसे अधिक तापमान 45.6 डिग्री (29 अप्रैल 1941) दर्ज है। वहीं, सबसे ज्यादा बारिश वाला अप्रैल महीना 1983 में रहा था, जब 183.5 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई थी।

### बिजली खपत का आंकड़ा सात हजार मेगावाट पार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में यह पहली बार है कि अप्रैल महीने में ही बिजली खपत का आंकड़ा 7000 मेगावाट के पार पहुंच गया है। अगर ऐसा ही रहा तो हो सकता है कि इस बार बिजली की खपत का आंकड़ा 9-10 हजार मेगावाट के बीच पहुंच जाए। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार सोमवार 27 अप्रैल 2026 को बिजली की मांग का आंकड़ा बढ़कर 7078 मेगावाट दर्ज हुआ। जबकि रविवार देर रात यह आंकड़ा 6500 मेगावाट के पार पहुंच गया था। एकाएक मांग बढ़ने का कारण भीषण गर्मी और हीट वेव है। क्योंकि ऐसे में पंखों व कूलर के अलावा भारी संख्या में एसी चलने लगे है। जिससे बिजली की मांग में तेजी से बढ़त दर्ज होती है। जानकारी अनुसार इससे पहले अभी तक 29 अप्रैल, 2022 को पहली बार 6197 मेगावाट तक मांग पहुंची थी। जबकि रविवार रात 11.24 बजे यह बढ़कर 6650 मेगावाट तक पहुंच गई। इसे कुछ घंटों के बाद ही सोमवार दोपहर साढ़े तीन बजे मांग का ग्राफ बढ़कर 7078 मेगावाट पहुंच गया। आंकड़े बताते है कि पिछले चार दिनों में दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग में तेजी से वृद्धि हुई है। दूसरी तरफ गुरुवार सुबह न्यूनतम मांग 4124 मेगावाट थी जो सोमवार को बढ़कर 4612 मेगावाट पहुंच गई। इस बारे में निजी बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस का कहना है कि भीषण गर्मी की वजह से मांग में बढ़त आई है। कंपनी ने कहा कि गर्मियों के महीनों में बिजली की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए हम लागत को कम करने के लिए एक चरणबद्ध बिजली खरीद रणनीति अपना रहे है।

# दिल्ली पुलिस का हेड कांस्टेबल गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



■ खाना पहुंचाने का काम करने वाले युवक की गोली मारकर की थी हत्या

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के जाफरपुर कलां इलाके में झगड़े के बाद खाना पहुंचाने का काम करने वाले 21 साल के एक युवक की गोली मारकर हत्या करने और उसके दोस्त को घायल करने के आरोपी दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना के 24 घंटे के भीतर ही गिरफ्तारी हुई है। अधिकारियों के मुताबिक, वह छिपा हुआ था और उसे आधी रात के आसपास जाफरपुर इलाके से पकड़ा गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पुष्टि की कि आरोपी की पहचान नीरज के रूप में हुई है और उसे स्थानीय पुलिस इकाई में तैनात किया गया था। हालांकि, अधिकारी के अनुसार, घटना के समय वह ड्यूटी पर नहीं था। शनिवार को आधी रात के बाद नीरज ने तीखी बहस के बाद भोजन पहुंचाने का काम करने वाले पांडव कुमार और उसके दोस्त कृष्ण को कथित तौर पर गोली मार दी। गोली लगने से कुमार की मौत हो गई, जबकि कृष्ण घायल हो गया और उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, यह घटना देर रात लगभग रात 2:30 बजे घटी जब पीड़ित इलाके में जन्मदिन समारोह में शामिल होने के बाद सड़क किनारे खड़े थे। पास में ही रहने वाले नीरज का उनसे झगड़ा हुआ और फिर उसने कथित तौर पर करीब से गोली चला दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने कुमार पर बेहद करीब से गोली चलाई। गोली उनके सीने को भेदते हुए उनके दोस्त को जा लगी। उन्होंने बताया कि दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां कुमार को मृत घोषित कर दिया गया। घटना के तुरंत बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। जाफरपुर कलां थाने में हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया और आरोपियों की तलाश के लिए कई टीमें गठित की गईं। पुलिस ने बताया कि स्थानीय खुफिया सूचनाओं और आसपास के इलाकों में छापेमारी सहित निरंतर प्रयासों के बाद नीरज को ढूंढकर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी से जुड़ी वारदात के क्रमों और परिस्थितियों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# बाइक के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मौत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



बाहरी उत्तरी दिल्ली के भलस्वा डेयरी इलाके में मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के पास एक मोटरसाइकिल के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार रात करीब नौ बजे हुई जिसके बाद मोटरसाइकिल रिंग रोड को वजीराबाद से जोड़ने वाले मार्ग पर एक नाले के पास लावारिस हालत में मिली। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि दुर्घटना में बाइक पर सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए और पुलिस के घटनास्थल पर पहुंचने से पहले राहगीरों ने उन्हें बाबू जगजीवन राम मेमोरियल (बीजेआरएम) अस्पताल पहुंचाया। अधिकारी ने कहा कि दोनों व्यक्तियों को अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान बुराड़ी निवासी एस. अली (20) और बवाना निवासी शाहिद के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि अब तक इस घटना को लेकर कोई भी प्रत्यक्षदर्शी सामने नहीं आया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए बीजेआरएम अस्पताल के मुर्दाघर में रखा गया है। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

### 2020 दिल्ली दंगेः अदालत ने 12 आरोपियों को बरी किया

एजेंसी. नई दिल्ली। यहां की एक अदालत ने 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के दौरान एक व्यक्ति का अपहरण और हत्या करने के आरोपी 12 लोगों को बरी कर दिया है। अदालत ने कहा कि चश्मदीदों के बयानों में बड़े विरोधाभास और कमजोर सहायक साक्ष्यों के कारण अभियोजन पक्ष मामले को संदेह से परे साबित करने में विफल रहा।
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परवीन सिंह मुशर्रफ की हत्या के आरोपी लोकेश सोलंकी, पंकज शर्मा, सुमित चौधरी उर्फ बादशाह, अंकित चौधरी उर्फ फौजी, प्रिंस उर्फ डीजे वाला, ऋषभ चौधरी उर्फ तपस, जतिन शर्मा उर्फ रोहित, विवेक पांचाल उर्फ नंदू, हिमांशु ठाकुर, साहिल उर्फ बाबू, संदीप उर्फ मोगली और टिंकू अरोड़ा के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रहे थे।
न्यायालय ने 21 अप्रैल के एक आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ अपने मामले को संदेह से परे साबित करने में विफल रहा है और आरोपी संदेह का लाभ पाने के हकदार हैं। तदनुसार, सभी आरोपियों को उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों से बरी किया जाता है। मुशर्रफ की मौत से जुड़े मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। मुशर्रफ का शव 27 फरवरी, 2020 को इलाके में व्यापक सांप्रदायिक हिंसा के बीच भागीरथी विहार के एक नाले से बरामद किया गया था। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि 25 फरवरी की रात को 150-200 लोगों की भीड़ जबरन मुशर्रफ के आवास में घुस गई, उसे बाहर घसीटकर ले गई, हमला किया और उसके शव को एक नाले में फेंक दिया।

# चांदनी चौक से अगवा डेढ़ साल के बच्चे को पुलिस ने मुक्त कराया, आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

■ खाने की चीज का लालच देकर बच्चे को किया था अगवा

पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक बाजार से अपहत डेढ़ साल के बच्चे को पांच दिन की तलाश के बाद सुरक्षित बरामद कर लिया गया है और कथित अपरहरणकर्ता को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, 19 अप्रैल को बच्चे की मां ने पुलिस को सूचित किया कि उसके बच्चे का शाम करीब सात बजे चांदनी चौक बाजार से अपहरण कर लिया गया। उत्तर दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राजा बांठिया ने बताया कि तत्काल प्राथमिकी दर्ज की गई और बच्चे का पता लगाने एवं दोषियों की पहचान करने के लिए कई टीम गठित की गईं। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान टीम ने चांदनी चौक और आसपास के इलाकों में लगे कई सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले।
बांठिया के अनुसार, फुटेज के विश्लेषण से पता चला कि इस घटना में एक पुरुष और एक महिला शामिल थे, जिन्हें दिन भर इलाके में घूमते हुए देखा गया था और अंततः शाम को उन्होंने बच्चे का अपहरण कर लिया था। उन्होंने बताया कि संदिग्ध सुबह से ही बच्चों की तलाश में घूम रहे थे और इस बच्चे का अपहरण करने से पहले उन्होंने अन्य बच्चों को भी अगवा करने की कोशिश की थी। बांठिया ने बताया कि एक टीम ने लगातार पांच दिनों तक अलग-अलग जगहों के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करके संदिग्धों की गतिविधियों का पता लगाया। अंततः पुलिस टीम को कुछ सुराग मिले, जिनके आधार पर वह उत्तर-पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास इलाके पहुंची। उन्होंने बताया कि 24 अप्रैल को पुलिस ने आरोपियों में से एक मोहम्मद फिरोज (32) को खजूरी खास इलाके से गिरफ्तार कर लिया, जो पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी का रहने वाला है। बांठिया ने बताया कि अपहत बच्चे को भी इलाके में स्थित किराये के एक मकान से सुरक्षित बरामद कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान फिरोज ने खुलासा किया कि वह ई-रिक्शा चलाता है और हाल में कश्मीरी गेट स्थित हनुमान मंदिर के पास काली नाम की एक महिला के संपर्क में आया था। पुलिस के मुताबिक, फिरोज ने बताया कि काली ने उसे आसानी से पैसा कमाने का लालच देकर बहलाया और बच्चों के अपहरण में शामिल होने के लिए राजी किया। पुलिस के अनुसार, घटना वाले दिन दोनों आरोपियों ने भीड़भाड़ वाले बाजार में अकेले घूम रहे बच्चों को निशाना बनाया। डीसीपी ने बताया कि आरोपियों ने दो-तीन बच्चों को अगवा करने की कोशिश की, लेकिन उनके माता-पिता की सतर्कता के कारण वे असफल रहे, हालांकि, वे इस बच्चे को खाने की चीज का लालच देकर अगवा करने में सफल हो गए।

### हंसराज कॉलेज ने दुर्व्यवहार के आरोप में 30 छात्रों को किया निलंबित

एजेंसी. नई दिल्ली। हंसराज कॉलेज प्रशासन ने कॉलेज उत्सव के दौरान हिंसा और दुर्व्यवहार से लेकर सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से कॉलेज को बदनाम करने वाले कृत्यों में शामिल होने के आरोप में कम से कम 30 छात्रों को निलंबित कर दिया है। कॉलेज के छात्र संघ ने इस कदम की निंदा की और लगभग एक सप्ताह की अवधि के भीतर जारी किए गए निलंबन नोटिस के विरोध में सोमवार को विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया। पहला नोटिस छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष पार्थ श्रीवास्तव को 20 अप्रैल को जारी किया गया था। कॉलेज की वेबसाइट पर अपलोड किए गए इस पत्र में कहा गया है कि छात्र को संस्था की मानहानि और शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों के विरुद्ध अपमानजनक भाषा का प्रयोग सहित अनुशासनहीनता जैसे कृत्यों में संलिप्त पाया गया है। पत्र में कहा गया है कि छात्र को अपने माता-पिता के साथ कॉलेज समिति के सामने पेश होने के कई अवसर दिए गए, जिनमें वह असफल रहा। इसमें कहा गया है, उन्हें 23 मार्च 2026 को अंतिम अवसर दिया गया, जहां वह अकेले पेश हुए। आरोपों से अवगत कराए जाने के दौरान, उन्होंने न तो पश्चाताप व्यक्त किया और न ही अपने आचरण को स्वीकार किया। हालांकि, श्रीवास्तव ने कहा कि उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कॉलेज प्रशासन का यह कदम पूरी तरह से मनमाना है और उन्होंने इस मुद्दे को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय में पहले ही याचिका दायर की है। कॉलेज ने 20 अप्रैल को दूसरा नोटिस जारी कर 14 छात्रों को निलंबित कर दिया। छात्रों के इस समूह को भेजे गए नोटिस में निलंबन की अवधि निर्दिष्ट नहीं की गई है, लेकिन यह उल्लेख किया गया है कि निलंबन की अवधि के दौरान उन्हें परीक्षा और आंतरिक मूल्यांकन को छोड़कर कॉलेज परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। इसी प्रकार 22 अप्रैल को जारी एक नोटिस में चार और छात्रों को निलंबित कर दिया गया।

### आईआरएस अधिकारी की बेटी की हत्या का आरोपी सात दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

एजेंसी. नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के वरिष्ठ अधिकारी की बेटी की हत्या के आरोपी उनके पूर्व घरेलू सहायक राहुल मीणा (19) को सोमवार को सात दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपिका ठकरान ने दिल्ली पुलिस की उस याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें आरोपी को पूछताछ के लिए सात दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का अनुरोध किया गया था। मीणा की चार दिन की पुलिस हिरासत सोमवार को समाप्त हो गई, जिसके बाद पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया। मीणा ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) से स्नातक पीड़िता के साथ 22 अप्रैल की सुबह कैलाश हिल्स स्थित उसके आवास पर कथित तौर पर बलात्कार किया और फिर उसकी हत्या कर दी। वारदात से कुछ घंटे पहले आरोपी और उसके साथियों ने राजस्थान के अलवर में एक अन्य महिला का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया था।

## दिल्ली के चार स्कूलों को दी गई बम की धमकी, जांच के बाद निकली फर्जी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में आर्मी पब्लिक स्कूल की तीन शाखाओं और एक सीआरपीएफ स्कूल को सोमवार को ईमेल के जरिए बम की धमकियां मिलीं, जिससे दहशत फैल गई, लेकिन जांच में यह धमकियां फर्जी पाई गईं। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां तुरंत घटनास्थल पर भेजी गईं और स्थानीय पुलिस तथा स्कूल अधिकारियों के साथ मिलकर तलाशी और निकासी अभियान चलाया गया। अधिकारी ने कहा कि टीमों ने परिसर की गहन जांच की, लेकिन किसी भी स्थान पर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। सभी धमकियों को फर्जी घोषित कर दिया गया है। जिन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है उनमें दिल्ली छावनी, धौला कुआं और शंकर विहार स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल और द्वारका सेक्टर 14 स्थित सीआरपीएफ स्कूल शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा संबंधी सभी मानक प्रोटोकॉल का पालन किया गया और एहतियात के तौर पर तलाशी के दौरान छात्रों और कर्मचारियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि ईमेल के स्रोत का पता लगाने के लिए की जांच जारी है।

### मॉडल टाउन स्कूल रोड के पास खेत में आग लगी

एजेंसी. नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम दिल्ली में 'मॉडल टाउन स्कूल' मार्ग के पास सोमवार को एक खेत में आग लग गई, जिसके बाद दमकल की कई गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अब तक किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि आग लगने की सूचना सुबह करीब 11.15 बजे मिली, जिसके बाद दमकल की सात गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। खेत का एक बड़ा हिस्सा आग की चपेट में आ गया, जिससे आसमान में धुएं का घना गुबार उठने लगा और आसपास रहने वाले लोग चिंतित हो गए। उन्होंने बताया कि आग लगने का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है और इसकी जांच की जाएगी। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

### श्रम शक्ति भवन में आग, दमकल की छह गाड़ियां पहुंचीं

**नई दिल्ली।** लुटियंस दिल्ली के रफी मार्ग स्थित श्रम शक्ति भवन में सोमवार को मामूली आग लग गई, जिसे कुछ ही मिनटों में बुझा दिया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शाम करीब 4.20 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की छह गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। उन्होंने बताया कि आग इमारत की दूसरी मंजिल पर लगे एयर कंडीशनर के बाहरी हिस्से तक ही सीमित थी। शाम 4.30 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। आग लगने का सटीक कारण अब तक पता नहीं चल पाया है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82 Cr.PC.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **विपिन, पुत्रः** राजकुमार, पताः **R-683**, मंगोल पुरी, दिल्ली-**110083,** दिल्ली, ने **FIR No.: 496/2020, U/s: 138 NI Act, थानाः विजय विहार, जिला रोहिणी, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **विपिन,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **विपिन,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 496/2020, U/s: 138 NI Act, थानाः विजय विहार, जिला रोहिणी, दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त, **विपिन,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री शगुन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी**
**उत्तर पश्चिम, कोर्ट नं. 109**
**प्रथम तल, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली**

**DP/5429/RD/2026**
**(Court Matter)**

## 'कचरा प्रबंधन को मजबूत बनाने की दिशा में एमसीडी का महत्वपूर्ण कदम'

# निगमायुक्त ने किया एफसीटीएस का उद्घाटन करोल बाग जोन में कई जगह किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम आयुक्त संजीव खिरवार ने सोमवार को पंचकुइयां रोड पर एफसीटीएस का उद्घाटन किया। यह कचरा प्रबंधन को मजबूत बनाने की दिशा में एमसीडी का महत्वपूर्ण कदम बाताया जा रहा है। वहीं इस अवसर पर आयुक्त खिरवार ने करोल बाग जोन का व्यापक निरीक्षण भी किया। इस दौरान आयुक्त के अलावा उपायुक्त दिलखुश मीणा, प्रमुख अभियंता पी.सी. मीणा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित रहे। निरीक्षण का उद्देश्य नागरिक विकास कार्यों की समीक्षा करना, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा आगामी मानसून से पहले तैयारियों का आकलन करना बताया गया। इस अवसर पर आयुक्त ने दरियायी नाले तथा नारायणा औद्योगिक क्षेत्र की ओर जाने वाले डीटीसी नाले सहित प्रमुख नालों की सफाई कार्य की समीक्षा की। साथ ही आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए आपस में जुड़े जल निकासी तंत्र की स्थिति का आकलन किया। उन्होंने जखीरा स्थित मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) केंद्र का भी दौरा किया, जहां कचरा पृथक्करण और प्रसंस्करण की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। खिरवार ने नारायणा विहार हॉल्ट और जखीरा प्वाइंट पर पुराने कचरे (लेगेसी वेस्ट) को हटाने की प्रगति का भी आकलन किया। साथ ही रेलवे ट्रैक के किनारे चल रहे सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। यहां एमसीडी की टीमें कचरा उठाने और जमा अपशिष्ट को हटाने में सक्रिय रूप से लगी हुई हैं। उन्होंने इन क्षेत्रों में निरंतर प्रयास बनाए रखने पर जोर देते हुए अधिकारियों को नियमित निगरानी और समय पर कचरा हटाने के निर्देश दिए, ताकि दोबारा कचरा जमा न हो। सभी परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन और बेहतर रखरखाव पर बल देते हुए आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और स्वच्छता के उच्च मानकों को बनाए रखने के निर्देश दिए।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहित, पुत्रः** सुरेश कुमार, **निवासीः** म.नं. ए–688, ए–ब्लॉक, जहांगीरपुरी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 235/2014 U/s 147/148/149/186/353/332/34 IPC, थानाः महिन्द्रा पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहित** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहित** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 235/2014 U/s 147/148/149/186/353/332/34 IPC, थानाः महिन्द्रा पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री अमरदीप कौर**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (उत्तर)**
**कोर्ट नं. 117, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5373/NW/2026**
**(Court Matter)**

## विभागों को दिए निर्देश, मिलकर करने होंगे प्रयास

# हीट वेव से निपटने के लिए उपराज्यपाल ने बुलाई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



लगातार भीषण गर्मी व दिल्ली में चल रही हीट वेव (लू) की मार से लोगों को बचाने के लिए की जा रही तैयारियों के मद्देनजर सोमवार को उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने एक अहम समीक्षा बैठक बुलाई। बैठक में जिला मजिस्ट्रेट, स्वास्थ्य विभाग, दिल्ली पुलिस आयुक्त, दिल्ली अग्निशमन विभाग, डीजेबी जैसे विभागों के आला अधिकारियों सहित अन्य मौजूद थे। लोक निवास में आयोजित हुई समीक्षा बैठक में एलजी संधू ने सभी विभागों को साफ निर्देश दिए कि हीट वेव से लोगों को खासकर बेघरों को बचाने के लिए संयुक्त रूप से मिलकर प्रयास करने होंगे। कोई भी विभाग यह कहकर अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकता कि उसका इससे कोई संबंध नहीं है। संधू ने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता ही जनता के हितों के लिए कार्य करना है। संधू ने कहा अब भीषण गर्मी का दौर चलेगा, जिसमें हीट वेव भी शामिल है। इसलिए सभी अधिकारियों को यह मिलकर निश्चित करना है कि इससे जुड़ी कार्ययोजना को एक सप्ताह के भीतर जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से हर हाल में लागू किया जाए। संधू ने बैठक में जिला मजिस्ट्रेटों से साफ साफ कहा गया है कि वे इसके क्रियान्वयन में अग्रणी व जिम्मेदारी पूर्ण भूमिका निभाएं और सार्वजनिक स्थानों पर लू से बचाव के बेहतरीन उपायों के माध्यम से कमजोर वर्गों को राहत प्रदान करें। इनमें महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और गरीब तथा मज़दूर आदि शामिल हैं, उनकी सुरक्षा पर पूरा विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है। एलजी ने सापु कहा कि अत्याधिक गर्मी की स्थिति में दिल्ली के पक्षियों और जानवरों की देखभाल को भी प्रमुखता में रखना है। हीट वेव से निपटने के प्रत्येक कार्य की प्रगति पर गहनता से निगरानी की जाएगी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्रत्येक विभाग आपसी तालमेल के साथ अपनी जिम्मेदारियों को पूरा कर रहे है या नहीं। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों से कहा कि सरकार सभी नागरिकों के कल्याण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में रखती है इसलिए सभी विभागों को भी इसे प्रमुखता में रखना व इसका सही तथा समय से कार्य करना होगा।



## मुख्यमंत्री ने एलजी से की मुलाकात

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से सोमवार को मुलाकात कर राष्ट्रीय राजधानी में विकास परियोजनाओं और प्रशासनिक समन्वय से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में उपराज्यपाल के साथ हुई मुलाकात को 'शिष्टाचार भेंट' बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार दिल्ली के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज माननीय उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से शिष्टाचार भेंट की। दिल्ली में चल रही प्रमुख विकास परियोजनाओं, जनहित कार्यों और प्रशासनिक समन्वय से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। गुप्ता ने कहा कि सरकार दिल्ली के सर्वांगीण विकास, बेहतर नागरिक सुविधाओं और प्रगति कार्यों को तेज़ गति से आगे बढ़ाने के लिए निरंतर समन्वय और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उपराज्यपाल कार्यालय ने 'एक्स' पर अपने आधिकारिक पेज पर एक पोस्ट में गुप्ता की संधू के साथ मुलाकात की तस्वीरों को पोस्ट करते हुए लिखा कि मुख्यमंत्री ने लोक निवास में उपराज्यपाल से मुलाकात की।

## डीटीसी कर्मचारियों को प्रदर्शन करने की पुलिस ने नहीं दी इजाजत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अपनी मांगों के समर्थन में डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन द्वारा एक मई मजदूर दिवस पर डीटीसी मुख्यालय पर प्रस्तावित धरने प्रदर्शन को दिल्ली पुलिस ने इजाजत नहीं दी जिसके बाद संगठन में भारी रोष है।

इस बारे में यूनियन के अध्यक्ष ललित चौधरी व महासचिव मनोज शर्मा ने आरोप लगाया पुलिस व प्रशासन जानबूझकर डीटीसी कर्मचारियों की आवाज को कुचलने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस द्वारा धरना प्रदर्शन करने की परमिशन को कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए रद्द कर दिया दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह तानाशाही है जिससे मजदूरों को मजदूर दिवस पर उनके हक की आवाज तक को उठाने से रोका जा रहा है। जबकि संगठन द्वारा शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करना अधिकार है फिर भी बड़ी बड़ी ताकतों द्वारा मजदूरों के धरने को कुचला जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब संगठन ने फैसला लिया है कि धरना प्रदर्शन बेशक रद्द कर दिया हा लेकिन अब धरना शाह ऑडिटोरियम कश्मीरी गेट में होगा। यूनियन का कहना है यह कानून व्यवस्था के नाम पर आवाज उठाने से रोका जा रहा है। जबकि दिल्ली में बड़े बड़े शोरूम के बाहर दर्जनों गाड़ियां खड़ी रहती है, पूरी दिल्ली में बड़े बड़े मॉल, बैंक्वेट हाल, मैरिज लॉन बने है जहां कई कई किलोमीटर लंबा जाम लगा रहता है। अवैध बैटरी रिक्शा सड़कों पर चल रहे हैं इनके कारण पूरी दिल्ली जाम में फंसी रहती है तब दिल्ली पुलिस का कानून व्यवस्था कहां चली जाती है।

## भारत-विरोधी टिप्पणी से नाराज

# कांग्रेस ने किया अमेरिकी दूतावास पर विरोध प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत विरोधी टिप्पणी के विरोध में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में अमेरिकी दूतावास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाने पर रखा और कहा कि बेशक पीएम कॉम्प्रोमाइज ,है लेकिन भारत देश नही। प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा ने प्रदर्शन में कहा कि भारत के खिलाफ की गई गलत टिप्पणी का विरोध पीएम नरेंद्र मोदी को करना चाहिए था, लेकिन व चुप है। पीएम की चुप्पी भारत के नागरिकों के लिए बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत के खिलाफ बोलते हुए हेल होल जैसे घटिया शब्दों को प्रयोग करके देश का मजाक उड़ाया है। लाकड़ा ने कहा कि मोदी की दोस्ती ट्रंप से निजी तौर पर हो सकती है, पर देश के खिलाफ कोई बोलेगा तो युवा कांग्रेस इसके खिलाफ है। लाकड़ा ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप रोजाना भारत के खिलाफ कुछ न कुछगलत टिप्पणी कर रहे है और अजीबो गरीब आदेश भी दे रहे है।

लाकड़ा ने कहा कि युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का अमेरिकी दूतावास के सामने जोरदार विरोध दर्ज करने का एक ही मकसद था कि दुनिया को साफ संदेश दिया जाए कि भारत के सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा। इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा समेत दिल्ली सह प्रभारी और युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कंसाना भी उपस्थित रहे। इससे पहले युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने तीन मूर्ति सर्किल से अमेरिकी दूतावास के तरफ जाने का प्रयास किया किया। लेकिन पहले से ही मौजूद दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक दिया और कई युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया।

## भीषण गर्मी: फील्ड कर्मचारियों के लिए सुनिश्चित की जाए विशेष व्यवस्था : सत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा है की लगातार बढ़ती गर्मी और हीट वेव की स्थिति के मद्देनजर निगम के फील्ड कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में उन्होंने निगम आयुक्त को पत्र लिखते हुए कहा कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अत्यधिक गर्मी और लू के कारण फील्ड कर्मचारियों के लिए अत्यंत जोखिमपूर्ण होता है। इस दौरान फील्ड कर्मचारियों को आंशिक रूप से विश्राम दिया जाए तथा उनके कार्य समय को पुनः व्यवस्थित किया जाए। कार्य प्रारंभ का समय प्रात जल्दी रखा जाए और आवश्यकता अनुसार शिफ्ट आधारित कार्य प्रणाली लागू की जाए। उन्होंने कहा कि कार्यस्थलों पर ठंडे पेयजल की उपलब्धता, छायादार विश्राम स्थलों की व्यवस्था तथा नियमित अंतराल पर ब्रेक सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए आवश्यक जागरूकता और प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि यह कदम कर्मचारियों के स्वास्थ्य की रक्षा करने के साथ-साथ उनके मनोबल और कार्यक्षमता को भी बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# कांग्रेस ने दिल्ली सरकार पर साधा निशाना, पूरी दिल्ली में नाक के नीचे जमकर हो रहा नकली दवाइयों का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि दिल्ली सरकार की नाक के नीचे पूरी दिल्ली में नकली दवाइयों का कारोबार जमकर हो रहा है। क्योंकि दिल्ली देशभर में दवाइयों के मामले में थोक और री-डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर है।

यहां से केवल दिल्ली ही नहीं पूरे देश में दवाइयों की आपूर्ति होती है। इसलिए केंद्र व दिल्ली सरकार की लापरवाही मरीजों की जान के साथ बड़ा खिलवाड़ है। यादव ने कहा कि दिल्ली में जीवन रक्षक नकली दवाइयों की खुलेआम ऑनलाइन और ऑफलाइन बिक्री सरकार की नाकामी का उदाहरण है। उन्होंने आशंका जताई कि इस नकली दवाइयों के खेल में दिल्ली ही नहीं देश के अन्य आला अधिकारियों के लिप्त होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। यादव ने कहा कि पिछले 3 वर्षों में 45 करोड़ से अधिक की नकली दवाईयों की जांच में सामने आया है कि इस नेटवर्क में हाईटेक मशीनों और डिजीटल टूल्स का शातिराना इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने कहा कि 5 अप्रैल को पुलिस ने 2 करोड़ की नकली दवाईयां, 1.20 लाख से ज्यादा की टेबलेट-कैपसूल को पकड़ा है और गिरफ्तार आरोपियों के पास मिले करीब 50 करोड़ के फर्जी जीएसटी बिलिंग नेटवर्क का भी खुलासा हुआ है। यादव ने कहा कि जब केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन की फरवरी की ड्रग अलर्ट रिपोर्ट में देशभर में 194 दवा गुणवत्ता परीक्षण में फेल पाई गईं। जिसमें पैरासिटामोल और पेंटाप्राजोल जैसी आम दवा भी शामिल है।

इसके अलावा दिसम्बर 2025 में 167 सैंपल फेल पाए गए और संसद में स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा पेश किए गए आंकड़ों में अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के दौरान 3104 दवा सैंपल नाट आफ स्टैंडर्ड क्वालिटी वाले पाए गए। यानि निर्धारित गुणवत्ता मानकों पर खरे नही उतरे। पिछले कुछ वर्षों में यहां से 14 करोड़ से अधिक की नकली दवाईयां जब्त होने के बावजूद सरकार आंख बंद करे बैठी है। उन्होंने कहा कि अगर खतरनाक बीमारियों से ग्रस्त लोगों की जिंदगी को बचाना है तो सरकार को ऑनलाईन और ऑफलाईन दवाईयों की बिक्री पर तुरंत रोक लगाने की कार्यवाही करनी होगी। यादव ने मांग की कि सरकार ऑनलाईन आपूर्ति करने वाली उन कम्पनियों के खिलाफ कार्यवाही करे जिनके पोर्टल के तहत नकली दवाईयां लोगों तक पहुंचाई जा रही है। यादव नेसवाल उठाया कि केंद्र ओर दिल्ली सरकार की नाक के नीचे हाईटेक पैकेजिंग और डिजीटल फ्राड से नकली दवाओं का बड़ा नेटवर्क अवैध कारोबार ही बल्कि तकनीक और वित्तीय फ्राड की संगठित व्यवस्था बन चुकी है।

# 1300 श्रद्धालुओं को सोमनाथ के दर्शन के लिए भेजेगी दिल्ली सरकार : गुप्ता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- 30 अप्रैल को श्रद्धालुओं को लेकर एक विशेष ट्रेन सफदरजंग रेलवे स्टेशन से सोमनाथ धाम के लिए होगी रवाना

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को बताया कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व - सोमनाथ यात्रा के तहत 1300 श्रद्धालुओं को लेकर सोमनाथ के दर्शन कराने के लिए एक विशेष ट्रेन 30 अप्रैल को यहां से रवाना होगी। इस यात्रा को सनातन संस्कृति और अपनी आध्यात्मिक जड़ों से जुड़ने का पावन अवसर बताते हुए गुप्ता ने कहा कि सोमनाथ धाम भगवान शिव की अनंत कृपा, सनातन आस्था और भारत की अमर सांस्कृतिक चेतना का दिव्य प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हमारी सरकार द्वारा दिल्लीवासियों के लिए सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-सोमनाथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह पावन पहल सोमनाथ स्वाभिमान पर्व - 1000 वर्षों की अखंड आस्था को समर्पित है। गुप्ता ने बताया कि 30 अप्रैल को दिल्ली के 1300 श्रद्धालुओं को लेकर एक विशेष ट्रेन दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से सोमनाथ धाम के लिए रवाना होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ट्रेन अगले दिन सुबह सोमनाथ पहुंचेगी और एक, दो और तीन मई को श्रद्धालु बाबा सोमनाथ के दर्शन करेंगे तथा आसपास स्थित अन्य मंदिरों के भी दर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल दर्शन की यात्रा नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, भारतीय परंपरा और अपनी आध्यात्मिक जड़ों से जुड़ने का पावन अवसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमनाथ की कृपा से सनातन मूल्यों का प्रकाश बढ़े, संस्कृति समृद्ध हो और जनसेवा का भाव सुदृढ़ हो, यही हमारी प्रार्थना और प्रतिबद्धता है। गुप्ता के मुताबिक, श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था गुजरात सरकार द्वारा की जाएगी।

## बार एसोसिएशन ने परिपत्र जारी कर महिला वकील का किया समर्थन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- 22 अप्रैल को पति ने बेरहमी से किया था हमला

शाहदरा बार एसोसिएशन ने सोमवार को एक परिपत्र जारी करके उस महिला अधिवक्ता का समर्थन करने का संकल्प जताया जिस पर 22 अप्रैल को उसके पति ने बेरहमी से हमला किया था। परिपत्र में सदस्यों को सूचित किया गया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उच्चतम न्यायालय ने मामले का संज्ञान लिया है।

एसोसिएशन के सचिव नरवीर डबास द्वारा जारी परिपत्र में कहा गया है, 'सम्मानित सदस्यों को सूचित किया जाता है कि हमारे बार की सदस्य मधु राजपूत पर बेरहमी से हमला करने वाले आरोपी को 25-26 अप्रैल की दरमियानी रात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। परिपत्र में कहा गया है कि आरोपी को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। परिपत्र में कहा गया है, हम न्याय मिलने तक हर संभव प्रयास करने का संकल्प लेते हैं। परिपत्र में कहा गया है, शाहदरा बार एसोसिएशन की कार्यकारी समिति उच्चतम न्यायालय की 'एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड' स्नेहा कलिता, तरुण राणा (एनडीबीए के मानद सचिव) और समन्वय समिति के अन्य सदस्यों द्वारा इस मामले में दिए गए समर्थन की सराहना करती है। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने कहा था कि आरोपी मनोज कुमार, जो सोनिया विहार का निवासी है, को रविवार को खजूरी खास इलाके से गिरफ्तार किया गया था। मनोज पर आरोप है कि उसने 22 अप्रैल को अपनी 38 वर्षीय पत्नी पर चाकू से हमला किया था।

## राघव चड्ढा के उदाहरण पर किया पलटवार

# कार्यस्थल का माहौल खराब हो तो कर्मचारी काम छोड़ने से पहले नोटिस अवधि करते हैं पूरी : भारद्वाज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) की दिल्ली इकाई के प्रमुख सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के खराब कार्यस्थल वाले उदाहरण पर पलटवार करते हुए कहा कि जब कोई कर्मचारी कंपनी छोड़ने का फैसला करता है, तब भी वह संगठन की छवि को नुकसान पहुंचाने की साजिश रचने के बजाय नोटिस अवधि पूरी करता है। इधर आम आदमी पार्टी (आप) छोड़ने के फैसले पर कुछ हलकों में सवाल उठाये जाने के बीच, राघव चड्ढा ने सोमवार को कहा कि अरविंद केजरीवाल की पार्टी का माहौल खराब हो चुका था और नेताओं को काम करने से रोका जा रहा था।

एक वीडियो बयान में, चड्ढा ने कहा था कि अगर कार्यस्थल का माहौल विषाक्त (काम करने के बिल्कुल प्रतिकूल) हो जाता है, कर्मचारियों को काम करने से रोका जाता है, उनकी मेहनत को दबाया जाता है और उन्हें चुप करा दिया जाता है, तो उस जगह को छोड़ देना ही सही निर्णय है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भारद्वाज ने कहा कि लोग कंपनियों को छोड़ सकते हैं, लेकिन राजनीतिक दल विचारधारा पर आधारित होते हैं, न कि केवल कार्यस्थल की सुविधा पर। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किये गए एक वीडियो में कहा, किसी कंपनी को बदलने में विचारधारा का कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन अगर कोई किसी राजनीतिक दल की विचारधारा से सहमत है, तभी वह उसमें शामिल होता है। भारद्वाज ने आगे कहा कि किसी कंपनी में भी, जो कर्मचारी नौकरी छोड़ने का फैसला करता है, वह पेशेवर नैतिकता का पालन करता है। उन्होंने कहा कि यदि कोई कर्मचारी कंपनी छोड़ता है, तो वह तीन महीने की नोटिस अवधि पूरा करता है ताकि उसने उस कंपनी से जो कुछ भी सीखा है, उसे सही ढंग से हस्तांतरित किया जा सके। वे कंपनी की छवि खराब करने की साजिश नहीं रचते। भारद्वाज ने आरोप लगाया कि चड्ढा ने सम्मानपूर्वक पार्टी छोड़ने के बजाय भाजपा में शामिल होने की योजना बनाना शुरू कर दिया और ऐसे काम करने लगे जिससे 'आप' को नुकसान पहुंचे।

## दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने साल 2026-27 के लिए किया मनोनित

# भाजपा के 11 और आप के तीन विधायक दिल्ली नगर निगम में मनोनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली नगर निगम में आगामी साल 2026-27 के लिए तय नियम के अंतर्गत 14 विधायकों को मनोनीत किया है। इनमें बीजेपी के 11 और आम आदमी पार्टी के तीन विधायक शामिल हैं।


मनोनीत किए गए विधायकों में भाजपा से नरेला विधायक राजकरण खत्री, त्रिनगर से विधायक तिलक राम गुप्ता, वजीरपुर से विधायक पूनम शर्मा, मादीपुर से विधायक कैलाश गंगवाल, हरी नगर से विधायक श्याम शर्मा, बिजवासन से विधायक कैलाश गहलोत, पालम से विधायक कुलदीप सोलंकी, राजेंद्र नगर से विधायक उमंग बजाज, मालवीय नगर से विधायक सतीश उपाध्याय, छतरपुर से विधायक करतार सिंह तंवर और पटपड़गंज से विधायक रविंद्र सिंह नेगी का नाम शामिल है।

वहीं, आम आदमी पार्टी की ओर से करोल बाग से विधायक विशेष रवि, दिल्ली कैंट से विधायक वीरेंद्र सिंह कादियान और सदर बाजार से विधायक सोमदत्त को निगम में मनोनीत किया गया है। इसकी अधिसूचना विधानसभा सचिव रंजीत सिंह की तरफ से जारी कर दी गई है। दिल्ली नगर निगम के अधिनियम 1957 की धारा 3(3)(b)(iii) के प्रावधानों के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधानसभा के सदस्यों को दिल्ली नगर निगम में मनोनीत किया जाता है। यह विधायक के तौर पर निगम में क्षेत्रीय जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं।

गौरतलब है कि, दिल्ली नगर निगम में हर साल मेयर की नियुक्ति के समय ही इन विधायकों को भी मनोनीत किया जाता है। इन विधायकों को भी मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव में वोट डालने का अधिकार होता है। दिल्ली नगर निगम में मेयर का चुनाव 29 अप्रैल को प्रस्तावित है। मेयर चुनाव के लिए भाजपा की जीत तय है। हालांकि, कांग्रेस ने भी मेयर पद के लिए अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे हैं, लेकिन कांग्रेस के पास मात्र 8 से 10 पार्षदों का ही संख्या बल है। इसलिए मतदान सिर्फ औपचारिकता ही होगी भाजपा का मेयर बनने का रास्ता साफ है। वहीं, आम आदमी पार्टी की ओर से प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है।

**खबर संक्षेप**

## अवैध निर्माण को जीडीए ने किया ध्वस्त



**गाजियाबाद।** सोमवार को जीडीए का अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान जोन 4 में चला। कई अवैध निर्माण सीज किये गए जबकि कई ध्वस्त कर दिए गए। प्रभारी प्रवर्तन जोन-04 के नेतृत्व में खसरा संख्या-1033, रजापुर, नियर कार्टे चौक, महेन्द्रा एन्कलेव, पर लगभग 250 वर्गमीटर क्षेत्रफल में मुकेश कुमार व रामवीर सिंह द्वारा किये गये निर्माण पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी।

## अवैध हथियार रखने वालों पर प्रहार, 5 गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए देशी कट्टा रखने व उपलब्ध करवाने वाले सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर 4 देसी कट्टे बरामद किये हैं। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 अप्रैल को अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक देशी कट्टे सहित गिरफ्तार किया था।

## ठगी के मामले में खाताधारक गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी करने के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने खाता उपलब्ध करवाने वाले एक व्यक्ति मिनारूल हक निवासी गांव सालीकाजार, जिला दरंग, असम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि साइबर थाना की टीम ने मिनारूल हक को 26 अप्रैल को असम से गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम 5 दिन के ट्रांजिट रिमांड पर फरीदाबाद लेकर आ रही है। पूछताछ में सामने आया है कि मिनारूल हक ने शंभु प्रसाद शाह व मोहम्मद सरफराज का संयुक्त बैंक खाता आगे ठगों को उपलब्ध कराया था।

# जन आक्रोश रैली नारी अधिकारों के समर्थन में बुलंद आवाजः सर्वप्रिय त्यागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

**विशाल महिला जन आक्रोश पदयात्रा का आयोजन किया गया**




**नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में आवाज बुलंद की**

नारी सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा के लिए गुरुग्राम जिले में भाजपा महिला कार्यकर्ताओं एवं मातृशक्ति द्वारा एक विशाल महिला जन आक्रोश पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा भाजपा गुरुग्राम जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी के नेतृत्व में निकाली गई। जिसमें महिलाओं ने भाग लेकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में अपनी सशक्त आवाज बुलंद की। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने एकजुट होकर स्पष्ट संदेश दिया कि देश अब नारी के सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। पदयात्रा के दौरान महिलाओं में उत्साह, जागरूकता और अपने अधिकारों के प्रति दृढ़ संकल्प स्पष्ट रूप से देखने को मिला। भाजपा गुरुग्राम जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश नारी सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है और नारी शक्ति वंदन संशोधित अधिनियम इस दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बनता। उन्होंने कहा कि यह कानून महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी देने का सशक्त माध्यम बनेगा। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के विरोध के कारण नारी शक्ति वंदन संशोधित अधिनियम पारित नहीं हो सका जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। देश की मातृशक्ति इस अपराध के लिए कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों को कभी माफ नहीं करेगी। रैली के दौरान महिलाओं में विशेषकर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, समाजवादी पार्टी एवं अन्य विपक्षी पार्टियों के महिला सम्मान, सशक्तिकरण के प्रति नकारात्मक और

### महिला जन आक्रोश रैली का समापन

महिला वक्ताओं ने कहा कि जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा एवं एनडीए गठबंधन देश महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, वहीं कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, समाजवादी पार्टी के द्वारा इस महत्वपूर्ण पहल पर घटिया राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है। महिला जन आक्रोश रैली का समापन राष्ट्रहित एवं नारी सशक्तिकरण के संकल्प के साथ किया गया, जिसमें सभी ने एक स्वर में नारी सम्मान की रक्षा हेतु निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया। इस पदयात्रा में भाजपा प्रदेश सचिव भाजपा गार्गी कक्कड़, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सोनिया यादव, प्रदेश सह प्रशिक्षण प्रमुख रश्मि अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### 11 महिला एवं 40 पुरुष कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठें

# नगर निगम कर्मचारियों ने की दो दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल शुरू

**ननि कर्मचारी 1 मई से दो दिवसीय हड़ताल पर चले जाएंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद




नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर सोमवार को नगर निगम कर्मचारियों ने दो दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी है, बता दे कि 11 महिला एवं 40 पुरुष कर्मचारियों सहित 51 सफाई कर्मचारियों ने भूख हड़ताल पर बैठे सभी भूख हड़ताली कर्मचारियों को फूल मालायें पहनाकर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, नगरपालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान दलीप बोहत, जिला सचिव अनिल चिंडालिया ने सभी भूख हड़ताली कर्मचारियों को फूल मालाये पहनाकर क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठाया।

इसके बाद भोजन अवकाश के समय निगम कर्मियों ने जोरदार आक्रोश सभा नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह बालगुहेर ने की। मंच का संचालन सफाई कर्मचारियों के सचिव महेंदर कुड़िया ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व नगरपालिका कर्मचारी संघए हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग एवं राजस्व एवं आपदा प्रबधन मंत्री द्वारा कहा गया कि फायर का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। यह कथन पूर्ण रूप से अनुचित है, बल्कि जन विरोधी, कर्मचारी विरोधी एवं ईमानदार निष्ठावान जनता को समर्पित शहीद भवी चंद शर्मा व रणवीर का अपमान है। श्री शास्त्री ने कहा कि प्रदेश भर में शहरों एवं गांवों में रोजाना सैकड़ों आगजनी की घटनाओं को सरकार रोकने में पूर्ण रूप से विफल रही है, जान माल का अकूत नुकसान हो रहा है। श्री शास्त्री ने कहा कि सरकार की संवेदना जनता के प्रति शून्य हो गई है। शास्त्री ने सरकार पर भेदभाव, वायदा खिलाफी करने व समाज के सबसे गरीब, पिछड़े, दलितों में अति दलित सफाई कर्मचारियों का शोषण का भी आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा 2014 में सफाई कर्मचारियों को पक्का करने, ठेकाप्रथा समाप्त करने का वायदा करके सत्ता में आई लेकिन सरकार ने न तो सफाई कर्मचारियों को पक्का किया न हीं पक्की भर्ती की है, बल्कि प्रदेश के सफाई कर्मचारियों को 22-22 वर्ष का ठेका देकर ठेकेदारों का गुलाम और भूखमरी गरीबी लाचारी की जिंदगी जीने के लिए मजबूर कर दिया है। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान दलीप बोहत, जिला सचिव अनिल चिंडालिया व नगर निगम सफाई कर्मचारियों के प्रधान बलबीर सिंह बालगुहेर ने कहा कि कल 28 अप्रैल को भी क्रमिक भूख हड़ताल जारी रहेगी।

इसके बाद नगर निगम के कर्मचारी 1 मई से दो दिवसीय हड़ताल पर चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि नगर निगम में हड़ताल की सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। पूरे प्रदेश की पालिका, परिषद, नगर निगमों के साथ फरीदाबाद नगर निगम में भी कम काज ठप्प रहेगा। आज की भुख हड़ताल एवं आक्रोश सभा मे प्रमुख रूप से कर्मी नेता अनूप चिंडालिया राज्य सचिव, करतार जांगलान प्रधान जिला, सुभाष देशवाल वरिष्ठ नेता हरियाणा टूरिज्म, सुदेश जैनवाल, रघुबीर चौटाला जिला कोषाध्यक्ष, राकेश चिंडालिया सह सचिव, जितेन्द्र छाबड़ा कैशियर, नंद ढकोलिया वरिष्ठ उपप्रधान, राहुल चिंडालिया प्रधान सैनिटेशन स्टाफ यूनियन, विशाल पारछा सचिव, सुरेश मेलांदे, हरिसिंह खंडिया, विजय चावला, धर्मसिंह मुल्ला, राजबीर चिंडालिया, प्रेमपाल, नरेश भगवाना, दर्शन सोया, महिला नेता सुरेश देवी, ललिता, कमलेश, शकुंतला, सत्तों, राजवती, कविता, बीना, ज्ञानवती आदि शामिल रहे।

### स्थानीय लोगों ने मेयर का आभार व्यक्त किया

# मेयर ने आरसीसी ड्रेन का किया शिलान्यास , जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात



ड्रेन सिस्टम का शिलान्यास करती मानेसर नगर निगम की मेयर डॉ. इंद्रजीत कौर यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

मानेसर नगर निगम की मेयर डॉ इंद्रजीत कौर यादव ने सोमवार को वार्ड-3 में सालिग की ढ़ाणी से गांव हयातपुर तक आरसीसी ड्रेन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

इस निर्माण पर नगर निगम की ओर से एक करोड़ 31 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। ड्रेन निर्माण पूरा होने से इलाके में जलभराव की समस्या खत्म हो जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निगम क्षेत्रवासियों को सुविधाएं देने के लिए कटिबद्ध है। हर वार्ड में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। निगम का उद्देश्य केवल विकास कार्य शुरू करना नहीं, बल्कि उन्हें समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा करना भी है। उन्होंने आगे कहा कि सालिग की ढ़ाणी से हयातपुर तक जलभराव की समस्या लंबे समय से स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई थी। बरसात के मौसम में हालात और भी खराब हो जाते थे। इस आरसीसी ड्रेन के निर्माण से जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान होगा और क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था भी बेहतर होगी। मानेसर नगर निगम क्षेत्र में लगातार बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा है। मेयर ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे निर्माण कार्यों के दौरान सहयोग बनाए रखें और सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा के लिए भागीदारी सुनिश्चित करें। स्थानीय लोगों ने मेयर का आभार व्यक्त किया।

### 30 अप्रैल 2026 तक चलेगी स्व गणना प्रक्रिया

# ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में समान रूप से लागू होगी ऑनलाइन जनगणना प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि हरियाणा राज्य में स्वागणना आगामी 30 अप्रैल 2026 तक संचालित की जाएगी। उन्होंने बताया कि स्वयं अपनी स्वागणना कर इस विशेष पहल में भाग ले चुके है। उन्होंने कहा कि नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर अपनी जनगणना संबंधी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे, जो डिजिटल शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके पश्चात 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य संपन्न किया जाएगा।

डीसी आयुष सिन्हा ने बताया कि नागरिक इसे मोबाइल, टैबलेट अथवा कंप्यूटर के माध्यम से कहीं से भी उपयोग कर सकेंगे। पंजीकरण के दौरान नागरिकों को मोबाइल नंबर और ओटीपी के माध्यम से लॉगिन करना होगा, डिजिटल मानचित्र पर अपने घर का स्थान चिन्हित करना होगा तथा परिवार के सभी सदस्यों, आवास की स्थिति और उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित जानकारी दर्ज करनी होगी। जानकारी जमा करने के बाद उन्हें एक यूनिक प्रदान की जाएगी, जिसका उपयोग बाद में गणनाकर्मियों द्वारा सत्यापन के समय किया जाएगा। डीसी आयुष सिन्हा ने बताया कि स्वागणना प्रपत्र में लगभग 33 प्रश्न शामिल होंगे जिनमें परिवार के सदस्यों का विवरण, मकान का प्रकार ग्रामीण-शहरी, पेयजल, बिजली, स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाएं, शिक्षा एवं सामाजिक-आर्थिक जानकारी तथा मोबाइल नंबर अनिवार्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के दस्तावेज़ की आवश्यकता नहीं होगी और यह शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लिए समान रूप से लागू है। उन्होंने कहा कि इस बार जनगणना में इंटरनेट एवं स्मार्ट फोन के उपयोग, टीवी, रेडियो, कंप्यूटर, लैपटॉप और वाहन जैसी आधुनिक सुविधाओं से संबंधित जानकारी भी शामिल की जाएगी।

### गोष्ठी में 25 गांवों के पंच-सरपंच ने लिया भाग

# थाना छायंसा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ ने की गोष्ठी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ प्रतीक अग्रवाल द्वारा थाना छायंसा क्षेत्र के लगभग 25 गांवों के सरपंचों एवं पंचों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कानून व्यवस्था को मजबूत करना तथा पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ ने उपस्थित सरपंचों एवं गणमान्य व्यक्तियों से सीधा संवाद स्थापित किया तथा कहा कि गांवों में कानून व्यवस्था स्थापित करने एवं अपराध पर अंकुश लगाने में पुलिस विभाग का सहयोग करें। पुलिस प्रशासन हर संभव सहायता के लिये प्रतिबद्ध है। पुलिस उपायुक्त ने बैठक में मौजूद लोगों को नशे के दुष्प्रभावों एवं बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि नशा समाज के लिये एक गंभीर चुनौती है और इसको जड़ से समाप्त करने के लिये सामूहिक प्रयास की आवश्यकता हैं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने के लिये कहा गया। वहीं, साइबर ठगी से बचाव के लिये भी लोगों को सतर्क व जागरूक रहने बारे जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही साइबर अपराध पर प्रहार करने का एक सटीक हथियार है। किसी भी अनजान को अपने बैंक खाता से संबंधित सूचना व ओटीपी शेयर ना करें।

### अवैध संबंधों के चलते की हत्या

# लिव-इन पार्टनर के प्रेमी ने साथी के साथ मिलकर की डिलीवरी बॉय की हत्या, शव संदूक में छिपाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



सेक्टर-53 थाना एरिया स्थित बंजारा मार्केट की झुग्गी में डिलीवरी बॉय की हत्या के मामले में सेक्टर-43 पुलिस ने दो आरोपियों को काबू कर लिया है। डिलीवरी बॉय की हत्या उसकी लिव-इन पार्टनर के प्रेमी ने अपने साथी के साथ मिलकर की थी। जिसके बाद शव को संदूक में छुपा दिया था। अवैध संबंधों के चलते वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। दरअसल, 26 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली कि बंजारा मार्केट की झुग्गी में मर्डर हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस को एक लोहे के संदूक में 24 वर्षीय युवक का शव मिला। जिसकी पहचान बिहार के सहरसा निवासी अमन के रूप में हुई। पुलिस ने एफएसएल व फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों से घटनास्थल का निरीक्षण कराया। शव पुराना लग रहा था। मृतक के भाई ने बताया कि अमन बंजारा मार्केट की झुग्गी में सुनीता नाम की महिला के साथ रहता था।

### कमिश्नर ने किया लोकार्पण, कहा अगले वर्ष सभी पुलिस चौकियों को सुविधाओं से लैस किया जाएगा

# कविनगर थाना हुआ अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद के प्रमुख थानों में से एक कविनगर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हो गया है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड, ने सोमवार को थाने का लोकार्पण किया।




थाना कविनगर को आधुनिक सुविधाओं, हाई-टेक सिस्टम और जन-सुलभ सेवाओं पर विशेष ध्यान देते हुए जन सहयोग से पुनर्विकसित किया गया है । इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर ने बताया कि थाने में तमाम अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। यह पुनर्निर्माण गाजियाबाद पुलिस की उस व्यापक योजना का हिस्सा है जिसके तहत वर्ष के अंत तक सभी थानों का आधुनिकीकरण किया जाएगा तथा अगले वर्ष सभी पुलिस चौकियों को भी आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा । थाना कविनगर का उद्घाटन गाजियाबाद पुलिस की जन-मित्र पुलिसिंग, प्रौद्योगिकी आधारित सेवाओं और प्रत्येक नागरिक के लिए सुरक्षित एवं भरोसेमंद वातावरण प्रदान करने की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है ।

**आरामदायक कुर्सियां और सोफे लगाए**

- **आधुनिक प्रतीक्षालयः-** आरामदायक बैठने की व्यवस्थाः प्रतीक्षालय में पर्याप्त संख्या में कुर्सियाँ और सोफे लगाए गए हैं ताकि आने वाले नागरिकों को खड़े होकर इंतजार न करना पड़े।
- **स्वच्छता और सुव्यवस्थाः** पूरे हॉल में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया है। नियमित हाउसकीपिंग और कचरा निपटान की व्यवस्था की गई है।
- **उचित प्रकाश और वेंटिलेशनः** प्रतीक्षालय में प्राकृतिक रोशनी और हवा के लिए बड़े खिड़कियाँ बनाई गई हैं, साथ ही आधुनिक एलईडी लाइट्स और पंखों/एयर-कंडीशनिंग की सुविधा भी दी गई है।
- **सूचना एवं मार्गदर्शनः** नागरिकों को आवश्यक जानकारी देने के लिए डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड और सूचना पटल लगाए गए हैं।
- **मूलभूत सुविधाएँः** पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय और दिव्यांगजन के लिए रैंप जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई गई हैं।
- **सकारात्मक माहौलः** दीवारों पर प्रेरणादायक संदेश और रंगीन सजावट की गई है ताकि प्रतीक्षा करते समय नागरिकों को सहज और सकारात्मक अनुभव मिले।
- **मिशन शक्ति केंद्रः-** महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यानः केंद्र में प्रशिक्षित महिला पुलिसकर्मी और परामर्शदाता मौजूद रहते हैं, जो किसी भी प्रकार की शिकायत या समस्या को तुरंत सुनते और उसका समाधान करने का प्रयास करते हैं।

### ध्वनि मत से सर्वसम्मति से दिया समर्थन

# नगर निगम सदन में पेश किया नारी शक्ति वंदन अधिनियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम गाजियाबाद के प्रथम सदन में महापौर सुनीता दयाल द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रस्तुत किया गया, जिसे सदन में उपस्थित सभी पार्षदों ने दोनों हाथ उठाकर ध्वनि मत से सर्वसम्मति समर्थन प्रदान किया। महापौर ने अपने संबोधन में इसे महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक एवं दूरगामी पहल बताते हुए कहा कि यह अधिनियम लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी को और अधिक सुदृढ़ करेगा। प्रस्ताव समर्थन की शुरुआत महिला पार्षदों द्वारा की गई, जिसके उपरांत अन्य पार्षदों ने क्रमशः अपने विचार रखते हुए अधिनियम के पक्ष में समर्थन व्यक्त किया और विषय का विस्तार किया। इसी क्रम में नामित पार्षद प्रदीप चौधरी ने अपनी प्रथम सदन उपस्थिति में महापौर सुनीता दयाल, मलिक सहित उपस्थित सभी अधिकारीगण एवं सदन में मौजूद पार्षद भाई-बहनों को सादर नमन किया। तदोपरांत अधिनियम के समर्थन में मुखर होते हुए कहा नगर निगम के प्रत्येक वार्ड में महिला सुरक्षा, सहभागिता एवं सशक्तिकरण के लिए ठोस एवं समयबद्ध कार्ययोजना लागू करने तथा उसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमित समीक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

**दिल्ली ट्रांस्को लिमिटेड**

**ई-निविदाएं आमंत्रण सूचना**

दिल्ली ट्रांस्को लि. (राराक्षे दिल्ली सरकार का उपक्रम) निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करता है :

निविदा संख्या T25P131641 : प्रिफैब बिल्डिंग आरपीएच, डीटीएल में टायलेट ब्लॉक्स की आंतरिक बाहरी मरम्मत/फिनिशिंग और पुनरोद्धार।

निविदा के पूर्ण विवरण के लिए कृपया निम्नलिखित वेबसाइट्स देखें:- https://govtprocurement.delhi.gov.in (निविदा आईडी संख्याः 2026_DTL_290336_1) और www.dtl.gov.in के साथ यूनिक नंबर DTL-9981-240426.

बोली जमा करने की अंतिम तिथि : 21.05.2026 13:00 बजे।

**इस ई-निविदा के सभी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/ संशोधन/ विस्तार की तिथि/स्पष्टीकरण इत्यादि केवल उपर्युक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाएंगे। बोलीदाताओं को स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट पर पधारना चाहिए।**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संतोष** पुत्र राम शाह निवासी नीतू फार्म हाउस, हेलीपैड के पास, कराला, प्रेम नगर, रोहिणी, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 28043/2020 धारा 379/411 भा.दं.सं. थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **संतोष** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **संतोष** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा **धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता** की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 28043/2020 धारा 379/411 भा.दं.सं. थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संतोष** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **29.05.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: सुश्री भारती बेनीवाल, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-05 (उत्तर), कक्ष संख्या-114, प्रथम मंजिल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली।**

DP/5446/ON/2026

## खबर संक्षेप

### बिहार से डेपुटेशन पर दिल्ली गए दो आईएएस



**पटना।** बिहार कैडर के दो आईएएस अधिकारियों को राज्य सरकार ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए रिलीव कर दिया है। आईएएस अनुपम कुमार व बंदना प्रेयषी को सेंट्रल डेपुटेशन पर दिल्ली भेजा गया है। अनुपम कुमार को केंद्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय में संयुक्त सचिव, वहीं बंदना प्रेयषी केंद्रीय उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय में संयुक्त सचिव उर्वरक बनाई गई हैं।

### झारखंड ट्रेजरी घोटाले में गिरफ्तारियां शुरू

**रांची।** बोकारो में कोषागार से अवैध वेतन निकासी मामले की



जांच कर रही सीआईडी की विशेष जांच टीम ने एसपी कार्यालय बोकारो के अकाउंट सेक्शन में प्रतिनियुक्त गृह रक्षा वाहिनी के जवान सतीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।वह पूर्व में गिरफ्तार मुख्य आरोपित लेखापाल कौशल कुमार पांडेय का सहयोगी था। जांच में गिरफ्तार सतीश कुमार सिंह के खाते में लगभग 1.06 करोड़ रुपए के संदिग्ध लेन-देन की पुष्टि हुई है।

### छेड़खानी के विरोध पर पिटाई से युवक की मौत



**संतकबीरनगर।** जिले के धनघटा थाना क्षेत्र के गायघाट गांव में बारात की रवानगी के समय डीजे पर डांस कर रही लड़कियों से गांव के ही युवकों ने छेड़खानी कर दी। विरोध करने पर दबंगों ने दो युवकों की पिटाई कर दी। उनमें से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक का इलाज चल रहा है।

## बंगाल रवाना होने से पहले सीएम योगी ने निभाया जनसेवा का वादा, बोले-

# अब नहीं चलेगी अफसरों की हीलाहवाली, फरियादियों को समस्या के समाधान का दिया भरोसा, बच्चों को दिया चॉकलेट, दुलारा भी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में प्रदेशभर से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को तय समय सीमा में समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लापरवाही नहीं चलेगी। बच्चों को चॉकलेट देकर दुलार भी किया। इसके बाद मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल चुनाव प्रचार के लिए रवाना हुए।

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन प. बंगाल रवाना होने से पहले जनसेवा का संकल्प भी पूरा किया। मुख्यमंत्री ने सोमवार सुबह 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से आए फरियादियों की पीड़ा सुनी और अधिकारियों को संवेदनशील होकर जनता की समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया।



### संवेदनशील होकर समस्याओं का कराएं समाधान

मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में आए सभी फरियादियों से मुलाकात की। एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं, प्रार्थना पत्र लिया, फिर अधिकारियों को समय सीमा के भीतर समाधान कराने को कहा। राजस्व व पुलिस से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि हीलाहवाली नहीं चलेगी, समयसीमा के भीतर समस्याओं का समाधान करके पीड़ित को सूचित करना होगा।

### अपने जनपद में अधिकारियों से मिलें, बेतहाशा गर्मी में न हों परेशान

'जनता दर्शन' में आए कुछ फरियादियों से मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या जनपद में किसी अधिकारी से मिलकर आपने समस्या बताई? पता चला-नहीं, इस पर मुख्यमंत्री ने फरियादियों से कहा कि बेतहाशा गर्मी में आप परेशान न हों। पहले अपने जनपद में तैनात अधिकारियों से पीड़ा बताएं। हर हाल में सुनवाई होगी और समस्या का यथोचित समाधान भी। मुख्यमंत्री ने सभी से अपील की कि धूप-गर्मी में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### परिवार के साथ आए बच्चों पर लुटाया स्नेह

मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में परिजनों के साथ आए बच्चों पर अपना स्नेह लुटाया। उन्हें चॉकलेट के साथ आशीर्वाद भी दिया। मुख्यमंत्री ने मां की गोद में बैठे बच्चों से पूछा-चॉकलेट चाहिए तो एक बच्चे ने मुस्कुराकर अभिव्यक्ति दी, इस पर मुख्यमंत्री ने उसे चॉकलेट दी। चॉकलेट पाकर बच्चा खिलखिला उठा।

## यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले-

# बंगाल का उत्साह बता रहा- माफियाराज, टेरर और कटमनी की सरकार से मिलेगी मुक्ति

सीएम योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के कल्याणी में भाजपा उम्मीदवार अनुपम विश्वास के लिए रोड शो किया, जहां भारी भीड़ उमड़ी। उन्होंने बंगाल में 'माफियाराज, कटमनी और आतंक' की सरकार खत्म कर डबल इंजन सरकार लाने का आश्वासन दिया।

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

पश्चिम बंगाल के कल्याणी विधानसभा क्षेत्र की सड़कें सोमवार को 'वंदे मातरम, भारत मां, जयश्रीराम, हिंदू सम्राट, बुलडोजर बाबा' के जयकारों से गूंज उठीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां भाजपा उम्मीदवार अनुपम विश्वास के लिए चुनावी रथ पर रोड-शो करने निकले तो जैसे जनसमुद्र उमड़ पड़ा।

सड़कों पर हजारों युवा एवं बुजुर्ग अपने लोकप्रिय नेता की झलक मोबाइल में कैद करते दिखाई दिए तो छतों पर खड़ीं महिलाएं हाथ जोड़कर 'योगी-योगी' के नारे लगाती दिखीं। बंगाल में 'बुलडोजर बाबा' के नाम से पुकारे जा रहे सीएम योगी ने भी सड़कों पर उमड़े लोगों पर बीच-बीच में पुष्पवर्षा की। सीएम योगी के साथ भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद तेजस्वी सूर्या भी उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- बुलडोजर बाबा' के नारों से सड़कें गूंजी, लोगों में उत्साह
- कल्याणी में सीएम योगी का भव्य रोड शो, जनसैलाब उमड़ा



### भगवान, भगवा और भाजपा नेतृत्व में 'विश्वास' की जीत का आश्वासन

सीएम योगी के रथ के आगे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, मां सीता, लक्ष्मण व संकटमोचन हनुमान के वेष में कलाकार चल रहे थे। आध्यात्मिक धरा पर इस वेशभूषा में कलाकारों को देख हर कोई उनके प्रति श्रद्धा निवेदित करता रहा। वहीं पूरे रोड-शो के मार्ग में भगवा व भाजपा का ध्वज फहराता दिखाई दिया। कल्याणी विधानसभा क्षेत्र में उमड़े जनसैलाब ने एक तरह से सीएम योगी को आश्वस्त किया कि यहां 'भगवान', भगवा व भाजपा के नेतृत्व में आपके विश्वास (भाजपा प्रत्याशी अनुपम विश्वास) की ही जीत होगी।

### बुलडोजर को बनाएं दंगाइयों का काल

15 वर्ष से तृणमूल कांग्रेस की अराजकता से परेशान बंगाल के नागरिक सुशासन की आस में योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जयश्रीराम का उद्घोष करते दिखे। बीच-बीच में 'वंदे मातरम, भारत मां, हिंदू सम्राट, बुलडोजर बाबा' की जयकार से गूंज रहे कल्याणी विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सीएम योगी से कह रहे थे कि बुलडोजर को दंगाइयों का काल बनाएं। सीएम योगी ने भी आश्वस्त किया कि 4 मई के बाद बंगाल में माफियाराज समाप्त हो जाएगा।

### यूपी में माफिया-करप्शन समाप्त बंगाल में भी यही होगा

सीएम ने कहा कि ममता दीदी गुमराह करती थीं, लेकिन मैं कह रहा हूं कि अब बंगाल में खेला शेष, उन्नयन शुरू। बंगाल को फिर से उन्नयन-विकास के पथ पर अग्रसर करने के लिए 4 मई को मोदी जी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार आएगी। उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार ने माफिया, करप्शन को समाप्त किया और जो बचा था, उसे बुलडोजर ने पूरा किया।

## बिहार में सरकारी कार्यक्रमों के लिए नई गाइडलाइन

# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् से शुरुआत बिहार गीत के साथ होगा समापन



एजेंसी ▸▸ पटना

बिहार में अब सभी सरकारी कार्यक्रमों की शुरुआत राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" से होगी। इसके तुरंत बाद राष्ट्रीय गान प्रस्तुत किया जाएगा और फिर निर्धारित कार्यक्रम शुरू होंगे। कार्यक्रम का समापन बिहार राज्य गीत के साथ किया जाएगा।

इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव मो. सोहैल ने सभी विभागीय प्रमुखों, पुलिस महानिदेशक, प्रमंडलीय आयुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में सरकारी कार्यक्रमों और शैक्षणिक संस्थानों में गीतों के गायन का क्रम भी तय किया गया है।

### शैक्षणिक संस्थानों में दिन की शुरुआत राष्ट्रीय गीत से होगी

नई व्यवस्था के तहत सभी शैक्षणिक संस्थानों में भी दिन की शुरुआत राष्ट्रीय गीत से होगी, जिसके बाद राष्ट्रगान गाया जाएगा। इसके बाद संस्थानों का नियमित संचालन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। विभाग ने अधिकारियों को इन निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने को कहा है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 28 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय गीत के सम्मान और उसके गायन को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए थे।

### सरकारी जमीन पर बने सभी अवैध मकान ध्वस्त किए जाएंगे

इधर, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि सरकारी जमीन पर बने सभी अवैध मकान और भवन ध्वस्त किए जाएंगे, चाहे वे किसी के भी हों। उन्होंने बताया कि उन्हें सूचना मिली है कि तारापुर स्थित उनके घर की सीढ़ी भी प्रशासन द्वारा तोड़ी जा रही है, जो इस बात का संकेत है कि सरकारी जमीन को हर हाल में अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

## पेज एक का शेष

### हरियाणा विशेष सत्र...

कहा जा सकता है। आचार संहिता लागू होने के बावजूद विशेष सत्र बुलाए जाने पर उठे सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पूर्णतः विधायी विषय है और इसमें कुछ भी असंवैधानिक नहीं है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि लोकसभा का भी विशेष सत्र बुलाया गया था, इसलिए इस पर आपत्ति करना निराधार है। उन्होंने बताया कि इस सत्र में "हरियाणा लिपिकीय सेवा (भर्ती और सेवा की शर्तें) विधेयक, 2026" पर चर्चा कर इसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस विधेयक के माध्यम से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए पदोन्नति प्रक्रिया को अधिक सरल, तेज और न्यायसंगत बनाया गया है। साथ ही, लिपिक पद पर पदोन्नति का कोटा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत करने का प्रावधान किया गया है, जिससे अधिक कर्मचारियों को अवसर मिल सकेगा। सैनी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के विधायक सदन में उपस्थित नहीं हुए और उन्होंने सदन के बाहर डुपलीकेट सेशन चलाया, जो नियमों के विरुद्ध और पूरी तरह असंवैधानिक है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति अनादर का आरोप लगाते हुए कहा कि महिलाओं को उनका अधिकार देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

### भारत-न्यूजीलैंड...

**साझा मूल्यों, महत्वाकांक्षा का प्रतीक :** पीएम मोदी ने कहा, यह समझौता हमारी विकासात्मक साझेदारी को अभूतपूर्व गति प्रदान करेगा। इससे विकास के नए मार्ग खुलेंगे, अवसर उत्पन्न होंगे और अलग-अलग क्षेत्रों में हमारी सहक्रिया गहरी होगी। एफटीए दोनों राष्ट्रों को बांधे रखने वाले गहन विश्वास, साझा मूल्यों और महत्वाकांक्षा को प्रतिबिंबित करता है। न्यूजीलैंड द्वारा आने वाले 15 वर्षों में भारत में 20 बिलियन डॉलर के निवेश को लेकर प्रतिबद्धता जताई गई है। जो कृषि, विनिर्माण, नवाचार और प्रौद्योगिकी में द्विपक्षीय सहयोग को और अधिक मजबूती देगा। इससे दोनों देशों के लिए एक अधिक समृद्ध और गतिशील भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा।

### किसानों के हित...

ने कहा कि हमने देश के किसानों और पशुपालकों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं है। उनके हितों को पूरी तरह से सुरक्षित रखा गया है। भारत विकसित देशों के लिए घरेलू और वैश्विक बाजारों के लिए बड़े पैमाने पर विनिर्माण का एक केंद्र बनता जा रहा है। उन्होंने न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री मैक्ले द्वारा अपने देश की क्रिकेट टीम की पीयूष गोयल लिखी हुई एक टी-शर्ट भेंट करने के लिए उनका धन्यवाद दिया।

### अटकी 166 यात्रियों...

अनुपयोगी घोषित कर दिया। नतीजतन, भोपाल से मुंबई जाने वाली वापसी फ्लाइट एआई 634 (जिसमें 178 यात्रियों की बुकिंग थी) को रद्द कर दिया गया। एयर इंडिया ने इसे ऐहतियाती कदम बताया, ताकि विमान की पूरी जांच हो सके और खराबी ठीक की जा सके। एयरलाइन ने सभी यात्रियों को होटल, खाने-पीने और वैकल्पिक उड़ानों की व्यवस्था कर दी। यह घटना नवंबर 2025 में हुई इसी तरह की एक और एयर इंडिया घटना की याद दिलाती है, जब दिल्ली-बेंगलुरु फ्लाइट को कार्गो होल्ड में खराबी की चेतावनी के कारण भोपाल में ही उतरना पड़ा था।
**डीजीसीए को भी रिपोर्ट भेजी गई :** एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को तकनीकी खराबी की सूचना मिलते ही एयर इंडिया की टीम ने तुरंत एक्शन लिया। एटीसी, एयरलाइन ग्राउंड ऑपरेशंस, सीआईएसएफ और हवाई अड्डे की फायर एंड रेस्क्यू टीम के बीच बेहतरीन समन्वय बना रहा। एयर इंडिया ने अभी तक खराबी की सटीक वजह नहीं बताई है। आमतौर पर ऐसी घटनाओं में इंजन, हाइड्रॉलिक सिस्टम, इलेक्ट्रिकल फॉल्ट या सेंसर की समस्या हो सकती है। विमान को ग्राउंडेड रखकर पूरी जांच की जा रही है। डीजीसीए को भी रिपोर्ट भेज दी गई है।

### 142 सीटों के...

मतदान कराए जाएंगे। इस चरण में कुल 1,448 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इस चरण में कोलकाता उत्तर, कोलकाता दक्षिण, हावड़ा, नादिया, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, हुगली और पूर्वी बर्धमान विधानसभा क्षेत्रों सहित आठ चुनावी जिलों में अंतिम चरण में मतदान होगा। चुनाव आयोग ने मतदान को हिंसा और भय से मुक्त रखने तथा स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से कराने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। कोलकाता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में चुनाव अधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और केंद्रीय बलों के कमांडरों ने तैयारियों का जायजा लिया। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने स्पष्ट चेतावनी दी कि फर्जी वोटिंग या बूथ कैप्चरिंग की अनुमति किसी भी कीमत पर नहीं दी जाएगी। मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को आने की इजाजत नहीं होगी।

### भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष...

नवीन ने भाजपा के विकास यात्रा का जिक्र करते हुए कहा, 'एक समय था जब भाजपा केवल दो सांसदों वाली पार्टी थी और लोग हमारा मजाक उड़ाते थे, लेकिन आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है और देश के 21 राज्यों में हमारी सरकारें हैं।' उन्होंने 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को दोहराते हुए कहा कि इस संकल्प को पूरा करने के लिए पार्टी को उसी निरंतरता और समर्पण के साथ आगे बढ़ाना होगा, जैसा पूर्वजों ने किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को आत्मसात करने पर भी जोर दिया। पश्चिम बंगाल के संदर्भ में उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम और जनता के समर्थन से राज्य में परिवर्तन की लहर है और आगामी 4 मई को 'कमल खिलने' का विश्वास व्यक्त किया। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने राजनीति को 'मैराथन' बताते हुए कहा कि इसमें निरंतरता, धैर्य और समर्पण की जरूरत होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे लगातार मेहनत करते हुए पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में योगदान दें।

### बांग्लादेश में भारत...

देश के मौजूदा उच्चायुक्त प्रणय वर्मा की जगह लेंगे। जिन्हें मंत्रालय ने बेल्जियम और यूरोपीय संघ (ईयू) में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया है। जल्द ही वर्मा ब्रसेल्स में अपने इस नए दायित्व को संभालेंगे।
**2021 में त्रिवेदी ने थामा भाजपा का दामन :** 2012 में रेल यात्रा किराए में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को लेकर हुए राजनीतिक विवाद के बाद दिनेश त्रिवेदी को रेल राज्य मंत्री के पद से इस्तीफा देना पड़ा था। फिर इसी साल के फरवरी महीने में उन्होंने तृणमूल कांग्रेस से इस्तीफा दिया और उसके बाद मार्च 2021 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे। वर्तमान में उनकी आयु 75 वर्ष से अधिक है। भाजपा की ओर से बीते 19 अप्रैल को ही दिनेश त्रिवेदी को बांग्लादेश में भारत का नया उच्चायुक्त बनाने को लेकर 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए बधाई दे दी गई थी।

### भाजपा और आप ...

चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि पंजाब हमेशा से दुश्मन देशों और राष्ट्रविरोधी ताकतों के निशाने पर रहा है। अलगाववादी ताकतें लगातार यह दावा करती रही हैं कि पंजाब के लोगों की आवाज नहीं सुनी जाती और उन्हें न्याय नहीं मिलता। उन्होंने सवाल उठाया कि जब भाजपा की कार्रवाई खुद इस प्रचार को मजबूत करती दिख रही है, तो ऐसी ताकतों के दुष्प्रचार का मुकाबला कैसे किया जाएगा।
**पंजाब में नशा और गैंगस्टर संस्कृति बढ़ रही :** उन्होंने कहा कि पंजाब में इस समय नशे की व्यापक समस्या और गैंगस्टर संस्कृति तेजी से बढ़ रही है। इतिहास गवाह है कि ये दोनों स्थितियां चरमपंथ और आतंकवाद की जमीन तैयार करती हैं। माकन ने 1980 के दशक के दर्दनाक दौर को याद करते हुए कहा कि पंजाब एक बार फिर गंभीर संकट के मुहाने पर खड़ा दिखाई दे रहा है, क्योंकि राज्य नशाखोरी और गैंगस्टर संस्कृति दोनों की गिरफ्त में है।
**आप अरबपतियों और धनकुबेरों की पार्टी :** कांग्रेस कोषाध्यक्ष ने आम आदमी पार्टी पर भी तीखा हमला करते हुए कहा कि अब यह पूरी तरह स्पष्ट हो चुका है कि यह पार्टी आम लोगों की नहीं, बल्कि अरबपतियों और धनकुबेरों की पार्टी है। उन्होंने खुलासा किया कि हाल ही में भाजपा में शामिल हुए आप के सात राज्यसभा सांसदों की औसत संपत्ति 818 करोड़ रुपये से अधिक है। यह तथ्य अपने आप में साबित करता है कि आप वास्तव में "मनीबैग्स" और अरबपतियों की पार्टी बन चुकी है।

### पैसे लेकर राज्यसभा ...

गई। अजय माकन ने दोहराया कि आम आदमी पार्टी भाजपा द्वारा खड़ी की गई एक "प्रॉक्सी पार्टी" है। उन्होंने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल ने देश के दो सबसे ईमानदार और सक्षम प्रशासकों—पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और पूर्व दिल्ली मुख्यमंत्री शीला दीक्षित—को बदनाम करने का काम किया। माकन ने कहा कि भाजपा सीधे तौर पर इन नेताओं के खिलाफ कुछ नहीं कर सकी, इसलिए उसने केजरीवाल का इस्तेमाल कर उन्हें बदनाम कराया। उन्होंने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी केवल उन्हीं राज्यों में चुनाव लड़ती है, जहां कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला होता है, ताकि कांग्रेस के वोट काटकर भाजपा को फायदा पहुंचाया जा सके। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि गुजरात में आप ने मुख्य रूप से उन्हीं सीटों पर उम्मीदवार उतारे, जहां कांग्रेस जीत की स्थिति में थी। इसी तरह हरियाणा विधानसभा चुनाव से ठीक पहले, जब अरविंद केजरीवाल को जमानत मिली, तो उन्होंने तुरंत घोषणा कर दी कि आप सभी 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। माकन ने कहा कि आप का वोट शेयर बहुत कम रहा, लेकिन वह लगभग उतना ही था जितना कांग्रेस और भाजपा के वोट शेयर के बीच का अंतर था, जिससे भाजपा को अप्रत्यक्ष लाभ मिला। कांग्रेस नेता ने यह भी आरोप लगाया कि केजरीवाल को दिल्ली में सरकारी आवास तुरंत उसी समय मिल गया, जब अशोक मित्तल—जिनके घर में वह रह रहे थे—भाजपा में शामिल हो गए। माकन ने कहा कि भाजपा और आप के बीच की सांठगांठ अब पूरी तरह उजागर हो चुकी है और देश की जनता समझ चुकी है कि दोनों दल पर्दे के पीछे मिलकर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस "फिक्स्ड मैच" को जनता के सामने लगातार उजागर करती रहेगी।

## झारखंड माध्यमिक आचार्य नियुक्ति विवाद

# जेएसएससी की दलीलों पर एकल पीठ का अंतरिम राहत





एजेंसी ▸▸ रांची

झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को माध्यमिक आचार्य नियुक्ति से जुड़े विवाद पर महत्वपूर्ण सुनवाई हुई। जस्टिस दीपक रोशन की एकल पीठ ने अर्चना कुमारी एवं अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की अंतरिम राहत देने से साफ इंकार कर दिया। अदालत ने मामले की गंभीरता और इससे जुड़े तकनीकी पहलुओं को देखते हुए इसे खंडपीठ में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया है, जहां इसे इसी मुद्दे से संबंधित 'तालेश्वर महतो' की जनहित याचिका के साथ सुना जाएगा।

### एक ही प्रकृति के मामले पर जेएसएससी की दलील

सुनवाई के दौरान झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरावाल ने पुरजोर तरीके से अपना पक्ष रखा। उन्होंने अदालत को सूचित किया कि याचिकाकर्ताओं ने जो मुद्दे उठाए हैं, वे पहले से ही तालेश्वर महतो बनाम झारखंड राज्य मामले में विचाराधीन हैं। उन्होंने तर्क दिया कि जब खंडपीठ पहले से इस मामले को देख रही है, तो अलग-अलग अदालतों में एक जैसी सुनवाई असामनता पैदा कर सकती है।



## श्रद्धालुओं से भरी कार ट्रक में घुसी

# 2 की दर्दनाक मौत, 3 घायल, ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज

एजेंसी ▸▸ आजमगढ़

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर तहबरपुर थाना क्षेत्र के ददरा गांव के निकट सोमवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई। श्रद्धालुओं से भरी एक कार अचानक आगे चल रहे ऑक्सीजन सिलिंडर लदे ट्रक में घुस गई। इस हादसे में गाजीपुर के जखनिया थाना क्षेत्र के अल्लीपुर मदरा गांव की निवासी 48 वर्षीय सुनीता सिंह और भुडकुड़ा थाना क्षेत्र के बुढानपुर गांव के निवासी 50 वर्षीय रजनीश पांडेय की मौत हो गई। हादसे के समय कार चला रहे सुनीता सिंह के पति 55 वर्षीय अखिलानंद तिवारी, संजय पांडेय और उनकी पत्नी रानी पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और यूपीडा के राहतकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा के मुद्दे को उजागर किया है। स्थानीय प्रशासन ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे सड़क पर सावधानी बरतें और यातायात नियमों का पालन करें।

## बिहार में शराबबंदी के 10 साल, 17 लाख गिरफ्तारी

कानून व्यवस्था और राजस्व संग्रह दोनों में बेहतर परिणाम मिले

# 11 लाख केस, एक साल में 8,403.46 करोड़ राजस्व वसूली कर बनाया रिकॉर्ड

एजेंसी ▸▸ पटना

बिहार सरकार के मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में डिप्टी सीएम और मद्य निषेध विभाग के मंत्री विजेंद्र यादव मौजूद थे। इस दौरान विभाग की नई रिपोर्ट में दो बड़ी उपलब्धियां सामने आई हैं। एक ओर शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई है। दूसरी ओर निबंधन विभाग ने राजस्व वसूली में नया रिकॉर्ड बनाकर राज्य की आय बढ़ाने में बड़ी सफलता हासिल की है। सरकार का दावा है कि तकनीक और पारदर्शी व्यवस्था की बदौलत कानून व्यवस्था और राजस्व संग्रह दोनों में बेहतर परिणाम मिले हैं।

### बेहतर कार्यप्रणाली से मिली उपलब्धि

निबंधन विभाग के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2025-26 में 8,403.46 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। सरकार ने 8,250 करोड़ रुपए का लक्ष्य तय किया था, लेकिन विभाग ने लक्ष्य से अधिक 101.86 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की। यह प्रदर्शन विभाग की बेहतर कार्यप्रणाली और डिजिटल व्यवस्था को दर्शाता है।



### तकनीक के सहारे तस्करी पर नकेल

शराब तस्करी रोकने के लिए सरकार आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर रही है। दियारा और नदी क्षेत्रों में निगरानी के लिए 42 ड्रोन और 12 स्पीड मोटर बोट लगाए गए हैं। इसके अलावा राज्यभर में 84 चेक पोस्ट बनाए गए हैं, जिनमें 67 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट हैं। सभी चेक पोस्ट सीसीटीवी कैमरों से लैस हैं। मार्च 2026 तक जब्त अवैध शराब का लगभग 98 प्रतिशत हिस्सा नष्ट किया जा चुका है।

### शराबबंदी कानून के तहत लाखों कार्रवाई

सरकार की रिपोर्ट के मुताबिक, 1 अप्रैल 2016 से 31 मार्च 2026 तक शराबबंदी कानून के तहत कुल 11 लाख 37 हजार 731 मामले दर्ज किए गए। इस दौरान 17 लाख 18 हजार 58 लोगों को गिरफ्तार किया गया। यह आंकड़े बताते हैं कि राज्य में शराबबंदी कानून को लागू कराने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।



नई दिल्ली, मंगलवार
28 अप्रैल 2026
हरिभूमि
# सहेली

विशेषः विश्व हास्य दिवस, 3 मई

क्या आप हमेशा अपने काम में डूबी रहती हैं-काम.. काम.. बस काम। हंसी-ठिठोली से दूर, चेहरे पर जरा-सी भी मुस्कान नहीं। एक असहज जीवन, बोझिल-सा मन। यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है। हंसिए जरूर। हंसी मन को संभालती है, तनावमुक्त रखती है, एक सुकून देती है। हंसी हमें सहज-सरल बनाती है। इतना ही नहीं, हंसी रिश्तों को भी जोड़ कर रखती है। हंसी हमें प्रफुल्लित रख जीवन को जीवंत बनाती है।

## हंसो-हंसाओ बने रहो जीवंत

कवर स्टोरी



कल्पना मनोरमा, साहित्यकार

जन्म लिया बच्चा जो बोल नहीं पाता, वह मुस्कुराता है, हंसता है, इसी के जरिए दुनिया से अपना पहला रिश्ता बनाता है। शायद इसी कारण हंसी मात्र एक भाव नहीं, संवाद का एक खूबसूरत जरिया भी है। एक समय था, जब रिश्तों के भीतर हंसी-ठिठोली किसी जीवंत तंतु की तरह फैली रहती थी, जो उन्हें भीतर से जोड़े रखती थी। ऐसा भी नहीं है तब कामों की थकान और शिकायतें नहीं होती थीं, लेकिन इन सब पर भारी पड़ती थी-हंसी। यही हंसी, थके शरीर को एक राहत देती थी।

### हंसी के लिए नहीं चाहिए होता था खास मौका

पहले के समय में हंसी किसी खास मौके की मोहताज नहीं होती थी, वह तो रोजमर्रा की गतिविधियों में घुली-मिली रहती थी। हंसी एक ऐसा संवाद होता था, जिसमें चलते-फिरते सब शामिल हो जाते थे-छोटा, बड़ा, बूढ़ा और जवान। हर किसी के पास हंसी का अपना एक किस्सा, एक अंदाज होता था। घर के आंगन में चार औरतें बैठीं नहीं कि बातें शुरू, इन बातों के बीच हंसी अपने आप जन्म ले लेती थी। दो लोगों को हंसते देख कब स्वयं भी हंसी का फव्वारा फूट पड़ता, पता ही नहीं चलता था। इस तरह हंसी हमें आपस में जोड़ती थी।



### हंसी रिश्तों में घोलती थी मिठास

देवर-भाभी का रिश्ता तो जैसे हंसी का सबसे प्यारा संग-साथ होता था। नई बहू घर में आती, तो देवरों की शरारतें शुरू हो जातीं-कोई रास्ता रोक लेता, कोई नाम बिगाड़ देता, कभी खुद ही ऐसी बात कह बैठते कि भाभी ही नहीं, दादी, मां और बहनें भी हंसी में शामिल हो जातीं। भाभी भी कम नहीं होतीं-एक ही पंक्ति में ऐसा जवाब देती कि घर-आंगन ठहाकों से गूंज उठता। इसमें कोई मर्यादा नहीं टूटती थी- एक ऐसा अपनापन होता था, जो धीरे-धीरे रिश्तों को खोल देता था। सबसे खास बात यह होती थी कि उस समय कोई अकेला नहीं होता था। अगर किसी का चेहरा बुझा-बुझा सा दिख जाए, तो उसे यूं ही नहीं छोड़ दिया जाता। दो-चार औरतें पास बैठ जातीं और फिर शुरू हो जाती थी हल्की-फुल्की छेड़छाड़, जो धीरे-धीरे हंसी में बदल जाती। बिना समझाए, बिना समझे ही मन हल्का हो जाता था।



### महसूस होता है एक सुकून

पहले के लोग भले ही ज्यादा पढ़े-लिखे नहीं होते थे, लेकिन उन्हें जीने की समझ गहरी हुआ करती थी। उन्हें यह नहीं पता था कि हंसने से शरीर में एंडॉर्फिन बनता है या डोपामिन बढ़ता है, लेकिन इतना जरूर जानते थे कि खुलकर हंसने के बाद मन हल्का हो जाता है। आज विज्ञान बताता है कि जब हम हंसते हैं तो शरीर में ऐसे तत्व सक्रिय होते हैं, जो दर्द कम करते हैं, मन को स्थिर रखते हैं और तनाव घटाते हैं। साथ बैठकर हंसने से अपनापन बढ़ता है, भरोसा मजबूत होता है। यही कारण है कि खुलकर हंसने के बाद एक सुकून-सा महसूस होता है।

### हंसी की जरूरत पहले से कहीं अधिक

आज मनुष्य पहले से अधिक सक्षम है, मजबूत है, लेकिन कहीं न कहीं पहले से ज्यादा अकेला भी हो गया है। वह सब कुछ संभाल रहा है, पर किसी से अपने मन की कहने का अवसर उसे कम मिलता है। ऐसे समय में हंसी की जरूरत पहले से कहीं अधिक है। जरूरत यह नहीं कि हम पुराने समय में लौट जाएं, बल्कि यह है कि हंसी जैसी सरल और सुंदर आदत को फिर से अपने व्यवहार में जगह दें, मिलकर हंसने की आदत डालें। लोगों से संवाद करें। अपनी बात कहें, दूसरों की सुनें और बीच-बीच में खुलकर हंसें भी। रोज नहीं तो हफ्ते में एक दिन ही सही, थोड़ा समय अपनों के लिए निकालें, उनके साथसाथ बैठें, बिना किसी खास वजह के बातें करें। और अगर कोई चुप दिखाई दे, तो उसके पास जाकर बैठें, क्योंकि सच यही है कि सिर्फ बातों से किसी का दुख-तनाव कम नहीं किया जा सकता। कई बार एक सहज, साझा हंसी ही मन का सबसे बड़ा सहारा बन जाती है। हास्य दिवस हमें यही याद दिलाता है कि हंसी कोई व्यर्थ चीज नहीं है। हंसी में जीवन को हल्का करने की ताकत है, रिश्तों को जोड़ने की ताकत है और मन को संभालने का सबसे सरल उपाय भी यही है।

आइए, हम फिर से अपने जीवन में हंसी के लिए जगह बनाएं। आंगन छोटा हो तो क्या, दिल बड़ा रखें। हम बैठकी सजाएं, ठहाके लगाएं और एक-दूसरे से दिल की कहें, मौज-मस्ती करें, चुहलबाजी करें और हंसते रहें। क्योंकि अंत में हमारे साथ जो रह जाता है, वह केवल हमारी कमाई नहीं होती, बल्कि यह होता है कि हमने अपनी उस कमाई से कितनों के चेहरे पर सच्ची मुस्कान दी है।

## प्यार और परवाह भरे हों छुट्टियों के दिन

समर वैकेशन का समय बच्चों के लिए दिन भर की व्यस्तता वाली नियमित दिनचर्या से भले अलग हो, लेकिन इस समय का सदुपयोग जरूरी है। इसके लिए एक प्लानिंग बना ली जानी चाहिए। पैरेंट्स और बच्चे मिलकर छुट्टियों को प्यार और परवाह भरे दिन बनाएं।

बच्चे और आप

डॉ. मोनिका शर्मा



साल भर बाद आने वाली छुट्टियों यानी समर वैकेशन का समय सीमित ही होता है। यही दिन कहीं जाने या किसी के अपने घर आने के दिन भी होते हैं। इसीलिए सही प्लानिंग बनाकर बच्चों की रुचि के मुताबिक कुछ एक्टिविटीज से जुड़ने की राह चुनना जरूरी है। असल में छुट्टियों के सही उपयोग और नियोजन के लिए पहले दिन से ही कुछ बातें तय कर लेना जरूरी है। समर क्लासेस की ज्वाइनिंग से लेकर अपने रूम को ऑर्गनाइज्ड करने और हम उम्र साथियों के खेलने-कूदने के साथ ही परिवार संग वक्त बिताने के सहज से गाइडलाइंस को इस प्लानिंग का हिस्सा बनाएं। बीते एकेडमिक ईयर या आने वाली क्लास के मुताबिक कोई होमवर्क दिया गया हो तो उसे पूरा करने को लेकर भी टाइम टेबल बनाना चाहिए।

**समझें समर क्लास की उपयोगिताः** गर्मियों की छुट्टियों में समर कैंप या क्लासेस भी बच्चों के लिए कुछ नया सीखने-समझने का अच्छा अवसर होते हैं। इस समय बच्चे अपनी हॉबी या स्किल्स निखारने के लिए कोई कोर्स कर सकते हैं। इन स्किल्स के क्लासरूम में बच्चों पर अच्छा परफॉर्म करने का कोई मानसिक दबाव नहीं होता। प्रतियोगिता से दूर सहज माहौल में बच्चे कुछ नया सीखते हैं। समर क्लासेस बच्चों को क्रिएटिव मोर्चे पर मन का करने का अवसर देते हैं। हॉबी क्लासेस में बच्चे रचनात्मक रूप से बहुत सक्रिय रहते हैं। असल में समर क्लासेस में बच्चे अपने ही आस-पास की अनदेखी-अनजानी दुनिया को एक्सप्लोर करते हैं। गिनती के दिनों के ये क्लासरूम बच्चों की क्षमता और प्रतिभा को रचनात्मकता का प्यारा कैनवास देते हैं। जिस पर बच्चे बिना किसी तनाव के अपनी मर्जी के रंग भरते हैं।



**बच्चों के लिए चुनें सही कोर्सः** सभी पैरेंट्स सोचते हैं कि गर्मी की छुट्टी में बच्चों को क्या ऐसा कोर्स कराएं कि अवकाश के दिनों में भी उनका समुचित विकास हो। जरूरी यह है कि पैरेंट्स की इच्छा से बच्चों के रुचि-रुझान का भी मेल हो। इन दिनों क्रिकेट, स्केटिंग, योग, कसरत, डांस, म्यूजिक, स्केचिंग, पेंटिंग, स्टोरी टेलिंग और पब्लिक स्पीकिंग जैसी कई तरह की क्लास चलती हैं, पर कोई भी कोर्स नहीं चुना जा सकता। ना ही हर कोर्स, हर बच्चे के लिए सही होता है। इसीलिए घर के छोटे सदस्यों की रुचि और उम्र के अनुसार ही कोर्स का चयन करना आवश्यक है। इस मोर्चे पर पैरेंट्स अपनी पसंद बिलकुल भी न थोपें। छुट्टियां खुशियों का ही समय होता है। बिना किसी के दबाव के कलात्मक गतिविधियां करने से डोपामाइन हार्मोन बढ़ता है। यह हार्मोन बच्चों को खुशी और शांत मन की सौगात देता है। प्रसन्न और पॉजिटिव माइंडसेट से किए गए ऐसे शॉर्ट-टर्म कोर्स कई बार जिंदगी भर के लिए बच्चों के शौक की बुनियाद बना देते हैं।

**घर में भी रचनात्मक गतिविधियांः** समर क्लास या समर कैंप न जाने वाले बच्चे घर में भी क्रिएटिव छुट्टियां बिता सकते हैं। समर वैकेशन में आस-पड़ोस के बच्चे मिल-जुलकर कुछ नया सीख सकते हैं। कुछ एक्टिविटीज में तो पैरेंट्स भी शामिल हो सकते हैं। बच्चों के साथ पैरेंट्स कोई नई रेसिपी बना सकते हैं। इससे बच्चे घर और रसोई के छोटे-छोटे काम करना सीखेंगे। घर में पैरेंट्स के साथ क्वालिटी टाइम बिताते हुए बच्चे घर और अपना कमरा साफ रखने और चीजों को सही जगह पर जांचने का पाठ भी पढ़ सकते हैं। फुर्सत के पलों में सहज अंदाज में दिए गए अभिभावकों के दिशा-निर्देश बच्चों को बोझ भी नहीं लगते। इतना ही नहीं बच्चे ऑनलाइन क्लासेस के जरिए भी कोई नई भाषा सीख सकते हैं। तकनीकी फील्ड में रुचि हो तो कोडिंग, रोबोटिक्स या डिजिटल आर्ट के क्लास ले सकते हैं। सुबह-शाम बच्चों के साथ इंडोर गेम्स खेलने के लिए समय निकालना भी फुर्सत में कुछ पल बिताने का बहुत प्यारा तरीका है।

एडवाइस

ललिता गोयल

वर्किंग वूमेन के लिए घर के साथ वर्कप्लेस की जिम्मेदारियां निभाना आसान नहीं होता है। वहां भी उन्हें कई तरह के चैलेंजेस और प्रॉब्लम्स को फेस करना पड़ता है। ऐसे में परेशान होने के बजाय आपको उन्हें हैंडल करने का तरीका सीखना चाहिए।

## वर्कप्लेस चैलेंजेस-प्रॉब्लम्स को वर्किंग वूमेन ऐसे करें फेस

आज के दौर में बहुत सी महिलाएं वर्किंग हैं। ऑफिस में वर्क प्रेशर के अलावा तरह-तरह के स्ट्रेस का सामना भी उन्हें करना पड़ता है। कुलीग और बॉस का नेचर, ऑफिस का माहौल, कंपनी पॉलिसीज, जेंडर भेदभाव, उचित सैलरी न मिलना, पर्सनल सेफ्टी की चिंता जैसी कई चुनौतियों का सामना वे करती हैं। हाल ही में हुए एक अध्ययन के मुताबिक वर्कप्लेस पर पुरुषों के मुकाबले में महिलाओं में बर्नआउट यानी मानसिक और शारीरिक थकान के मामले ज्यादा देखने को मिलते हैं। ऑफिस प्रॉब्लम्स से निपटने के लिए एक क्लीयर विजन और कॉन्फिडेंस की जरूरत होती है। जानिए, वर्किंग महिलाएं ऑफिस से जुड़ी समस्याओं को कैसे करें हैंडल?

**मल्टीटास्किंग से बचेंः** एक समय में एक ही काम पर ध्यान केंद्रित करें, इससे गलतियां कम होती हैं। अगर आपके पास पहले से ही बहुत काम है, तो अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने से बचें। अपनी जिम्मेदारियों और चुनौतियों के बारे में अपने मैनेजर या एचओडी से बात करें। संभव हो तो फ्लेग्जिबल वर्किंग ऑवर या वर्क फ्रॉम होम का ऑप्शन चुनें। कुलीग्स के साथ हेल्दी रिलेशन बनाएं।

**जेंडर भेदभावः** कई बार वर्कप्लेसेस पर गलत धारणाएं बना ली जाती हैं कि महिलाएं देर तक नहीं रुक सकतीं या शादी-मां बनने के बाद वे काम को लेकर कंसंट्रेट नहीं कर पाती हैं। इसे 'ग्लास सीलिंग' भी कहते हैं, जहां योग्यता के बावजूद उनको प्रमोशन या उचित इंक्रीमेंट नहीं मिलता है। इस समस्या से निपटने के लिए अपनी उपलब्धियों को डेटा और रिजल्ट्स के साथ पेश करें। कॉन्फिडेंट होकर अपनी बात रखें।



**वर्कप्लेस सेफ्टीः** ऑफिस में देर शाम तक काम के दौरान या फील्ड वर्क के दौरान सुरक्षा की चिंता, लगभग सभी वर्किंग वूमेन को होती है। इसके अलावा कई बार मेंटल टॉर्चर या हैरेसमेंट का भी उनको सामना करना पड़ता है। ऐसे में अपनी कंपनी की पॉलिसी के बारे में जागरूक रहें। किसी भी गलत व्यवहार को शुरुआत में ही टोकें। किसी भी तरह के भेदभाव या असुरक्षित व्यवहार को अनदेखा न करें और शिकायत दर्ज करने में जरा भी संकोच न करें।

**वर्क प्रेशरः** ऑफिस में पहले उन कामों को करें, जो ज्यादा जरूरी हैं। इसके अलावा गैरजरूरी काम या दूसरों के काम खुद न करें। अपने रोल के हिसाब से अपने कार्यों की पूरी लिस्ट बनाएं और इसके बाद इन्हें प्रायोरिटी के हिसाब से सेट कर लें। खुद को कभी भी ओवर वर्कलोडेड न रखें। हर काम को परफेक्ट बनाने की कोशिश कई बार तनाव बढ़ा देती है। इसलिए खुद से बहुत ज्यादा उम्मीद ना रखें। अगर कभी कोई काम समय पर नहीं हो पाता या परफेक्ट नहीं हो पाता तो खुद को दोष देने की बजाय अगले दिन उसे बेहतर तरीके से करें।

**सीमाएं निर्धारित करेंः** ऑफिस टाइम के बाद बहुत इंपॉर्टेंट न होने पर कॉल्स या ई-मेल्स चेक करने से बचें। काम की लिस्ट बनाकर, उन्हें ऑफिस टाइम में ही पूरा करें। अगर आप ऐसा करती है तो दिन के आखिर में आपके सारे काम पूरे हो जाएंगे, जिससे फील गुड होगा।

**(मनोवैज्ञानिक मीनाक्षी मनचंदा से बातचीत पर आधारित)**

### मन को ऐसे रखें रिलैक्स



**आप अपने** ऑफिस और घर दोनों की जिम्मेदारियां अच्छी तरह निभा पाएं, इसके लिए जरूरी है कि खुद को रिलैक्स रखें और मन को शांत रखें। मन शांत रखने के लिए आप डेली कुछ मिनट तक योगा, मेडिटेशन जैसी एक्टिविटी कर सकती हैं। एक्सरसइज भी मन को शांत रखने का एक बेहतरीन तरीका हो सकता है। जब आप दिन की शुरुआत योगा या मेडिटेशन से करती हैं तो पूरा दिन एनर्जेटिक और हैप्पी फील होता है। इससे दिन भर आप वर्क प्रेशर को आसानी से संभाल सकती हैं। इसके साथ ही स्ट्रेस और थकान से बचने के लिए लगातार काम करने के बजाय छोटे-छोटे ब्रेक लेती रहें।

थेरेपी

डॉ. गौरव गुप्ता

सीनियर साइकिएट्रिस्ट-सीईओ
तुलसी हेल्थकेयर, गुरुग्राम

प्रेगनेंट महिलाएं शारीरिक और मानसिक रूप से हेल्दी रहने के लिए कई उपाय आजमाती हैं। इसमें लाफ्टर थेरेपी भी बहुत फायदेमंद साबित हो सकती है। इसके क्या फायदे हैं और इसे कैसे करना चाहिए, जानिए।

## प्रेगनेंट महिलाओं के लिए फायदेमंद है लाफ्टर थेरेपी

गर्भावस्था हर महिला के जीवन का सबसे खास लेकिन चुनौतीपूर्ण दौर भी होता है। इस दौरान उनके शरीर में होने वाले हार्मोनल बदलाव, शारीरिक असामान्यता और कई तरह की चिंताएं, महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर असर डालती हैं। इस वजह से प्रेगनेंसी का दौर कुछ महिलाओं को मुश्किलों भरा लगने लगता है। ऐसे में गर्भवती महिला के मानसिक स्वास्थ्य और बच्चे की ग्रोथ पर इसका बहुत बुरा असर पड़ सकता है। ऐसे में लाफ्टर थेरेपी यानी हंसी को अपनी डेली रूटीन का हिस्सा बनाना, मां और बच्चे दोनों के लिए लाभकारी हो सकता है। आइए जानते हैं लाफ्टर थेरेपी और इससे होने वाले फायदों के बारे में।

**लाफ्टर थेरेपी क्या हैः** लाफ्टर थेरेपी एक नेचुरल हीलिंग तकनीक है, जिसमें हंसी के माध्यम से तनाव को कम किया जाता है। यह शरीर में एंडोर्फिन (हैप्पी हार्मोन) के स्तर को बढ़ाती है और कॉर्टिसोल (स्ट्रेस हार्मोन) के स्तर को घटाती है।

**लाफ्टर थेरेपी के फायदेः** तनाव और चिंता में कमी गर्भावस्था में मानसिक तनाव आम बात है। हंसी से दिमाग में सकारात्मक ऊर्जा आती है, जिससे मूड बेहतर होता है और चिंता का स्तर कम होता है।



**नींद में सुधारः** हंसी से शरीर रिलैक्स होता है, जिससे नींद की गुणवत्ता बेहतर होती है।

यह गर्भवती महिलाओं के लिए जरूरी है।

**इम्यूनिटी बूस्टरः** लाफ्टर थेरेपी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करती है। इससे संक्रमण या मौसमी बीमारियों का खतरा कम हो सकता है।



**हार्मोनल बैलेंस में मददः** हंसी हार्मोनल उतार और चढ़ाव को संतुलित करने में सहायक होती है, जिससे मूड स्विंग्स नियंत्रित रहते हैं।

**डिलीवरी के लिए तैयारीः** हंसने से फेफड़े और पेट की मांसपेशियां सक्रिय होती हैं, जिससे श्वसन और रक्त संचार बेहतर होता है। यह डिलीवरी के समय सहनशक्ति बढ़ाने में मदद करता है।


**शिशु पर सकारात्मक असरः** मां के हंसने से गर्भ में पल रहे शिशु तक मां की सकारात्मक भावनाएं पहुंचती हैं। खुश मां का असर शिशु के विकास पर भी बहुत सकारात्मक रूप से पड़ता है।

**कैसे करें लाफ्टर थेरेपीः** रोजाना सुबह 10-15 मिनट हंसने की आदत डालें। लाफ्टर योगा या ग्रुप एक्टिविटीज का हिस्सा बनें। कॉमेडी फिल्में या हल्के-फुल्के टीवी शो देखें। परिवार और दोस्तों के साथ हंसी-मजाक में वक्त बिताएं।

**प्रस्तुतिः निकिता चौहान**

### तब जरूर करें डॉक्टर से कंसल्ट

**लाफ्टर थेरेपी**, प्रेगनेंसी के दौरान दवारहित और पूरी तरह सुरक्षित उपाय है। यह मां के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाकर शिशु के स्वस्थ विकास में मदद करती है। हालांकि अगर गर्भावस्था में किसी प्रकार की मेडिकल जटिलता हो तो डॉक्टर की सलाह लेकर ही इस थेरेपी को अपनाना चाहिए।



स्किन केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## गर्मी के मौसम में स्किन केयर गुलाब जल है बहुत कारगर

गुलाब जल का इस्तेमाल सुंदरता निखारने में सदियों से किया जा रहा है। शायद यही वजह है कि जब स्किन केयर की बात आती है तो गुलाब जल का नाम भी आता है। यह आपकी त्वचा और चेहरे को ठंडक प्रदान करता है, जबकि इसकी खुशबू आपको तरोताजा रखती है और मूड को बेहतर बनाती है। गर्मियों में गुलाब जल त्वचा के लिए एक नेचुरल टोनर, क्लींजर और हाइड्रेटर की तरह काम करता है। यह त्वचा को ठंडक, नमी और निखार देता है, साथ ही पीएच स्तर को संतुलित रखता है। यह टैनिंग, सनबर्न, मुंहासों और अतिरिक्त तेल को कम करने में बेहद प्रभावी है। इसे स्प्रे, टोनर या फेस पैक के रूप में इस्तेमाल कर सकती हैं।

**गुलाब जल स्प्रेः** एंटीऑक्सीडेंट और एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर गुलाब जल गर्मियों की तेज धूप से स्किन को सुरक्षित रखता है। गर्मियों में रूखी, बेजान चेहरे की त्वचा को तरोताजा रखने के लिए गुलाब जल को फेस मिस्ट के तौर पर भी इस्तेमाल कर सकती हैं। आप इसे एक बोतल में रखकर चेहरे पर स्प्रे कर सकती हैं। इसे पूरी तरह सोखने दें। अगर आप कील, मुंहासों और दाग-धब्बों से परेशान हैं तो आप रात को सोने से पहले कॉटन बॉल की मदद से गुलाब जल लगाएं और इसे रात भर लगा रहने दें। आप इसे चेहरे पर सीधे भी स्प्रे कर सकती हैं या गुलाब जल को आइस ट्रे में जमा लें और इन आइस क्यूब को चेहरे पर हल्के-हल्के हाथों से मसाज करें। इससे तपती धूप में ठंडक मिलेगी और चेहरे पर ग्लो दिखेगा। गर्मियों के दिनों में ऑयली स्किन पर पिंपल होना आम समस्या है। इससे निपटने के लिए एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी में दो-तीन चम्मच गुलाब जल को मिलाकर बने पेस्ट को चेहरे पर लगा लें और इसे प्राकृतिक तौर पर सूखने दें। पूरी तरह सूख जाने के बाद इसे ताजे ठंडे पानी से धो डालें।



**डार्क सर्कलः** गुलाब जल के उपयोग से आंखों के आस-पास डार्क सर्कल को कम करने में मदद मिलती है। इसके लिए आप प्रभावित क्षेत्र में रूई की मदद से गुलाब जल लगाएं, जिससे त्वचा में नमी बढ़ेगी और डार्क सर्कल धीरे-धीरे कम होंगे। डार्क सर्कल के लिए गुलाब जल और ठंडे दूध को अच्छी तरह मिलाएं। इस मिश्रण को कॉटन बॉल की मदद से आहिस्ता-आहिस्ता आंखों को नीचे लगाकर आधे घंटे बाद ताजे पानी से धो डालें। इसे सप्ताह में तीन बार आप यूज कर सकती हैं।

**फेस पैकः** पुदीने और गुलाब जल का पैक त्वचा को मुलायम बनाने में सहायक होता है। पुदीने के रस में एक चम्मच शहद और थोड़ा सा गुलाब जल मिलकर बने पैक को चेहरे पर कुछ देर तक लगाने के बाद ताजे पानी से धो डालें।

# ‘मन की बात’ देश के करोड़ों नागरिकों को जोड़ने वाला एक सशक्त संवाद मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम ‘मन की बात’ के 133वें संस्करण का भोपाल के वीआईपी रोड स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में जनप्रतिनिधियों के साथ श्रवण किया। इस अवसर पर आमजन भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ‘मन की बात’ देश के करोड़ों नागरिकों को जोड़ने वाला एक सशक्त संवाद मंच है। इसके जरिए प्रधानमंत्री मोदी समाज के विभिन्न वर्गों की प्रेरक कहानियों, नवाचारों और सकारात्मक प्रयासों को सामने लाते हैं, जिससे आमजन को नई दिशा और प्रेरणा मिलती है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कर कार्यक्रम को पूरे देशवासियों के मन में बिठा दिया है। उन्होंने देश को नवाचार की नई दृष्टि दी है। ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं और राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी को सशक्त करते हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने मन की बात का किया जनप्रतिनिधियों व आमजन के साथ श्रवण



पीएम मोदी के कार्यक्रम मन की बात सुनते सीएम डॉ. यादव, मंत्री पटेल, जिलाध्यक्ष यति।

प्रधानमंत्री के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 133वें संस्करण का प्रसारण

प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात को बैठा दिया है देशवासियों के मन में

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आमजनों से नारी शक्ति वंदन पर किया संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर मौजूद आमजनों विशेषकर युवाओं से संवाद किया। उनके साथ स्वल्पाहार कर नारी शक्ति वंदन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत बेटियों की शिक्षा की पुख्ता व्यवस्था एवं प्रोत्साहन सहायता, महिला सुरक्षा, महिला आरक्षण, इनकी आजीविका, समान वेतन और इन्हें स्वरोजगार से जोड़कर स्वावलंबी बनाने के लिए राज्य सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन पर केंद्र सरकार तत्पर होकर प्रयास कर रही है, पर विपक्षी दलों के असहयोग के कारण यह प्रस्ताव संसद में पारित नहीं हो पाया।



### जल संरक्षण में हम हैं अव्वलः सीएम

कार्यक्रम के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ‘मन की बात’ प्रधानमंत्री मोदी का पूरे देश को एकजुटता का सकारात्मक संदेश देने का अद्भुत प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण के क्षेत्र में हमारा मध्यप्रदेश पूरे देश में अग्रणी है।

## खबर संक्षेप



### त्रिलंगा में तीन करोड़ से बनेंगी सीसी सड़क

**भोपाल।** शहर के वार्ड-51 में आने वाले त्रिलंगा क्षेत्र में तीन करोड़ रुपए की लागत से सीसी सड़कें बनेंगी और पैविंग ब्लॉक लगाए जाएंगे। उक्त निर्माण कार्यों का भूमिपूजन रविवार को महापौर मालती राय ने बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अर्चना चिटनिस की विशेष उपस्थिति में किया। इस अवसर पर पार्षद स्नेहलता भगवत रघुवंशी, डॉ. सुरजीत सिंह चौहान के अलावा जसवंत हांडा, विकास वीरानी, पियूष सिसोधिया, सुनील पांडे, भगवत सिंह रघुवंशी, श्यामसुंदर शर्मा मौजूद थे।

### जनगणनाः प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को दी ट्रेनिंग



**भोपाल।** जनगणना-2027 के तहत प्रथम चरण में मकानों की गणना कार्य के लिए जोनल- चार्ज कार्यालयों में रविवार को जोन-19 में वीरेन्द्र रनटेके एवं अविनाश कुमार श्रीवास्तव ने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया।

मुख्यमंत्री कोटा जिले में श्री कृष्ण यदुवंशी अहीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुए शामिल

# मप्र, राजस्थान के लिए आर्थिक समृद्धि के द्वार खोलेगी पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चंबल मैया का आशीर्वाद मप्र और राजस्थान दोनों प्रांतों को मिल रहा है। हमारा प्रदेश अनेक नदियों के उद्गम के कारण नदियों का मायका है। मप्र और राजस्थान जोड़ीदार प्रदेश हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से स्वीकृत पार्वती- काली सिंध -चंबल अंतर्राज्यीय परियोजना से मप्र और राजस्थान लाभान्वित होंगे। पीकेसी प्रोजेक्ट मध्यप्रदेश और राजस्थान के लिए आर्थिक समृद्धि के द्वार खोलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को कोटा जिले में श्रीकृष्ण यदुवंशी अहीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 16 संस्कारों में पाणिग्रहण संस्कार शामिल है। विवाह ही कुल और गोत्र को आगे बढ़ाते हुए अमरता देते हैं। विवाह से जीवन साथी के साथ बेटियों को नए माता- पिता मिलते हैं। मुख्यमंत्री ने सामूहिक विवाह समारोह में नव दंपतियों को आशीर्वाद और मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि परिवारों को खर्चीले विवाहों के कारण आर्थिक कष्ट उठाने होते हैं। वर्तमान में सामूहिक विवाह काफी उपयोगी हैं। मेरे अपने बेटे का विवाह सादगी पूर्वक किया था। भगवान श्रीकृष्ण ने समाज का मार्गदर्शन किया। धर्म मार्ग पर चलने की सभी को प्रेरणा दी।

## लोकसभा अध्यक्ष बिरला एवं सीएम डॉ. यादव ने नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद

**खास बातें**

- मप्र सरकार श्रीकृष्ण पाथेय का विकास कर रही : मुख्यमंत्री
- परिवारों को खर्चीले विवाहों के कारण आर्थिक कष्ट उठाने होते हैं




आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन और लोकसभा अध्यक्ष बिरला का स्वागत किया गया

### गरीबी और अमीरी की खाई को पाटने का कार्य करते हैं सामूहिक विवाह

राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसे आयोजन समाज में व्याप्त गरीबी और अमीरी की खाई को पाटने का कार्य करते हैं। राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि आज सर्व समाज को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री समाज के गौरव हैं। वे राजस्थान और मप्र को भाई-भाई मानते हैं। पीकेसी परियोजना से मप्र के साथ राजस्थान के किसानों को भी सिंचाई के लिए पर्याप्त जल मिलेगा। राजस्थान के विधायक महंत बाबा बालक नाथ ने कहा कि योगेश्वर श्री कृष्ण ने यदुवंशी कुल में जन्म लेकर पूरे समाज को धन्य किया। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में गरीब और पिछड़ा वर्ग के परिवारों को सामूहिक विवाह में शामिल कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। सामूहिक विवाह सम्मेलन के माध्यम से शादी विवाह में फिजूल खर्ची रुकी है। कार्यक्रम में अनेक संत-वृंद, राजस्थान और मध्यप्रदेश के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



### समाज के युवा सेना में शामिल होकर सीमा की कर रहे हैं रक्षाः बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आज यदुवंशी समाज के युवा उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने दायित्व निर्वहन के लिए गंभीर हैं। समाज के युवा सेना में शामिल होकर सीमा की रक्षा कर रहे हैं। बिरला ने कहा कि यह निश्चित ही प्रशंसनीय है कि यदुवंशी समाज वर्तमान सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य कर रहा है। निःशुल्क विवाह समारोह का लाभ युवाओं को मिल रहा है। बिरला ने मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त की। बिरला ने नव दंपतियों को बधाई दी। प्रारंभ में ग्राम रींछी में आयोजित प्रथम निःशुल्क 38वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव और लोकसभा अध्यक्ष बिरला का स्वागत किया।

# विद्यार्थी देश के निर्माण के लिए काम करें: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कार्यप्रणाली को अद्भुत और अनुकरणीय बताते हुए कहा कि यह संगठन केवल बातों तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक समरसता को व्यवहार में उतारने का कार्य करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे सिलेबस के साथ-साथ अपने सांस्कृतिक गौरव को भी समझें और देश के निर्माण में आगे बढ़कर काम करें।

- विद्यार्थी परिषद की पाठशाला से निकले स्व. केलकर की कार्य पद्धति को याद किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव घंटाघर स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इंफोर्मेशन सेंटर गीता भवन में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शिल्पकार स्वर्गीय यशवंत राव केलकर की जन्मशती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्व. यशवंत राव केलकर को परिषद के वर्तमान स्वरूप की ‘नींव का पत्थर’ बताया, जिन्होंने संगठन को गढ़ने में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। मुख्यमंत्री ने अपने छात्र जीवन के संस्मरण साझा करते हुए बताया कि परिषद एक परिवार की तरह है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सीख दी कि यदि हम छोटा बनकर काम करेंगे, तभी जीवन में बड़े लक्ष्य प्राप्त कर पाएंगे। विद्यार्थी आज का नागरिक है। विद्यार्थियों में जोश के साथ होश का संतुलन बनाए रखने के लिए इसमें शिक्षकों की भूमिका अतुलनीय है। वक्ताओं ने स्व. केलकर के जीवन दर्शन और संगठन की विशिष्ट कार्य पद्धति पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज किशोर तिवारी ने बताया कि आज विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जिसका श्रेय स्व. केलकर की ओर से विकसित की गई विशिष्ट कार्य पद्धति को जाता है। उन्होंने कहा कि स्व. केलकर केवल उपदेश नहीं देते थे, बल्कि ‘जीवंत आदर्श’ थे, जो गरीब विद्यार्थियों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहते थे और स्वयं सहायता प्रदान करते थे। वक्ताओं ने रेखांकित किया कि विद्यार्थी परिषद एक ऐसी कार्यशाला है जिसने समाज के हर क्षेत्र को नेतृत्व दिया है।

पहाड़ से पलायन रोकने की है ‘मॉडल’ में ताकत

# पतंजलि ने दिखाई ‘चंदन वन’ की राह, करिश्मे से योगी भी हैरान

**हरिद्वार।** देश में चंदन की खेती लंबे समय तक दक्षिण भारत तक सीमित मानी जाती रही, लेकिन अब यह धारणा बदल रही है। उत्तराखंड में पतंजलि की ओर से विकसित ‘चंदन वन’ मॉडल ने साबित किया है कि अनुकूल परिस्थितियों में उत्तर भारत में भी चंदन की सफल खेती संभव है। प्रदेश के कई जिलों में इसके सकारात्मक उदाहरण सामने आ चुके हैं। हरिद्वार स्थित पतंजलि के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने करीब दो दशक पहले चंदन की खेती पर प्रयोग शुरू किए थे। उस समय उत्तर भारत में इसकी



खेती लगभग न के बराबर थी। पतंजलि के रिसर्च सेंटर और औषधीय उद्यान में लगाए गए चंदन के पौधों पर किए गए अध्ययन में सकारात्मक परिणाम मिले, जिसके बाद राज्य के कई जिलों में किसानों व निजी संस्थाओं ने इस मॉडल को अपनाना शुरू कर दिया।

### योगी को आचार्य बालकृष्ण ने इलाका दिखाया

उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने पैतृक क्षेत्र यमकेश्वर पहुंचे, जहां आचार्य बालकृष्ण ने उन्हें वह इलाका दिखाया। यह वही भूमि थी, जिसे पहले अनुपयोगी और बंजर माना जाता था, लेकिन अब वहां ‘चंदन वन’ और घनी हरियाली विकसित हो चुकी थी। इस परिवर्तन को देखकर योगी आदित्यनाथ कुछ क्षणों के लिए ठिठक गए, रोमांचित हो उठे और अचंभित रह गए। उन्होंने कहा कि जहां कभी कुछ उगता नहीं था, वहां आज इतनी समृद्ध हरियाली देखना अविश्वसनीय है।

# अश्लील हरकत करने वाले का वायरल वीडियो देख पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

शहर के हृदय स्थल जय स्तंभ चौक स्थित अटल परिसर में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को ठेंगा दिखाने वाला एक मामला सामने आया। एक महिला बैंकर द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो ने शहर में हड़कंप मचा दिया, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना एक दिन पुरानी बताई जा रही है। अटल परिसर के पास स्थित एक गन्ना रस सेंटर के समीप, बालोद निवासी जानी खान नामक व्यक्ति महिलाओं और युवतियों को देखकर अश्लील हरकतें और गंदे इशारे कर रहा था। वहां मौजूद एक महिला बैंकर ने इस पूरी घटना को अपने कैमरे में कैद कर लिया और सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए सवाल उठाया- क्या लड़कियां कहीं भी सुरक्षित हैं? महिला ने बताया कि आरोपी उन्हें देखकर चश्मा पहन लेता था और फिर अश्लील हरकतें करना शुरू कर देता था।

**हिन्दूवादी संगठनों का फूटा गुस्सा**




## ☛ रेलयात्री कृपया ध्यान दें! ☚

**महत्वपूर्ण जानकारी**

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगीः–

**05579/05580 पूर्णियाँ कोर्ट-आनन्द विहार(टर्मि.)-पूर्णियाँ कोर्ट विशेष (सप्ताहक में 2 दिन)** — 44 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05579 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05580 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 16:30 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | --- |
| 01:05 | --- | आनन्द विहार(टर्मि.) | --- | 05:15 |

**चलने के दिनः 05579 पूर्णियाँ कोर्ट से** दिनांक 26.04.2026 से 12.07.2026 तक (22.05.2026 को छोड़कर) (शुक्रवार, रविवार) को और **05580 आनन्द विहार(टर्मि.)** से दिनांक 28.04.2026 से 14.07.2026 तक (24.05.2026 को छोड़कर (रविवार, मंगलवार) को।

**स्थानः** 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य

**ठहरावः** बनमनखी जं., मुरलीगंज, दौरम मधेपुरा, सहरसा जं., गढ़ बरुआरी, सुपौल, न्यू झाझा जं. (सरायगढ़ के स्थान पर), निर्मली, घोघरडीहा, झंझारपुर जं., सकरी जं., शिशो जं., जनकपुर रोड, सीतामढ़ी जं., बैरगनिया, रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., बगहा, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., शाहजहाँपुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन।

**05575/05576 सहरसा जं.-आनन्द विहार(टर्मि.)-सहरसा जं. विशेष (साप्ताहिक)** — 24 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05575 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05576 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 20:00 | सहरसा जं. | 10:30 | --- |
| 01:05 | --- | आनन्द विहार(टर्मि.) | --- | 05:15 |

**चलने के दिनः 05575 सहरसा जं. से** दिनांक 28.04.2026 से 14.07.2026 तक (मंगलवार) को और **05576 आनन्द विहार(टर्मि.)** से दिनांक 30.04.2026 से 16.07.2026 तक (वृहस्पतिवार) को।

**स्थानः** 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य

**ठहरावः** गढ़ बरुआरी, सुपौल, न्यू झाझा जं., निर्मली, घोघरडीहा, झंझारपुर जं., सकरी जं., शिशो जं., जनकपुर रोड, सीतामढ़ी जं., बैरगनिया, रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., बगहा, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., शाहजहाँपुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

1412/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


महिला आरक्षण और महिला विरोधी नीतियों के विरोध में कांग्रेस का पैदल मार्च

# कांग्रेस ने कहाः जब-जब कांग्रेस सत्ता में आई है, तब-तब महिलाओं के हित व अधिकारों की रक्षा के लिए उठाए कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा भाजपा सरकार की महिला विरोधी नीतियों के विरोध में रविवार को पैदल मार्च आयोजित किया गया। पैदल मार्च प्लेटिनम प्लाजा से प्रारंभ होकर टीनशेड, टॉप एंड टाउन, न्यू मार्केट होते हुए रोशनपुरा चौराहा तक निकाला गया। मार्च के माध्यम से भाजपा सरकार की नीयत और महिलाओं के प्रति उसकी कथित उपेक्षापूर्ण नीतियों को जनता के सामने उजागर किया गया। पैदल मार्च में कांग्रेस ने कहा कि जब-जब कांग्रेस सत्ता में आई है, तब महिलाओं के हित और अधिकारों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया, विधायक फूल सिंह बरैया, आरिफ मसूद, आतिफ अकील, पीसी शर्मा, मुकेश नायक, रीना बौरासी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, मनोज शुक्ला सहित एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



पैदल मार्च में शामिल पटवारी, सिंघार, बरैया, मसूद, अकील, भूरिया।

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं

जीतू पटवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा आकस्मिक विशेष विधानसभा सत्र बुलाए जाने के संदर्भ में कांग्रेस पार्टी अपनी नीति स्पष्ट करते हुए मांग करती है कि देश को गुमराह करना बंद किया जाए और महिला सशक्तिकरण की दिशा में ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने मांग की कि लोकसभा की सभी 543 सीटों पर महिला आरक्षण तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए तथा मध्यप्रदेश विधानसभा में भी महिला आरक्षण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया जाए।

### महिला आरक्षण को बिना किसी देरी के लागू किया जाना आवश्यकः रीना

महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी ने कहा कि महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी में वास्तविक अवसर देने के लिए पूर्व प्रस्तावित महिला आरक्षण को बिना किसी देरी के लागू किया जाना आवश्यक है। राजीव गांधी, पीवी नरसिंहा राव और सोनिया गांधी के नेतृत्व में त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरी निकायों में महिलाओं को आरक्षण सुनिश्चित किया गया।



### दो दोस्तों पर चालू से हमला एक की मौत, एक गंभीर

**भिलाई।** खुर्सीपार थाना क्षेत्र में छेड़छाड़ के शक ने एक गंभीर वारदात का रूप ले लिया। अपनी बहन से कथित छेड़छाड़ से नाराज एक युवक ने दो युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। यह घटना 25 अप्रैल को बालाजी नगर में हुई थी। जानकारी के अनुसार, 28 वर्षीय रजत कुशवाहा अपने दोस्त सुनील को बाइक से उसके घर छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान आरोपी गोलू सिंह को उन दोनों पर अपनी बहन से छेड़छाड़ का शक हुआ। गुस्से में आकर उसने पहले गाली-गलौज की। इसके बाद गोलू सिंह ने जेब में रखे धारदार चाकू से दोनों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में रजत को पेट और सीने में गंभीर चोटें आईं।

## चिंतन

# अमेरिका-ईरान वार्ता में पाक की खुली पोल

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने खुद को मध्यस्थ के रूप में पेश करने की कोशिश जरूर की, लेकिन हालिया घटनाक्रम ने उसकी विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। ईरानी सांसदों ने पाकिस्तान को दो टूक कह दिया कि उन्हें उस पर भरोसा नहीं है। पाकिस्तान अमेरिका के पिट्ठू की तरह काम कर रहा है। यही बात पहले ईरानी मीडिया भी कह चुका है। ईरान का खुले तौर पर पाकिस्तान पर अविश्वास जताना यह संकेत देता है कि इस्लामाबाद की कूटनीतिक भूमिका अब संदेह के घेरे में है। जिस वार्ता को पाक अपने लिए वैश्विक स्तर पर एक अवसर के रूप में देख रहा था, वही उसके लिए असहज स्थिति का कारण बनती दिख रही है। पाकिस्तान में होने वाली दूसरे दौर की वार्ता जिस तरह से शुरू होने से पहले ही रद्द हो गई। उसने साफ संकेत दे दिया है कि अब पाकिस्तान फंसने वाला है। पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर जिस तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भाषा बोल रहे हैं। उससे ईरानी वार्ताकारों के मन में संशय होना अनायास नहीं है। वार्ता के बीच में ट्रंप का मुनीर की प्रशंसा करना स्पष्ट रूप से दिखाता है पाकिस्तान ट्रंप को किसी भी हाल में नाराज नहीं कर सकता। हालांकि इस वार्ता में पाक की हैसियत एक डाकिये से अधिक नहीं रही है। वह सिर्फ अमेरिका के प्रस्ताव को ईरान के समक्ष और ईरान के प्रस्ताव को अमेरिका समक्ष रखने का ही काम कर रहा है। अनेक विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान का समझौता करवाने के लिए बीच में कूदना कहीं न कहीं अमेरिका से ही प्रेरित है। अब देर सबेर उसकी पोल खुलना तय है। ट्रंप जैसे व्यक्ति के साथ किसी भी तरह के समझौते पर पहुंचना आसान नहीं है। उधर, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की शरण में पहुंच गए हैं। अगर पुतिन इस समझौते को आगे बढ़ाने के लिए राजी होते है तो शायद इसका समाधान निकल सकता है। हालांकि ट्रंप के व्यवहार को देखते हुए दुनिया के तमाम समझदार देश इससे दूर ही रहेंगे। दरअसल, किसी भी अंतरराष्ट्रीय वार्ता में मध्यस्थ की भूमिका तभी प्रभावी होती है जब दोनों पक्ष उस पर समान रूप से भरोसा करें। यहां पाकिस्तान इस कसौटी पर खरा उतरता नजर नहीं आ रहा। ईरान का यह आरोप कि पाकिस्तान अमेरिका के प्रभाव में काम कर रहा है, कोई नई बात नहीं है, लेकिन अब यह आरोप खुलकर सामने आना स्थिति की गंभीरता को दर्शाता है। शहबाज शरीफ और आसिम मुनीर के बयानों और रुख ने भी इस धारणा को मजबूत किया है कि इस्लामाबाद स्वतंत्र कूटनीतिक रुख अपनाने में असफल रहा है। कूटनीति में संतुलन और स्वायत्तता बेहद जरूरी होती है, और यही वह क्षेत्र है जहां पाकिस्तान पिछड़ता दिख रहा है। दूसरी ओर, ईरान ने भी अपनी रणनीति स्पष्ट कर दी है। वह किसी भी प्रकार के दबाव में आने को तैयार नहीं है और अपनी शर्तों पर ही वार्ता चाहता है। ऐसे में रूस जैसे देशों की ओर उसका झुकाव यह संकेत देता है कि वैश्विक शक्ति संतुलन में नए समीकरण बन रहे हैं। यदि रूस इस प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाता है, तो पाकिस्तान की भूमिका और भी सीमित हो सकती है। इस पूरे परिदृश्य से एक बड़ी सीख यह मिलती है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में केवल पहल करना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि विश्वसनीयता और संतुलन बनाए रखना उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। पाकिस्तान ने जल्दबाजी में खुद को एक बड़े मंच पर लाने की कोशिश की, लेकिन तैयारी और भरोसे की कमी ने उसकी स्थिति कमजोर कर दी।

# लव जिहाद का क्राइम सिंडिकेट




अपराध
मनोज कुमार अग्रवाल

**महाराष्ट्र के अमरावती जिले में 180 नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण और उनके अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आने के बाद अब इस पर सियासत भी गरमा गई है। भाजपा ने इसे केवल एक अपराध नहीं, बल्कि एक सुनियोजित 'साजिश' बताया है। भाजपा नेताओं ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एसआईटी जांच की मांग की है। आरोपी मोहम्मद अयाज को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, नासिक में भी सामने आए यौन उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण के मामले ने उद्योग जगत को झकझोर कर रख दिया है। जरूरत है ऐसे मामलों में सख्त सख्त कार्रवाई की जाए और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाए।**

हाल ही में देश के तीन अलग-अलग शहरों में धर्मांतरण और लव जिहाद के मामले सामने आ रहे हैं। नासिक, अमरावती और सूरत से पुलिस ने एक ही पैटर्न पर लवजेहाद का खुलासा है। इन मामलों में पुलिस कार्रवाई कर रही है। धर्मांतरण और लव जिहाद मामलों में पुलिस द्वारा आरोपियों को पकड़ा जा रहा है। इनके नेटवर्क तक पहुंचने का प्रयास हो रहा है। क्या विदेशी कनेक्शन भी है? इसको भी जांच हो रही है। महाराष्ट्र के अमरावती जिले से बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, 180 नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण और उनके अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आने के बाद अब इस पर सियासत भी गरमा गई है। भारतीय जनता पार्टी ने इसे केवल एक अपराध नहीं, बल्कि एक सुनियोजित 'साजिश' बताया है। भाजपा नेताओं ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एसआईटी जांच की मांग की है।

अमरावती पुलिस ने मोहम्मद अयाज नामक एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि अयाज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, खासकर व्हाट्सएप और स्नैपचैट के जरिए नाबालिग लड़कियों को अपने जाल में फंसाया। जांच में पता चला है कि आरोपी ने कम से कम 180 लड़कियों का यौन शोषण किया और उनके 350 से ज्यादा आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड किए। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल जब्त कर लिया है, जिसमें भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री मिली है। आरोपी फिलहाल सात दिनों की पुलिस हिरासत में है। अमरावती के अलावा नागपुर और परतवाड़ा जैसी जगहों की लड़कियों को भी निशाना बनाया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस पूरे मामले की गहराई से जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाने की अपील की है। वहीं, भाजपा विधायक देवयानी फरांदे ने कहा कि आईटी कंपनियों में महिलाओं के साथ अत्याचार और उन पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने की खबरें आ रही हैं, जो चिंताजनक है।

उधर महाराष्ट्र के नासिक में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के नासिक यूनिट में सामने आए यौन उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण के मामले ने उद्योग जगत को झकझोर कर रख दिया है। मामले की मुख्य आरोपी निदा खान को सत्र न्यायालय से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उसकी गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया है। वहीं, नासिक पुलिस ने उसकी धरपकड़ के लिए जाल बिछा दिया है। पुलिस के अनुसार, इस पूरे मामले में निदा खान की भूमिका बेहद संदेहास्पद है। उस पर कर्मचारियों के जबरन धर्मांतरण में शामिल होने का गंभीर आरोप है। दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक, आरोपी दानिश शेख ने पीड़िता का परिचय तौसीफ और निदा से कराया था। आरोप है कि ये लोग हिंदू देवी-देवताओं और धार्मिक प्रतीकों, विशेषकर शिवलिंग, भगवान कृष्ण और द्रौपदी पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करते थे, जिससे पीड़िता को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर धर्मांतरण के लिए उकसाया जा सके। फरार निदा खान ने अपनी दो महीने की गर्भावस्था का हवाला देते हुए गिरफ्तारी से सुरक्षा मांगी थी। हालांकि, सोमवार को कोर्ट ने उसे कोई राहत नहीं दी और अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 27 अप्रैल की तारीख तय की है। जांच में सामने आया है कि इस शोषण का शिकार होने वाली अधिकांश युवतियां



मध्यमवर्गीय परिवारों से हैं, जिनकी उम्र 21 से 30 वर्ष के बीच है और वेतन लगभग 20,000 रुपये प्रतिमाह है। दूसरी ओर, टीसीएस ने स्पष्ट किया है कि कंपनी ने उत्पीड़न के आरोपों में शामिल कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। हालांकि, कंपनी का यह भी कहना है कि उन्हें आंतरिक चैनलों के माध्यम से ऐसी कोई शिकायत पहले प्राप्त नहीं हुई थी। फिलहाल, नासिक पुलिस की एसआईटी कुल नौ एफआईआर की जांच कर रही है, जिसमें छेड़छाड़, मानसिक प्रताड़ना और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसे गंभीर मामले शामिल हैं।

गुजरात में सूरत के इच्छापोर इलाके में एक नाबालिग हिंदू लड़की के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। 'लव जिहाद' जैसे इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें मुख्य आरोपी मुस्लिम युवक है और उसकी मदद करने वालों में तीन मुस्लिम और एक हिंदू युवक शामिल है। सोशल मीडिया के जरिए नाबालिक हिंदू युवती को फंसाया गया था और फिर होटल में ले जाकर मुख्य आरोपी ने उससे दुष्कर्म किया था। इच्छापोर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले इच्छापुर गांव में रहने वाले एक श्रमिक परिवार की कक्षा 12 में पढ़ने वाली नाबालिग बेटी को आरोपी मोहम्मद साजिद उर्फ अहद मोहम्मद जावेद पठान ने सोशल मीडिया के जरिए संपर्क कर अपने प्रेम जाल में फंसाया था। प्रेम का नाटक कर वह उसे बहला फुसलाकर एक होटल में ले गया। यहां उसने उसके साथ बार-बार शारीरिक संबंध बनाए। जब इस बात की जानकारी लड़की के परिवार को हुई, तो वे तुरंत इच्छापोर पुलिस स्टेशन पहुंचे और मामला दर्ज कराया। उधर आरोपी पुलिस द्वारा पकड़े जाने की भनक लगते ही अपने पैतृक स्थान बिहार भागने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पहचान छिपाने के लिए मुख्य आरोपी मोहम्मद साजिद ने अपने मित्र अभय कुमार शर्मा की मदद ली थी। अभय ने मोबाइल एडिटिंग ऐप के जरिए साजिद के आधार कार्ड में नाम बदलकर 'अभिषेक गुप्ता' (एक हिंदू नाम) कर दिया था ताकि होटल में कोई दिक्कत न हो। इसी फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल कर उसने होटल में कमरा बुक किया और लड़की के साथ बलात्कार किया था। यहां बता दें कि लव जिहाद वाली शादियों पर रोक लगाने की तैयारी शुरू हो गई। अपनी पहचान छिपाकर या माता-पिता को अंधेरे में रखकर शादी करना आसान नहीं होगा। इसकी इनिशिएटिव गुजरात से हुई है। राज्य सरकार ने इसके खिलाफ विधान सभा में कानून लाने की तैयारी की रही है।

वहीं, हाल के दिनों में कई शहरों से जिम ट्रेनरों द्वारा महिलाओं को प्रेम जाल में फंसाकर शोषण, ब्लैकमेलिंग और जबरन वसूली के मामले सामने आए हैं। ये घटनाएं महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। बीते दिनों सूरत के पाल इलाके में एक सनसनीखेज मामला सामने आया। सिटीलाइट स्थित 'पूजा एल1' जिम के 42 वर्षीय ट्रेनर शब्बीर टूंकवाला पर एक 45 वर्षीय विवाहित महिला को प्रेम जाल में फंसाने, निजी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 5 लाख की फिरौती मांगने और उसके पति पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। इस तरह की तमाम वारदातों की इन दिनों झड़ी लगी हुई है लगातार देश के तमाम शहर कस्बों में एक समुदाय विशेष के शोहदे हिन्दू लड़कियों को तरह तरह से फंसा कर ब्लैक मेल कर न सिर्फ उनके धर्मांतरण का खेल खेल रहे हैं वरन अनेक मामले में उन्हें ब्लैकमेल कर अवैध देह के धंधे में धकेल दिया जाता है। सरकार को लवजेहाद और धर्मांतरण के लिए सक्रिय तमाम मजहबी फिरकापरस्त लोगों के नियंत्रण के लिए और अधिक सख्ती करनी होगी, वहीं हिन्दू समाज को भी अपनी लड़कियों को आगाह कर जागरूक करना होगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विचार

इंदिरा मिश्र

# मनुष्य को ऊंचे संस्कार कैसे मिलें

भारत का सनातन धर्म बेजोड़ है। इसकी लोगों में कोई स्पष्ट धारणा या दृढ़ निश्चित भावना नहीं है कि हमारा सनातन धर्म है क्या? इसे वेदांत भी माना जा सकता है, अर्थात एक ही मनुष्य को आत्मा और परमात्मा के रूप में अभिन्न माना जा सकता है। इसे हमारे जीवन के 'यम' व 'नियम' भी माना जा सकता हैं जिनमें शामिल होता है व्यक्ति द्वारा सदा पालन किए जाने वाले वो उसूल जिनका सरोकार दूसरों से पड़ता है अर्थात सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अस्तेय एवं अपरिग्रह। नियम वे है जिनका व्यक्ति को स्वयं अपने आप पालन करना होता है-अर्थात ध्यान, धारणा, ईश्वर, प्रणिधान, प्रत्याहार, आसन, समाधि, व स्वाध्याय। मनुष्य व परमात्मा दोनों एक दूसरे से अभिन्न हैं। हमारे पुराण तथा उपनिषद् ऐसी कथाओं भी से भरे पड़े हैं जो सत्य की विजय, अहिंसा की शांति, ब्रह्मचर्य का तेज, अस्तेय की पवित्रता और अपरिग्रह की निस्वार्थता सत्ता को दर्शाते हैं। ये 'यम' कहलाते हैं। दूसरी ओर अपने आन्तरिक विकास के लिए हमें नियमों का पालन करना होता है। अर्थात ऊंचे आदर्शों की धारणा, उनका तथा हम सब को बनाने वाले ईश्वर का ध्यान व उनके स्वरूप की कल्पना, अपनी इन्द्रियों को वश में रखना, आपने शरीर को संतुलित रखने के लिए आसन, व प्राणायाम करना, अपने मस्तिष्क को सक्रिय रखने के लिए स्वाध्याय तथा समाधि में बैठना।




सत्य, अहिंसा, अस्तेय (चोरी ना करना) व अपरिग्रह (अनावश्यक संग्रह ना करना) बालक को भी शुरू से सिखाने चाहिए। इन आदर्शों का पालन एक व्यवस्थित समाज का निर्माण करता है। यदि कोई इनका पालन नहीं करता तो दुनिया में अराजकता पैदा होगी और हमारा बच्चा भी उसी अराजकता को आगे बढ़ायेगा। यहां पर श्री मां का कथन सुसंगत है। वे कहती है कि यदि माता-पिता स्वयं सत्य नहीं बोलते तो बच्चा आगे चलकर सच बोलेगा इसमें संदेह बना रहेगा। बहुत से बच्चों को कुछ अच्छी बातें उनके माता पिता (अज्ञानवश) जैसे, की सफाई से रहना सिखाते ही नहीं। वह स्वयं वर्षों बाद जाकर साफ रहना सीख पाता है।

श्री मां यह भी कहती है कि नैसर्गिक रूप से हर बच्चों में यह प्रवृत्ति होती है कि वह अपने सामने दुनिया में अच्छाई, न्याय, सफाई, प्रेम, सुरक्षा, आनंद, और सौंदर्य ही देखे। वह देखना चाहता है कि नित्य, निरंतर चमत्कार हों, सचेतन और सतत सफलता हो। जब वह छोटा होता है तो वह चमत्कारों के ही सपने देखता है। वह चाहता है कि सब दुष्टता लुप्त हो जाए। सब कुछ ज्योतिर्मय, सुंदर और प्रसन्न हो। वह सुखान्त कहानियों को पसंद करता है। इस आशावादिता को उसके मन में स्थापित करना चाहिए। किंतु माता-पिता या शिक्षक इस सब पर पानी फेर देने में समय बिता देते हैं, यह कहकर कि ओह! यह तो एक सपना है- यह एक वास्तविकता नहीं है। इस तरह से वे उसे एक आशावान व प्रसन्नचित, बालक बनाने की बजाय उसे एक साधारण या मामूली बालक बना देते हैं और उसमें संकीर्णता या भावनाहीनता ला देते हैं। वे उसमें निराशावाद भर देते हैं। यह भाव माता-पिता स्वयं के अंदर एक तेजाब की तरह है, जो भावी संभावनाओं में आशा निश्चयता और दृढ़ विश्वास को धो डालता है।

कहानी लेखकों की बात पर श्री मां कहती है कि बहुत थोड़े से लोग ही ऐसे होते हैं जो यहां जानते हैं कि कोई सुंदर कहानी कैसे लिखी जाती है। बहुधा अपनी कहानियों में वे भयावह वस्तुओं को शामिल कर देते हैं, जिसका कोई औचित्य भी नहीं होता। अपनी आशावादिता का या सृजनात्मक शक्ति का प्रयोग कैसे किया जाता है- इसका ज्ञान यदि अभिभावक को हो जाए तो वह बच्चों के लिए एक बेहतर भवितव्यता की पृष्ठभूमि तैयार कर सकता है।

दूसरी बात, श्री मां पूर्ण निष्कपटता पर बल क्यों देती हैं? जब तुम छोटे थे तो तुम्हें क्या सिखाया गया था?, माता-पिता लगभग सदा ही बच्चों को सिखाते हैं कि झूठ बोलना बहुत बुरा है। परंतु दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि वे स्वयं तुम्हारी उपस्थिति में झूठ बोलते हैं... दूसरों की आंखों में अच्छा दिखने के लिए, वे सिखाते हैं कि किस तरह का (बच्चें) स्वांग भरें... यह कपट को उकसाता है। परंतु यह कपट बच्चों को भी निर्मल बने रहने नहीं देता।

## जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित
**दर्शन**

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

## तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गई और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था- राम राम! श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। फिर उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद पवाया, जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहाः यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहां शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा- हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया। इस चमत्कार को देखकर सभी श्री रामचंद्र जी की एवं रामनाम की जय जयकार करने लगे और श्रीतुलसीदास जी की नामनिष्ठा पर बलिहार हो गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हर तरह का अतिक्रमण हटाया जाए

पूरे देश में कहीं भी किया गया अतिक्रमण और सरकारी भूमि पर अवैध नया–पुराना, हर प्रकार का अतिक्रमण और अवैध निर्माण हटाना बहुत जरूरी है। भारत 140 करोड़ व्यक्तियों का देश है। रोटी हर किसी ने खानी है, बच्चे सभी ने पालने हैं। अधिकतम लोग ये धमकियां देते हैं कि वे लोग ऐसे कब्जे नहीं करेंगे तो वे जिएंगे कैसे? इस हिसाब से, ऐसी बदमाशी देश के सभी नागरिक करने लगे तो हमारे समाज और देश का क्या हाल हो जाएगा। अतिक्रमणकारियों, तुम 'रोटी खाकर' तथा अपने 'बच्चे पालकर' देश के ऊपर कोई एहसान नहीं कर रहे हो। ये बहुत बड़ी बदमाशी, नीचता और गुंडागर्दी वाली बात हो जाती है। एक तो सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, ऊपर से कानून व प्राधिकार को चुनौती और धमकियां देना जायज नहीं है। हर तरह के अवैध कब्जे हटने चाहिए।

*-महेंद्र ठाकुर, धमतरी*

## करंट अफेयर

# एनटीपीसी का दो परमाणु इकाइयां लगाने पर विचार

ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने की योजना के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी बिहार के बांका जिले में 700–700 मेगावाट की दो परमाणु इकाइयां स्थापित करने पर विचार कर रही है। इस परियोजना पर लगभग 25,000 करोड़ रुपये का निवेश हो सकता है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि पटना से करीब 250 किलोमीटर दूर स्थित इस जिले में प्रस्तावित दो परमाणु इकाइयों के लिए फिलहाल व्यवहार्यता अध्ययन किया जा रहा है। बिहार सरकार ने परियोजना के लिए पूरा सहयोग और जल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इन इकाइयों के लिए करीब 1,000 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी। उद्योग के अनुमानों के मुताबिक, एक गीगावाट क्षमता के परमाणु संयंत्र पर 15,000 से 20,000 करोड़ रुपये का निवेश आता है। अधिकारी ने कहा कि व्यवहार्यता रिपोर्ट पूरी होने के बाद विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। एनटीपीसी देश के विभिन्न स्थानों पर करीब 30 गीगावाट की परमाणु क्षमता स्थापित करने की योजना बना रही है, जो 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु क्षमता हासिल करने के सरकारी लक्ष्य के अनुरूप है।



## ऑफ बीट

# मद्यपान यकृत की बीमारी को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार

यकृत बेहद जरूरी अंग है। इंसान को जीने के लिए इसकी जरूरत होती है। यकृत चयापचय और भोजन भंडारण में योगदान देता है, रक्त का थक्का जमाने में मदद करने वाले प्रोटीन का उत्पादन करता है और प्रतिरक्षा प्रणाली में अहम भूमिका निभाता है। कोशिका के स्तर पर, शराब एक विषैला पदार्थ है जिसका चयापचय (विघटन) मुख्यत: यकृत में होता है। जब शराब की मात्रा बहुत अधिक हो जाती है, तो यकृत की कोशिकाएं सूज जाती हैं और क्षतिग्रस्त हो जाती हैं (यकृत की सूजन को हेपेटाइटिस कहते हैं)। समय के साथ, सूजन या क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की जगह फाइब्रोसिस आ जाता है, यानी सामान्य यकृत ऊतक का स्थान नुकसान पहुंचाने वाले ऊतक ले लेते हैं, जिसके परिणामस्वरूप सिरोसिस की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और यकृत के कार्य करने की क्षमता में शिथिलता आ जाती है। सिरोसिस अपने आप में घातक हो सकता है और यकृत कैंसर का कारण भी बन सकता है। शराब यकृत रोग में किस प्रकार हिस्सेदार? शराब के कारण होने वाले यकृत रोग को शराब संबंधित रोग या एएलडी कहा जाता है, जिसे पहले अल्कोहलिक लिवर डिसीज कहा जाता था। ज्यादा शराब पीने वाले, अक्सर शराब सेवन विकार (एयूडी) से पीड़ित लोगों में सिरोसिस और 'लिवर फेलियर' हो सकता है।



## ट्रेंड

### बंगाल में केंद्रीय बल तैनात रहेंगे



पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद भी सात दिनों तक केंद्रीय बल तैनात रहेंगे। भले ही भाजपा सत्ता में आ जाए। यह राज्य की सुरक्षा के लिए जरूरी है। लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। ऐसे लोगों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

**-अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### केजरीवाल का मुखौटा उतरा



भाजपा ने आम आदमी पार्टी को कांग्रेस खिलाफ 'प्रॉक्सी' की तरह इस्तेमाल किया है। अब आप एवं अरविंद केजरीवाल का मुखौटा उतर चुका है। केजरीवाल की पार्टी ने धनकुबेरों को धन के आधार पर राज्यसभा भेजा और अब इसका नाम अरबपति आदमी पार्टी हो जाना चाहिए।

**-अजय माकन**, कोषाध्यक्ष, कांग्रेस

### क्या सारे सांसद गलत



मैं गलत हो सकता हूं लेकिन कुल 7 सांसदों ने पार्टी छोड़ी तो क्या सारे गलत हो गए। इससे पहले भी जिन लोगों ने पार्टी छोड़ी, क्या वह भी गलत हो गए। मैं पार्टी का फाउंडर मेंबर रहा। जिस मकसद से यह पार्टी बनी थी, अब ये वह पार्टी नहीं रही।

**-राघव चड्ढा**, भाजपा नेता

### सरकार के इशारे पर उत्पीड़न



गाजीपुर में सपा कार्यकर्ता के साथ जो उत्पीड़न हुआ, वह सरकार के इशारे पर हुआ। इसमें सरकारी अधिकारियों व भाजपा से जुड़े लोगों की भूमिका है। भाजपा नहीं चाहती कि उनकी पार्टी पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों के साथ खड़ी होकर उन्हें न्याय दिलाए। **-अखिलेश यादव**, सपा प्रमुख

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने बैरकपुर में चुनावी रैली में एक बार फिर गारंटी वाला मास्टरस्ट्रोक खेला

# यहां की धरती ने आजादी की पहली लड़ाई को ताकत दी थी, अब यही धरा आज बंगाल में बदलाव की राह को प्रशस्त करेगी, हमें भरोसा चाहिए, भाजपा चाहिए



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल का चुनावी रण अब अपने चरम पर है और दूसरे चरण की वोटिंग से पहले सियासी पारा उफान पर पहुंच गया है। प्रचार के आखिरी दिन राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने जनता को लुभाने के लिए वादों की बौछार कर दी है। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैरकपुर में चुनावी रैली के दौरान एक बार फिर गारंटी वाला मास्टरस्ट्रोक खेलकर मुकाबले को और तेज कर दिया है।

पीएम ने 5 बड़ी गारंटियों का एलान करते हुए साफ संदेश दिया कि सत्ता परिवर्तन अब दूर नहीं है। रोजगार, भर्ती, वेतन और गांवों में काम जैसे मुद्दों को हथियार बनाकर पीएम मोदी ने दूसरे चरण के चुनावी मैदान में सीधी टक्कर का बिगुल फूंक दिया है।

### पीएम मोदी की 5 गारंटी

- पहली : रेहड़ी पटरी वालों को बैंक से दी जाएगी मदद।
- दूसरी : भर्ती तय समय और पारदर्शी तरीके से होगी।
- तीसरी : रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे।
- चौथी : राज्य में 7वां वेतन आयोग का तुरंत लागू करेंगे।
- पांचवीं : पलायन रोकेंगे, गांवों में 125 दिन का रोजगार।

### 'पीएम-सीएम एक साथे तो विकास होवे दिन राते'



प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में विशाल जनसमूह उमड़ा

### 'पलटनो दरकार, चाई बीजेपी सरकार'

पीएम मोदी ने कहा कि 1857 में इसी बैरकपुर की धरती ने आजादी की पहली लड़ाई को ताकत दी थी। यही धरती आज बंगाल में परिवर्तन की राह को और प्रशस्त कर रही है। भाजपा के चुनावी नारे और बंगाल में बदलाव की बयार का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने रैली में कहा कि बंगाल में हर ओर एक ही नारा सुनाई दे रहा है 'पलटनो दरकार, चाई बीजेपी सरकार। यानी जनता बदलाव चाहती है और भाजपा की सरकार बनाने का मन बना चुकी है।

### बंगाल को बचाना मेरा दायित्व

पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल के प्रति जो मेरा लगाव रहा है, शक्ति की भक्ति रही है। बंगाल मेरे व्यक्तिगत जीवन की आध्यात्मिक यात्रा का ऊर्जा केंद्र रहा है। बंगाल की धरती पर जो मैंने अनुभव किया है, उसे मैं अपने आप पर बहुत बड़ा आशीर्वाद समझता हूं। बंगाल की सेवा करना, सुरक्षित करना औरबचाना, ये मेरे भाग्य में भी है और मेरा दायित्व भी है। मैं इस दायित्व से पीछे नहीं हटूंगा।

### ... तो राज्य का उन्नयन दिन- रात होगा

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम-सीएम (भाजपा) एक साथे, तो विकास होवे दिन राते (जब केंद्र में पीएम और राज्य में भाजपा का सीएम साथ होंगे, तो विकास दिन-रात होगा) का नारा दिया है। जब केंद्र और राज्य में एक ही पार्टी (भाजपा) की सरकार होती है, तो विकास की गति तेज़ होती है और उन्नयन दिन-रात होता है।

ममता ने किया जीत का दावा

### मां माटी मानुष की लहर, सिर्फ वक्त का इंतजार



दूसरे चरण की वोटिंग से पहले मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने अपनी पार्टी की जीत को लेकर बड़ा दावा किया है। सोमवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए ममता ने कहा कि मां, माटी, मानुष की जीत अब भविष्यवाणी नहीं, बल्कि सिर्फ समय की बात है। उन्होंने कहा कि हाल ही में आयोजित पदयात्राओं और जनसभाओं में आम लोगों का जबरदस्त उत्साह, स्नेह और भावनात्मक समर्थन देखकर वह बेहद प्रभावित हुई हैं। ममता ने कहा कि पश्चिम बंगाल सदियों से सौहार्द, संस्कृति और सभ्यतागत गौरव का प्रतीक रहा है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा बंगाल की जागरूक और एकजुट जनता लोकतांत्रिक जवाब देगी।

बंगाल में तृणमूल बनाम कांग्रेस

### उदित राज ने ममता पर लगाए पार्टी कार्यकर्ताओं पर हमले के आरोप



कांग्रेस नेता उदित राज ने राज्य की मौजूदा स्थिति के लिए सीएम ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि राज्य में विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को राजनीतिक गतिविधियां करने से रोका जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब कार्यकर्ता पार्टी का झंडा लगाने की कोशिश करते हैं, तब भी उन पर हमला किया जाता है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की कथित हत्या की निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र पर हमला बताया।

### टीएमसी सांसद मिताली की कार पर हमला



टीएमसी ने भाजपा पर हिंसा और गुंडागर्दी के गंभीर आरोप लगाए हैं। सांसद मिताली बाग ने भी दावा किया कि अरामबाग में उनके चुनाव प्रचार के दौरान उनकी कार पर हमला किया गया। उन्होंने कहा कि हमले में लाठी-डंडों का इस्तेमाल किया गया और इसके पीछे भाजपा कार्यकर्ताओं का हाथ बताया जा रहा है।

### पश्चिम बंगाल की जनता के नाम लिखा पत्र

पीएम मोदी ने एक्स पर अपना पत्र शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा कि बंगाल के पूरे चुनाव अभियान के दौरान मुझे अपने परिवारजनों का जो अपार स्नेह और आशीर्वाद मिला है, उसने एक नई ऊर्जा से भर दिया है। युवाशक्ति,नारीशक्ति, किसान भाई-बहन , श्रमिक या फिर कारोबारी, सभी 'विकसित बंगाल' के लिए संकल्पित हैं।

शाह के रोड शो में उमड़ी भीड़

### प्रचार के आखिरी दिन धुआंधार रोड शो लोग बोले- हमें सोनार बांग्ला चाहिए...



चुनावी प्रचार के आखिरी दिन गृहमंत्री अमित शाह ने चंदननगर में रोड शो किया। इस दौरान भारी संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ा। शाह ने लोगों को संबोधित करते हुए फिर से चेताया कि अगर टीएमसी के गुंडे किसी को भी परेशान करते हैं, तो 4 मई के बाद उन्हें उलटा लटकाकर सीधा किया जाएगा। राज्य में इस बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। शाह ने कहा कि वह बंगाल को बाबरी मस्जिद नहीं चाहते हैं। वह बंगाल में राम मंदिर चाहते हैं। लोगों ने कहा कि वह पश्चिम बंगाल को फिर से सोनार बांग्ला बनाना चाहते हैं।

बंगाल में फिर गरजे सीएम योगी

### दीदी सड़कों पर नमाज पढ़वाती हैं हिंदू त्योहारों पर पाबंदी लगाती हैं



उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने हुगली में जनसभा में ममता सरकार पर तीखे आरोप लगाए। सीएम योगी ने कहा कि बंगाल अब बदलाव चाहता है और टीएमसी की राजनीति तुष्टीकरण पर आधारित है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में घुसपैठ को बढ़ावा दिया जा रहा है। यहां जय श्री राम बोलने पर प्रतिबंध लगाया जाता है, मां दुर्गा पूजा और मां दुर्गा पूजा विसर्जन की मूर्ति विसर्जन के शोभा यात्रा को प्रतिबंधित किया जाता है।

### डीजीपी-आईजी का कार्यकाल 6 माह बढ़ा



केंद्र ने बंगाल के डीजीपी और महानिरीक्षक सिद्ध नाथ गुप्ता की सेवा को उनकी तय सेवानिवृत्ति तारीख 30 अप्रैल के बाद 6 महीने के लिए बढ़ा दिया है। सोमवार को जारी एक आदेश में यह जानकारी दी गई।

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा करेंगी इसका नेतृत्व

# महिला आरक्षण को तत्काल लागू करने की मांग पर कल दिल्ली विस का घेराव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के आग उगलते मौसम में महिला कांग्रेस ने महिला आरक्षण को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग को लेकर दिल्ली विधानसभा घेराव का ऐलान किया है। इस आंदोलन का नेतृत्व अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा करेंगी। पार्टी ने इसे महिलाओं के अधिकारों और राजनीतिक भागीदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण जन आंदोलन बताया है।



अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की ओर से बताया गया है कि यह प्रदर्शन प्रातः 11 बजे शुरू होगा। प्रदर्शनकारी परमानंद अस्पताल के पास, सिविल लाइन्स मेट्रो स्टेशन, दिल्ली में एकत्र होंगे, जहां से दिल्ली विधानसभा की ओर मार्च और घेराव किया जाएगा।

महिला कांग्रेस का कहना है कि लंबे समय से देश में महिलाओं को राजनीति में पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिलाने की मांग उठती रही है, लेकिन अब तक महिला आरक्षण को पूरी तरह लागू नहीं किया गया है। पार्टी का आरोप है कि केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण को केवल राजनीतिक घोषणा तक सीमित रखा है, जबकि इसे जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा इस प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करने और आरक्षण के त्वरित क्रियान्वयन की मांग उठाएंगी। पार्टी नेताओं का कहना है कि महिलाओं को केवल वादों से नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकारों और वास्तविक प्रतिनिधित्व से सशक्त बनाया जा सकता है।

महिला कांग्रेस का मानना है कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की पर्याप्त भागीदारी लोकतंत्र को और मजबूत बनाएगी। इसी उद्देश्य से दिल्ली विधानसभा के घेराव का निर्णय लिया गया है, ताकि सरकार पर दबाव बनाया जा सके और महिला आरक्षण को बिना किसी देरी के लागू किया जा सके।

### पार्टी ने इसे निर्णायक अभियान बताया

इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों और महिला अधिकारों से जुड़े लोगों के शामिल होने की संभावना है। पार्टी ने इसे महिलाओं की आवाज बुलंद करने का एक निर्णायक अभियान बताया है। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की महासचिव एवं दिल्ली महिला कांग्रेस की प्रभारी शिल्पी अरोड़ा ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण जनआंदोलन की कवरेज के लिए उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि यह केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, अधिकार और समान भागीदारी की लड़ाई है। महिला कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि जब तक महिला आरक्षण को पूरी तरह लागू नहीं किया जाता, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। पार्टी का कहना है कि महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी दिलाना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है और इसी उद्देश्य से यह आंदोलन आयोजित किया जा रहा है।

गाजीपुर की पीड़िता से मिलने जा रहे थे कांग्रेस नेता

# कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को वाराणसी एयरपोर्ट पर रोक लिया और पुलिस हिरासत में लिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

गाजीपुर में पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को वाराणसी एयरपोर्ट पर पुलिस द्वारा हिरासत में लेने का मामला राजनीतिक रूप से गरमा गया है। कांग्रेस ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन बताते हुए भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाया। वे आगाजीपुर की पीड़िता से मिलने जा रहे थे।

कांग्रेस के बयान में कहा गया कि 'गाजीपुर में पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को बनारस एयरपोर्ट पर पुलिस ने हिरासत में ले लिया। भाजपा सरकार पुलिस के दम पर हमारी आवाज रौंदना चाहती है और सच्चाई को छिपाना चाहती है। कांग्रेस अन्याय के खिलाफ हमेशा मजबूती से खड़ी रही है और इस बार भी पीछे हटने वाली नहीं है। बयान में कहा गया, लेकिन वे याद रखें, हम कांग्रेस के योद्धा हैं। भाजपा की दमनकारी सरकार चाहे कितना भी जोर लगा ले, हम गाजीपुर की बेटी को न्याय दिलवाकर रहेंगे। न रुकेंगे, न टूटेंगे,सच के लिए लड़ते रहेंगे।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है और महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों में सरकार संवेदनहीन रवैया अपना रही है। पीड़ित परिवार से विपक्षी नेताओं की मुलाकात को रोकना इस बात का संकेत है कि सरकार सच सामने आने से डर रही है। प्रतिनिधिमंडल में कई वरिष्ठ नेता शामिल थे, जो सीधे वाराणसी से गाजीपुर जाने वाले थे। लेकिन एयरपोर्ट पर भारी पुलिस बल पहले से तैनात था और नेताओं को बाहर निकलने से पहले ही रोक लिया गया। उन्हें हिरासत में लिया गया। इससे कांग्रेस में भारी आक्रोश देखा गया। पार्टी ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इसे लोकतंत्र की हत्या बताया। सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस समर्थकों ने सरकार के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उत्तर प्रदेश में ऐसे मामलों को लेकर विपक्ष और सरकार के बीच टकराव लगातार बढ़ रहा है। खासतौर पर महिलाओं से जुड़े अपराधों और पीड़ित परिवारों से मिलने को लेकर विपक्ष सरकार को घेरने की रणनीति पर काम कर रहा है।फिलहाल, कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि वह इस मुद्दे को लेकर पीछे नहीं हटेगी और गाजीपुर की पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए अपना संघर्ष जारी रखेगी। पार्टी ने कहा है कि लोकतंत्र में जनता की आवाज को दबाया नहीं जा सकता और न्याय की लड़ाई हर हाल में जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी पहुंचे सिक्किम राज्य को देंगे बड़ी सौगात



**गंगटोक।** पीएम नरेंद्र मोदी सोमवार से 2 दिनी सिक्किम दौरे पर पहुंचे। लोगों ने स्वागत किया। वे सिक्किम के स्थापना दिवस के 50 वर्ष पूरे होने के समापन समारोह में हिस्सा लेंगे। 4000 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ भी करेंगे। प्रधानमंत्री दोपहर ही पहुंचे।

### लद्दाख में 5 नए जिले बनाने को मिली मंजूरी




**लद्दाख।** एलजी विनय कुमार सक्सेना नेलद्दाख में 5 नए जिलों के गठन को मंजूरी दे दी है। केंद्र शासित प्रदेश में अब जिलों की संख्या बढ़कर 7 हो गई है। इसे लोगों की मांग को पूरा करने वाला ऐतिहासिक कदम बताया जा रहा है। इनमें नुब्रा, शाम, चांगथांग, जांस्कर और द्रास शामिल हैं।

किसान अपनी मिट्टी, जलवायु, पानी की उपलब्धता के आधार पर कर सकेंगे खेती

उत्पादकता के साथ फसल विविधीकरण पर रहेगा जोर

# हर राज्य के लिए अलग कृषि रोडमैप जारी करने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का होगा गठन: चौहान

केंद्रीय कृषि मंत्री ने एक उच्चस्तरीय समिति के गठन का भी निर्देश दिया वैज्ञानिक तरीके से खेती करने का भी किया आग्रह



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कृषि-जलवायु क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक राज्य के लिए स्वतंत्र कृषि रोडमैप जारी करने के लिए सोमवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में नई दिल्ली में एक उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में चौहान ने अधिकारियों से कहा कि राज्यों के लिए अलग कृषि रोडमैप कृषि व्यवस्था में सुधार लाने का एक गंभीर प्रयास है। उन्होंने कहा कि विदिशा, रायसेन, सीहोर और देवास जिलों के लिए कृषि विकास का रोडमैप मध्य प्रदेश के रायसेन में आयोजित उन्नत कृषि महोत्सव के दौरान जारी किया गया था। इस रोडमैप को एक मानक या आदर्श मानकर राज्यों के लिए अलग-अलग कृषि रोडमैप जारी किया जाए। इस कार्य के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री ने एक उच्चस्तरीय समिति के गठन का भी निर्देश दिया। चौहान ने कहा कि किसान अपनी मिट्टी, जलवायु, पानी की उपलब्धता और संसाधनों के आधार पर वैज्ञानिक तरीके से खेती करें इसके लिए जरूरी है कि उनके पास एक वैज्ञानिक दस्तावेज हो। कृषि रोडमैप इसी दस्तावेज का कार्य करेगा।

### राज्यों के सहयोग से जारी होगा कृषि रोडमैप

यह रोडमैप राज्यों के सहयोग से, उनकी आवश्यकताओं और इच्छाशक्ति के आधार पर तैयार किया जाएगा। किसी भी राज्य पर इसे थोपा नहीं जाएगा। राज्यों में राजस्थान, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश ने प्रारंभिक रूप से अपनी सहमति कृषि रोडमैप के लिए दे दी है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि मंत्रालय और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) मिलकर संबंधित राज्यों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए यह रोडमैप तैयार करेंगे।

### उत्पादन और उत्पादकता दोनों में वृद्धि का लक्ष्य

इस रोडमैप के तहत प्रत्येक राज्य के लिए यह निर्धारित किया जाएगा कि वहां की आदर्श कृषि प्रणाली क्या हो, कौन-सी फसलें स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल और अधिक लाभकारी होंगी तथा कृषि क्षेत्र में और किन आवश्यकताओं पर ध्यान दिया जाना चाहिए। देश में मौजूद 12 प्रमुख कृषि क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए, प्रत्येक राज्य में उसी के अनुरूप कृषि गतिविधियों की योजना बनाई जाएगी ताकि उत्पादन और उत्पादकता दोनों में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

### फसल विविधीकरण पर जोर

इसके साथ ही केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए गेहूं और धान पर निर्भरता कम कर अन्य फसलों को प्रोत्साहित किया जाएगा। जिन क्षेत्रों में सोयाबीन जैसी फसलें प्रमुख हैं वहां उनकी उत्पादकता बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। वहीं, जहां उत्पादन अधिक है, वहां क्लस्टर आधारित विकास, प्रोसेसिंग और मार्केटिंग की मजबूत व्यवस्था विकसित की जाएगी।

### नवाचार और विशेष पहल

पर्पल रेवोल्यूशन (लैवेंडर) की तर्ज पर अन्य राज्यों में भी विशिष्ट कृषि क्रांतियों को बढ़ावा दिया जाएगा। स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार नई तकनीकों और नवाचारों को शामिल किया जाएगा।

### सभी जरूरतों का रखा जाएगा ध्यान

केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि एक बार राज्यों के कृषि रोडमैप तैयार होने के बाद, उनकी आवश्यकताओं का विश्लेषण कर आर्थिक, तकनीकी और संरचनात्मक जरूरतों के अनुसार चरणबद्ध तरीके से आगामी कदम उठाए जाएंगे।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण चल स्टॉक, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, गाजियाबाद द्वारा निविदा संख्या **230-TRS-GZB-2025-26-32** के आधार पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का विवरण | 'Attending and Filling up of dry, screened, clean sand in sandbox after draining out of moist or wet sand if any inside the sandbox along with its disposal at provided place and ensuring free flow of sand in AC Electric Locomotives with supply of sand confirming to RDSO specification No. AARM-916-51 and packed in 10 kg water proof bags for use in Electric Locomotives sanding equipment round the clock' at Electric Loco Shed, Ghaziabad. |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत | ₹43,31,858.40 |
| 3. | धरोहर राशि | ₹86,600.00 |
| 4. | निविदा बोली प्रस्तुत करने की समापन तिथि और समय | 22.05.2026 (15:00 Hrs.) |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि और समय | 22.05.2026 (After 15:00 Hrs.) |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

नोट : (i) निविदाकर्ता को ई–निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं हैं।

**संख्या 230-TRS-GZB-2025-26-32 दिनांक : 25.04.2026** **1391/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फ़िरोज़** पुत्र किशन, निवासी झुग्गी, आर्य सोसाइटी के पास, मानव चौक, सेक्टर-15, रोहिणी, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1129/2019 धारा 379/411 भा.दं.सं. थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **फ़िरोज़** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रुप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **फ़िरोज़** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा **धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता** की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1129/2019 धारा 379/411 भा.दं.सं. थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **फ़िरोज़** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **29.05.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: सुश्री भारती बेनीवाल, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-05 (उत्तर), कक्ष संख्या-114, प्रथम मंजिल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली।**

DP/5522/ON/2026

## खबर संक्षेप

### डॉलर के मुकाबले रुपया एक पैसा बढ़कर 94.15

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को एक पैसे की मामूली बढ़त के साथ 94.15 (अस्थायी) पर बंद हुआ। वैश्विक अनिश्चितता, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच निवेशकों की धारणा प्रभावित होने के बावजूद रुपया बढ़त में रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि रुपया ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपनी शुरुआती गिरावट की भरपाई की, लेकिन कुल मिलाकर रुझान नकारात्मक बना हुआ है क्योंकि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने घरेलू मुद्रा की बढ़त को सीमित कर दिया है।

### एनएसई ने आईजीएक्स में हिस्सेदारी बेची

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने नियामकीय मानदंडों का पालन करने के लिए इंडियन गैस एक्सचेंज में अपनी करीब एक प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह हिस्सेदारी बिक्री पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड के नियमों के अनुरूप है जिनके अनुसार किसी एक इकाई की एक्सचेंज में हिस्सेदारी 25 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती।

### वेदांता की ओर से प्रभावितों को मिला पूरा मुआवजा

**नई दिल्ली।** वेदांता पॉवर ने छत्तीसगढ़ के सिंघितराई में अपने विद्युत संयंत्र की इकाई-1 में हुई दुःखद घटना के बाद मृतकों और घायलों के परिवारों को पूर्ण मुआवजा प्रदान कर दिया है। कंपनी ने प्रभावित कर्मचारियों और उनके परिवारजनों की हरसंभव मदद करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। बीते सप्ताह इकाई-1 की बॉयलर से जुड़ी समस्या के कारण उच्च दबाव वाले गर्म पानी और भाप का रिसाव हुआ था। इस इकाई का संचालन और रखरखाव कंपनी की ओएंडएम ठेका कंपनी एनजीएसएल द्वारा किया जा रहा था।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# पीएनबी लाया ग्राहकों के लिए यूपीआई पर उधारी की सुविधा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने करीब 18 करोड़ ग्राहकों के लिए डिजिटल पेमेंट को और आसान बनाने के लिए फिनटेक कंपनी किवी के साथ समझौता किया हैं। किवी को क्रेडिट-ऑन-यूपीआई प्लेटफॉर्म के तौर पर जाना जाता है। इस पहल का मकसद ग्राहकों को यूपीआई के जरिए भी क्रेडिट सुविधा उपलब्ध कराना हैं। जिससे ग्राहकों के लिए पेमेंट का तरीका और ज्यादा सुविधाजनक बन सके। इसके तहत बैंक रुपी नेटवर्क पर पीएनबी किवी क्रेडिट कार्ड लांच करेगा।

## क्रेडिट कार्ड अब आपके मोबाइल में!

### आसान इस्तेमाल साथ में कैशबैक

यह कार्ड पूरी तरह डिजिटल होगा और यूपीआई से आसानी से जुड़ जाएगा। जिससे पेमेंट करना काफी आसान हो जाएगा। इसके साथ ही ऑनलाइन ट्रांजेक्शन पर 0.5 से 1.5 प्रतिशत तक कैशबैक भी मिलेगा। यानी यूजर्स को सुविधा के साथ-साथ कैशबैक का भी लाभ मिलेगा।




### बिना फीस के डिजिटल कार्ड

यह कार्ड पूरी तरह डिजिटल तरीके से जारी होगा। यानी ग्राहक इसके लिए घर बैठे ऑनलाइन ही अप्लाई कर सकेंगे। आवेदन करने के लिए ज्यादा कागजी झंझट भी नहीं है। जिससे प्रक्रिया आसान और तेज हो जाएगी। सबसे खास बात यह है कि इस कार्ड पर न कोई जॉइनिंग फीस लगेगी और न ही कोई सालाना शुल्क। जिससे यह आम लोगों के लिए और ज्यादा सुविधाजनक बन जाता हैं।

### कॉमप्रिहेंसिव बनाम थर्ड-पार्टी मोटर इंश्योरेंस, कौनसा फायदेमंद

**नई दिल्ली।** जब मोटर इंश्योरेंस खरीदने की बात आती है, तो कई बातों पर ध्यान देना ज़रूरी होता है.। इनमें सबसे अहम है यह तय करना कि आपको किस प्रकार का कवरेज चाहिए। थर्ड-पार्टी मोटर इंश्योरेंस मोटर वाहन अधिनियम के तहत सबसे बुनियादी और कानूनी रूप से आवश्यक कवरेज है। यह उस स्थिति में आपकी वित्तीय देयताओं को कवर करती है, जब आपके वाहन से किसी अन्य व्यक्ति या उसकी संपत्ति को नुकसान पहुंचता है। वहीं कॉमप्रिहेंसिव मोटर इंश्योरेंस इससे एक कदम आगे जाता है, इसमें थर्ड-पार्टी सुरक्षा के साथ-साथ आपके अपने वाहन को होने वाले नुकसान का भी कवर मिलता है, जैसे दुर्घटना, चोरी, आग, तोड़फोड़ या प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली क्षति, इसके अलावा, पॉलिसीधारक अपनी सुरक्षा को और मज़बूत करने के लिए ज़ीरो डेप्रिसिएशन, रोडसाइड असिस्टेंस और इंजन प्रोटेक्शन जैसे वैकल्पिक ऐड-ऑन्स भी चुन सकते हैं।

## भारतीय कॉरपोरेट इतिहास की सबसे बड़ी डील्स में गिना जा रही

# सन फार्मा 11.75 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर ऑर्गेनॉन एंड कंपनी का करेगी अधिग्रहण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय दवा उद्योग के इतिहास में रविवार एक बड़े ग्लोबल टर्निंग पॉइंट के रूप में दर्ज हो गया। देश की सबसे बड़ी फार्मा कंपनी सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज ने अमेरिकी दिग्गज ऑर्गेनन को खरीदने का ऐलान कर पूरी दुनिया को चौंका दिया है। करीब 11.75 बिलियन डॉलर यानी लगभग 98 हजार करोड़ रुपए की यह डील भारतीय कॉरपोरेट इतिहास की सबसे बड़ी और रणनीतिक डील्स में गिनी जा रही है। इस अधिग्रहण के साथ सन फार्मा अब केवल एक भारतीय कंपनी नहीं रही बल्कि एक ग्लोबल फार्मा सुपरपावर के रूप में उभरी है। इस सौदे के पीछे कंपनी के संस्थापक दिलीप सांघवी का विजन साफ दिखता है और यह भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत का भी संकेत देता है। वित्त वर्ष 2025 तक सन फार्मा का सालाना रेवेन्यू करीब 6.48 बिलियन डॉलर था, जबकि ऑर्गेनन का

- अमेरिकी दिग्गज ऑर्गेनन को खरीदने का ऐलान कर पूरी दुनिया को चौकाया

**खास बातें**

- यह पूरी डील करीब 98 हजार करोड़ रुपए की मानी जा रही
- सन फार्मा अब एक भारतीय नहीं एक ग्लोबल फार्मा सुपरपावर के रूप में उभरी




### विमेंस हेल्थ सेगमेंट में दबदबा

ऑर्गेनन की सबसे बड़ी ताकत महिलाओं के स्वास्थ्य और बायोसिमिलर्स में उसकी मजबूत पकड़ है। इस डील के बाद सन फार्मा 10 बिलियन डॉलर से बड़े विमेंस हेल्थ मार्केट में लीडर बन सकती है। फर्टिलिटी से लेकर गर्भनिरोधक दवाओं तक कंपनी की मौजूदगी अब और मजबूत होगी। ऑर्गेनन का नेटवर्क 140 से ज्यादा देशों में फैला हुआ है। इस अधिग्रहण से सन फार्मा को यूरोप और लैटिन अमेरिका जैसे बाजारों में मजबूत एंट्री मिल गई है। इससे कंपनी का ग्लोबल फुटप्रिंट 150 देशों तक पहुंच सकता है और यह किसी भी क्षेत्रीय आर्थिक झटके को झेलने में सक्षम बनेगी।

### बायोसिमिलर्स

बायोसिमिलर्स को आसान भाषा में समझें तो ये जटिल जैविक दवाओं (बायोलाजिक) की 'सटीक कॉपी' होते हैं। मसलन, एक महंगी ब्रांडेड घड़ी और उसके जैसी ही दिखने वाली और काम करने वाली दूसरी घड़ी। यह सामान्य जेनेरिक दवाओं की तरह केवल केमिकल मिक्सचर नहीं होते, बल्कि जीवित कोशिकाओं से बने होते हैं। इन्हें बनाना और रेगुलेट करना बेहद कठिन और खर्चीला काम है।

### खुशी के साथ थोड़ी चिंता भी: सांघवी

दवा कंपनी सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज के कार्यकारी चेयरमैन दिलीप सांघवी ने सोमवार को कहा कि अमेरिकी कंपनी ऑर्गेनॉन का अधिग्रहण 'खुशी' के साथ 'हल्की चिंता' का भी क्षण है। बड़े आकार के इस सौदे को वित्तपोषित करने के लिए कर्ज लेना होगा, जिसकी वजह से थोड़ी चिंता होना स्वाभाविक है, लेकिन कंपनी जोखिम लेने से पीछे हटने वाली नहीं है। उन्होंने कहा, हम कर्ज लेने से बचने वाली कंपनी जरूर हैं, लेकिन जोखिम से बचने वाली नहीं। ऐसे अवसर सामान्य परिस्थितियों में आसानी से नहीं मिलते।



### ग्लोबल रैंकिंग में बड़ी छलांग

करीब 13 बिलियन डॉलर के कंबाइंड रेवेन्यू के साथ सन फार्मा अब दुनिया की टॉप 12 से 15 फार्मा कंपनियों में शामिल हो सकती है। यह कंपनी को तेवा फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज और वियाट्रिस जैसे दिग्गजों के बराबर ला खड़ा करता है। साथ ही अब इसे फाइजर और नोवार्टिस की लीग में गिना जा रहा है।

## केआईआईटी को भारत का छठा सर्वश्रेष्ठ विवि और पूर्वी भारत में शीर्ष स्थान मिला



**भुवनेश्वर।** केआईआईटी-डीयू ने टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचएसई) एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में भारत के सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों में छठा स्थान प्राप्त किया है। यह विश्वविद्यालय न केवल ओडिशा में बल्कि पूरे पूर्वी भारत क्षेत्र में शीर्ष स्थान पर रहा है। 2025 में, विश्वविद्यालय देश का आठवां सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय था। वैश्विक स्तर पर, केआईआईटी एशिया में 169वें स्थान पर पहुंच गया है, जो 2024 में 196वें और 2025 में 184वें स्थान से लगातार और प्रभावशाली वृद्धि दर्शाता है। दा एशिया विश्वविद्यालय रैंकिंग 2026 में 36 देशों के 929 विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन पांच प्रमुख क्षेत्रों में कठोर प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर किया गया: शिक्षण (अधिगम वातावरण), अनुसंधान वातावरण (मात्रा, आय और प्रतिष्ठा), अनुसंधान गुणवत्ता (उद्धरण प्रभाव, शक्ति, उत्कृष्टता और प्रभाव), अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण (कर्मचारी, छात्र और अनुसंधान), और उद्योग आय (ज्ञान हस्तांतरण और पेटेंट)। यह रैंकिंग केआईआईटी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि एक युवा विश्वविद्यालय होने के बावजूद इसने कई स्थापित और प्रतिष्ठित संस्थानों को पीछे छोड़ दिया है। केआईआईटी और केआईआई के संस्थापक डॉ. अच्युता सामंता ने इस रैंकिंग की सराहना करते हुए कहा है कि यह शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए संकाय, कर्मचारियों और छात्रों के निरंतर प्रयासों और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि केआईआईटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीयकरण और नवाचार पर दिए गए जोर ने इसे विश्व स्तरीय शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में मदद की है, जिससे भारत और उससे बाहर उच्च शिक्षा के एक अग्रणी केंद्र के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है।

### प्रधानमंत्री 28-29 अप्रैल को उत्तर प्रदेश की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 28-29 अप्रैल को उत्तर प्रदेश की यात्रा पर रहेंगे। 28 अप्रैल को शाम करीब 5 बजे, प्रधानमंत्री वाराणसी में आयोजित महिला सम्मेलन में भाग लेंगे, जहां वे लगभग 6.350 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वे इस अवसर पर सभा को संबोधित भी करेंगे। 29 अप्रैल को सुबह लगभग 8:30 बजे प्रधानमंत्री वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री हरदोई के लिए रवाना होंगे और लगभग 11:30 बजे गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। वे इस अवसर पर सभा को संबोधित भी करेंगे। वाराणसी में प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री महिमा सम्मेलन में भाग लेंगे, जिसमें पूरे क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होंगी। प्रधानमंत्री 1.050 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 48 पूर्ण परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं में वाराणसी-आजमगढ़ सड़क का विस्तारीकरण करना, कज्जाकपुरा और कादीपुर में महत्वपूर्ण रेल ओवरब्रिज का उद्घाटन और भगवानपुर में 55 एमएलडी क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का उद्घाटन शामिल हैं। प्रधानमंत्री विभिन्न सामुदायिक परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

## शेयर बाजार में 3 दिन बाद तेजी लौटी

**मुंबई (एजेंसी)।** वैश्विक संकेतों में सुधार और प्रमुख कंपनियों में खरीदारी के चलते घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिन की गिरावट के बाद सोमवार को तेजी लौटी। सेंसेक्स 639 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 195 अंकों की बढ़त दर्ज की गई। विश्लेषकों के मुताबिक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और सन फार्मा के शेयरों में जोरदार लिवाली आने से मानक सूचकांकों में उछाल देखा गया। इसके अलावा ईरान और अमेरिका के बीच तनाव घटने के संकेतों ने भी धारणा को मजबूती दी। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 639.42 अंक उछलकर 77,303.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 755.83 अंक तक चढ़कर 77,420.04 के स्तर तक पहुंच गया था। इसी तरह निफ्टी 194.75 अंक यानी 0.81 प्रतिशत बढ़कर 24,092.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा का शेयर करीब सात प्रतिशत तक उछल गया। सन फार्मा द्वारा अमेरिकी कंपनी ऑर्गेनॉन के अधिग्रहण के लिए 11.75 अरब डॉलर के सौदे की घोषणा के बाद इसमें तेज खरीदारी देखी गई। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में भी 2.88 प्रतिशत की तेजी आई। साथ ही, अदाणी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, एचसीएल टेक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख बढ़त वाले शेयरों में शामिल रहे। दूसरी तरफ, एक्सिस बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, ट्रेंट और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

## चांदी 3,500 रुपये चढ़ी सोना 200 रुपये तेज


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतों में 3,500 रुपये की तेजी आई और यह 2.50 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई जबकि जौहरियों एवं खुदरा विक्रेताओं की ताजा लिवाली के कारण सोने की कीमतें भी बढ़कर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 2,47,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अखिल भारतीय सराफा संघ के मुताबिक, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में 200 रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''सोमवार को सोने का कारोबार स्थिर रहा; बाज़ारों में मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच कीमतें पिछले सत्र की सीमा के भीतर ही बनी रहीं।'' उन्होंने कहा कि अमेरिका-ईरान संबंधों को लेकर अनिश्चितता के कारण बाजार का रुख सतर्क बना रहा। कूटनीतिक प्रयासों में सीमित प्रगति और नई बातचीत के लिए कोई स्पष्ट समय-सीमा न होने के कारण, जिंसों और वित्तीय बाज़ारों में भू-राजनीतिक जोखिम प्रीमियम बना रहा। अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में, हाजिर सोना और चांदी दोनों ही मामूली गिरावट के साथ क्रमशः 4,704 डॉलर और 75.60 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहे थे। मिराए एसेट शेयरखान में प्रमुख (जिंस) प्रवीण सिंह ने कहा, ''अमेरिका-ईरान बातचीत रुकने के कारण हाजिर सोने की कीमतों में गिरावट आई, जिससे तेल की कीमतें बढ़ गईं।

## घाटशिला की टीम ने राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में लहराया परचम



**नई दिल्ली।** 25 एवं 26 अप्रैल 2026 को आयोजित झारखंड राज्य सब-जूनियर कैडेट एवं जूनियर कराटे चैम्पियनशिप 2026 में राज्य भर से लगभग 650 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में घाटशिला से पूर्वी सिंहभूम के नेतृत्व में पहुँची एकमात्र टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया। घाटशिला की ओर से कुल 29 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और अपने उत्कृष्ट कौशल, अनुशासन तथा दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए 5 सिल्वर एवं 6 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर शानदार सफलता हासिल की। मेडल विजेताओं में श्रद्धा अधिकारी, वर्षिता गोराई, राजकुमार डे, हार्दिक गोराई, अनन्या चौधरी, महाबीर पातर, तेजस दत्ता, तीक्षिता दास, प्राप्ति नंदा, सायन डे तथा अर्शप्रीत कौर के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय रहे। इन सभी खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से न केवल टीम को गौरवान्वित किया, बल्कि पूरे घाटशिला क्षेत्र को गर्व का अवसर प्रदान किया। इस उपलब्धि के पीछे टीम के समर्पित प्रशिक्षकों सेंसेई मनोहर बारिक एवं सेंसेई मिस्तु रानी डे का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनके मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत ने खिलाड़ियों को इस मुकाम तक पहुँचाया।

## जयपुर शहर में बन रहा जयपुर जंक्शन स्टेशन के जैसा एक और स्टेशन




**नई दिल्ली।** जयपुर में उपनगरीय स्टेशन खातीपुरा स्टेशन को पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर मेगा टर्मिनल स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। आधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ-साथ ट्रेनों के रखरखाव की सुविधाएं भी यहां उपलब्ध होंगी जिसमे सभी आधुनिक उपकरण लगाये जायेंगे। ट्रेनों के परिचालन के पश्चात खडा रखने के लिए अतिरिक्त स्टेबलिंग लाईने बनाई गई हैं। खातीपुरा को सैटेलाइट टर्मिनल के रूप में विकसित करने से नए मार्गों, विशेष रूप से दिल्ली कॉरिडोर और अन्य लंबी दूरी के गंतव्यों की ओर, शुरू करने की संभावना में भी सुधार होगा। यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के साथ-साथ खातीपुरा टर्मिनल भविष्य में विभिन्न दूर-दराज मार्गों की ट्रेनों के लिए एक महत्वपूर्ण मेंटेनेंस हब का रूप ले सकता है। सभी प्रकार के रेक जैसे वंदे भारत, एलएचबी, डेमू के एक ही जगह मेटेनेंस के लिए कोच केयर कॉम्पेलक्स के निर्माण का कार्य किया जा रहा है। कोच केयर कॉम्पलेक्स का कार्य 205 करोड़ रुपए की लागत के साथ प्रगति पर है। खातीपुरा स्टेशन पर नई लाइने, वॉशिंग पिट, ऑटोमैटिक कोच वांशिग प्लांट, स्टेबलिंग लाइन और तकनीकी संसाधनों का विकास किया जा रहा है, ताकि आने वाले समय में यह स्टेशन मेगा टर्मिनल स्टेशन के साथ ट्रेन रखरखाव का मजबूत केंद्र बने।

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–नविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्रम सं. | टेंडर संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 82268374 | टयूरोक्टोकॉग अल्फा पेगोल 1000 (वायल) | 500 नं. | 25.05.26 |

निविदा शर्तें : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं.: टेबलेट/इंजेक्शन और दवाएं
दिनांक : 27.04.2026 1396/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

संख्याः– 570–सिग–पी0स0–निविदा–142 दिनांकः– 27.04.2026

उप० मु० सिग० एवं दू० सं० अभि०/नि०/पी० स०/नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निर्धारित प्रपत्र पर सील्ड इ–निविदा (एकल प्रणाली) निम्नलिखित कार्य के लिए IREPS की वेब साइट पर आमंत्रित कर रहे है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थानः उत्तरी रेलवे के अंतर्गत गढ़ी हरसरू स्टेशन पर, Y–कनेक्शन की व्यवस्था के साथ S और T कार्य (इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग कार्य) किए जा रहे हैं। इन कार्यों में Westrace Make EI (इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम) में संशोधन शामिल है–जिरो केंद्रीकृत रो वितरित प्रणाली (1 हट के साथ) में बदला जा रहा है–ताकि गढ़ी हरसरू स्टेशन पर ट्रेनों को रिवर्स करने की आवश्यकता न पड़े। | |
| 2 | पूरा होने की अवधि | एलओए जारी होने की तारीख से 06 महीने |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु0 3.10 करोड़ (लगभग) |
| 4 | धरोहर राशि | रु0 6,19,400/– (रुपये छः लाख उन्नीस हजार चार सौ केवल)) (केवल ऑन लाइन जमा किया जाना है) |
| 5 | स्थान जहाँ से निविदा फार्म खरीदा जा सकता हैः उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर 29.04.2026 to 22.05.2026 के बीच 11.30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। | |
| 6 | निविदा फार्म जमा करने की आखिरी तारीख एवं समयः 22.05.2026. उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज फार्म 08.05.2026 से 22.05.2026 11.30 AM तक IREPS वेबसाइट पर जमा कराये जा सकते है। | |
| 7 | निविदा खुलने की तारीख एवं समयः ई–निविदा दिनांक 22.05.2026, 11.30 बजे खोला जाएगा। | |

1404/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** – सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 6209




**बाएँ से दाए-**


1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -6208 का हल**





## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 7 | 6 | 0 | 13 |
| बेंगलुरु | 8 | 6 | 2 | 12 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 |
| राजस्थान | 8 | 5 | 3 | 10 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 |
| चेन्नई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 |
| कोलकाता | 8 | 2 | 5 | 5 |
| मुंबई | 7 | 2 | 5 | 4 |
| लखनऊ | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



अभिषेक शर्मा
380 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



अंशुल कंबोज
14 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप



### कतर सुपरस्टॉक चैंपियनशिप जीतने वाले पहले भारतीय जोहान

**दोहा।** जोहान इमैनुअल फाइनल राउंड की दोनों रेस में पहला स्थान हासिल करके कतर सुपरस्टॉक 600 चैंपियनशिप (क्यूएसटीके) जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। चेन्नई के रहने वाले 19 वर्षीय जोहान को खिताब पक्का करने के लिए दोनों रेस जीतनी जरूरी थीं और वह इसमें सफल रहे। फाइनल राउंड की रेस से पहले वह हंगरी के मार्टन बेलेली से नौ अंकों से पीछे थे। भारतीय राइडर ने आखिर में 21 अंकों की बढ़त के साथ चैंपियनशिप अपने नाम की। उन्होंने 10 रेस में से छह में जीत हासिल की।

### मोहंती ने जिम्नास्टिक में ऑल-अराउंड स्वर्ण जीता

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के तपन मोहंती सोमवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में ऑल-अराउंड चैंपियन बने। ओडिशा का प्रतिनिधित्व करते हुए तपन ने 73.433 का शानदार स्कोर बनाया। उनके बाद योगेश्वर सिंह (हरियाणा) दूसरे स्थान पर रहे जिन्होंने 72.667 का स्कोर हासिल किया और श्रेयस चौधरी (एसएससीबी) तीसरे स्थान पर रहे जिन्होंने 71.268 का स्कोर बनाया। मेजबान राज्य का गौरव बढ़ाते हुए ओडिशा की टीम ने सीनियर एमएजी टीम चैंपियनशिप के फाइनल के लिए भी क्वालीफाई कर लिया।

### पुणे में मैच के दौरान टेबल टेनिस खिलाड़ी की मौत

**पुणे।** तमिलनाडु के आईएम लुइस राज की रविवार को यहां 32वीं राष्ट्रीय मास्टर्स टेबल टेनिस चैंपियनशिप के दौरान कोर्ट पर मैच खेलते हुए अचानक गिर जाने से मौत हो गई। राज 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग श्रेणी में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। वह महालुंगे-बालेवाड़ी स्थित श्री शिव छत्रपति खेल परिसर में आंध्र प्रदेश के वीवी रमना के खिलाफ अपना तीसरे दौर का एकल मैच खेल रहे थे तभी यह घटना हुई। राज 2-0 की बढ़त बनाने के बाद तीसरे गेम में 5-4 से आगे चल रहे थे तभी दोपहर करीब 12.15 बजे वह अचानक गिर पड़े। स्थल पर तैनात पैरामेडिक्स ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और सीपीआर तथा 'चेस्ट कम्प्रेशन' सहित आपातकालीन प्रक्रियाएं शुरू कीं।

# रघुवंशी को अंपायर से भिड़ना पड़ा महंगा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही उनके खाते में एक डिमेरिट प्वाइंट भी जोड़ा गया है। रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) के बीच हुए मुकाबले में रघुवंशी को आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है।

केकेआर की पारी के दौरान पांचवें ओवर की आखिरी गेंद पर अंगकृष रघुवंशी को 'ऑब्स्ट्रक्टिंग द फील्ड' के कारण आउट दे दिया गया था, जिसके बाद उन्होंने मैदान पर ही अपनी नाराजगी जाहिर की थी। अंगकृष ने पवेलियन लौटते हुए गुस्से में जोर से जमीन पर बल्ला मारा था और अपना हेलमेट बाउंड्री लाइन के पास फेंक दिया था। केकेआर का खेमा भी अंपायर के फैसले से काफी नाखुश दिखाई दिया था। टीम के हेड कोच अभिषेक नायर को भी गुस्से में अंपायर्स संग बातचीत करते हुए देखा गया था।



### 'ऑब्स्ट्रक्टिंग द फील्ड' का लगा था दोष

दरअसल, प्रिंस यादव की गेंद पर अंगकृष मिड-ऑन की तरफ शॉट खेलकर रन लेने के लिए दौड़े थे, लेकिन दूसरे छोर पर खड़े कैमरून ग्रीन ने उन्हें वापस भेज दिया था। अपना विकेट बचाने के लिए अंगकृष ने डाइव लगाई थी, लेकिन तभी फील्डर ने भी गेंद को स्टंप की तरफ थ्रो किया था। थ्रो सीधा अंगकृष के पैर में आकर लगा था, जिसके बाद एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत और बाकी खिलाड़ियों ने अपील की थी। मैदानी अंपायर्स ने थर्ड अंपायर की मदद ली थी, जिसके बाद अंगकृष को 'ऑब्स्ट्रक्टिंग द फील्ड' (फील्डिंग में बाधा पहुंचाने) का दोषी मानते हुए उन्हें आउट करार दे दिया था।

# सूर्यवंशी ने बच्चों से फोटो के लिए मांगे पैसे!



एजेंसी ▶▶| जयपुर

वैभव सूर्यवंशी मैदान के अंदर अपने खेल के लिए जितनी सुर्खियां बटोरते हैं, उतना ही मैदान के बाहर उनका मजाकिया अंदाज भी खूब वायरल होता है। शनिवार को हैदराबाद के खिलाफ 36 गेंद पर शतक लगाने के बाद अब यह 15 वर्षीय बल्लेबाज बच्चों के साथ मस्ती करते हुए सुर्खियां बटोर रहा है। राजस्थान रॉयल्स ने अपने एक्स हैंडल पर वीडियो शेयर किया है, जिसमें वैभव बच्चों से फोटो के लिए पैसे मांगते दिख रहे हैं।

### मैं फोटो के लिए पैसे लेता हूं

इस वीडियो में दिख रहा है कि वैभव सूर्यवंशी के पास दो बच्चे आते हैं और फोटो के लिए कहते हैं। फिर राजस्थान के ओपनर को मजाक सूझता है और वह कहते हैं,"मैं फोटो के लिए पैसे लेता हूं।" इसके बाद बच्चों को यकीन नहीं होता है और फिर वैभव बोलते हैं,सही बोल रहा हूं मैं। 100 रुपए लूंगा मैं पूरे। दोगे तो बोलो। इसके बाद मजा तब आता है जब दोनों में से एक बच्चा वैभव को 200 रुपए देने लगता है और बोलता है, एक मेरे साथ और एक इसके साथ। इसके बाद वैभव जोर से हंसने लगते हैं और कैमरे की ओर इशारा करते हुए कहते हैं, अरे भाई मजाक कर रहा हूं देखो उधर देखो। इस मस्ती-मजाक का वीडियो राजस्थान रॉयल्स ने शेयर किया। फैंस भी इसे पसंद कर रहे हैं और मजाकिया मीम्स के साथ शेयर भी कर रहे हैं।

## बेंगलुरु की आईपीएल में छठी जीत, कोहली के 9 हजार रन पूरे

# जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर के दम पर आरसीबी ने दिल्ली को नौ विकेट से रौंदा



जोश चार विकेट लेकर बने मैन आफ द मैच

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

भुवनेश्वर कुमार (तीन ओवर में पांच रन पर तीन विकेट) और जोश हेजलवुड (3.3 ओवर में 12 रन पर चार विकेट) की कमाल की गेंदबाजी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में सोमवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 81 गेंद शेष रहते नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। कैपिटल्स की पारी को 16.3 ओवर में 75 रन पर समेटने के बाद आरसीबी ने देवदत्त पडिक्कल (13 गेंद में नाबाद 34 रन) और विराट कोहली (15 गेंद में नाबाद 23 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी से 6.3 ओवर में एक विकेट पर 77 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। टीम ने आठ मैचों में यह छठी जीत दर्ज कर तालिका में दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत की, जबकि दिल्ली की यह आठ मैचों में पांचवीं हार है। आरसीबी ने इसके साथ ही आईपीएल इतिहास में गेंद के हिसाब से दूसरा सबसे तेज लक्ष्य हासिल कर मौजूदा सत्र में 18 अप्रैल को कैपिटल्स से मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया।

**देवदत्त 34 और कोहली 23 रन बनाकर नॉट आउट रहे**

पिछले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ दो विकेट पर 264 रन के साथ अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाली कैपिटल्स टीम का यह आईपीएल में तीसरा सबसे कम स्कोर है। टीम के लिए अभिषेक पोरेल ने सबसे ज्यादा 30 रन का योगदान दिया।

### दिल्ली-75/10 (16.3)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| साहिल पारख बो भुवनेश्वर | 00 |
| लोकेश का जितेश बो हेजलवुड | 01 |
| राणा का पडिक्कल बो हेजलवुड | 01 |
| रिजवी का जितेश बो हेजलवुड | 00 |
| स्टब्स का पडिक्कल बो भुवनेश्वर | 05 |
| अक्षर का जितेश बो भुवनेश्वर | 00 |
| अभिषेक पोरेल बो हेजलवुड | 30 |
| डेविड मिलर का जितेश बो सलाम | 19 |
| काइल जैमिसन पगबाधा पंड्या | 12 |
| कुलदीप यादव पगबाधा सुयश | 03 |
| दुष्मंता चमीरा नाबाद | 00 |

अतिरिक्त: 04
कुल योग: 16.3 ओवर में सभी आउट 75 रन
विकेट पतन: 1-0, 2-2, 3-2, 4-7, 5-7, 6-8, 7-43, 8-62, 9-71
गेंदबाजी: भुवनेश्वर 3-0-5-3, हेजलवुड 3.3-0-12-4, सलाम 2-0-21-1, शेफर्ड 2-0-21-0, सुयश 4-0-7-1, कृणाल 2-0-9-1

### आरसीबी-77/1 (6.3)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| जैकब का नटराजन बो जैमीसन | 20 |
| विराट कोहली नाबाद | 23 |
| देवदत्त पडिक्कल नाबाद | 34 |

अतिरिक्त: 00
कुल योग: 6.3 ओवर में एक विकेट पर 77 रन
विकेट पतन: 1-26
गेंदबाजी जैमीसन 3-0-42-1, चमीरा 2-0-18-0, अक्षर 1-0-5-0, नटराजन 0.3-12-0



### अजेय रथ पर सवार पंजाब आरआर की अग्नि परीक्षा!

**मुल्लांपुर।** पिछले कुछ मैचों में अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं कर पाने वाले राजस्थान रॉयल्स को मंगलवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अगर पंजाब किंग्स का अजेय रथ रोकना है तो रन बनाने के लिए जूझ रहे कप्तान रियान पराग को आगे बढ़कर नेतृत्व करना होगा। रिकी पोंटिंग का मुख्य कोच का पद संभालने और श्रेयस अय्यर के कप्तान बनने के बाद पंजाब किंग्स में आमूलचूल बदलाव देखने को मिले हैं और उसने तब से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले साल उसकी टीम उप विजेता रही थी और इस साल उसने शुरू से ही अच्छा प्रदर्शन किया है। श्रेयस ने कप्तान और बल्लेबाज के रूप में बेहद दबाव वाली परिस्थितियों में सराहनीय धैर्य का प्रदर्शन करते हुए पंजाब किंग्स के टूर्नामेंट में अब तक अजेय रहने में अहम भूमिका निभाई है। अय्यर ने शानदार कप्तानी की है, लेकिन उनकी पूरी टीम ने एकजुट होकर अपना योगदान दिया है। पंजाब किंग्स ने पिछले सत्र में आईपीएल के इतिहास के सबसे कम स्कोर का बचाव किया था और अब उसने नई दिल्ली में शनिवार को भीषण गर्मी के बावजूद रिकॉर्ड 265 रन के लक्ष्य को बेहद आसानी से हासिल कर लिया था।

■ आज रात 7 :30 बजे से रोमांचक मुकाबला

## शेवरोन चैंपियनशिप

### नेली फिर बनीं नंबर-1 महिला गोल्फर



एजेंसी ▶▶| ह्यूस्टन

*अमेरिका की नेली कोर्डा शेवरोन चैंपियनशिप जीतकर फिर से दुनिया की नंबर एक महिला गोल्फर बन गई हैं। कोर्डा ने चौथे और आखिरी दौर में दो अंडर 70 के स्कोर के साथ पांच शॉट की जीत हासिल की और अपने करियर का तीसरा मेजर खिताब जीता। उन्होंने कुल 18 अंडर 270 का स्कोर बनाया। यह उनकी एलपीजीए में 17वीं और विश्व स्तर पर 21वीं जीत थी। इससे यह 27 वर्षीय अमेरिकी स्टार अगस्त के बाद पहली बार महिला विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर वापसी करने में सफल रही। कोर्डा ने न केवल शुरू से अंत तक बढ़त बनाए रखी, बल्कि किसी अन्य खिलाड़ी ने उनके सामने चुनौती पेश ही नहीं की।*

# सिंधू उठाएगीं खिलाड़ियों के मसले बीडब्ल्यूएफ के लिए काम किया शुरू

एजेंसी ▶▶| होर्सेंस

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की परिषद के सदस्य के रूप में अपना कार्यकाल शुरू कर दिया है और उन्होंने दुनिया भर के खिलाड़ियों के मसलों को उठाने का वादा किया।

बैडमिंटन की सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक सिंधू ने दिसंबर में बीडब्ल्यूएफ खिलाड़ी आयोग की अध्यक्ष के रूप में चुने जाने के बाद बीडब्ल्यूएफ परिषद में पूर्ण मतदान का अधिकार हासिल कर लिया है। सिंधू आधिकारिक तौर पर 2025 के आखिर में परिषद में शामिल हुई थी। उन्होंने 25 अप्रैल को यहां वार्षिक आम बैठक में पहली बार हिस्सा लिया और इस तरह से उनके कार्यकाल की शुरुआत हुई।



### मेरे लिए सौभाग्य की बात : पीवी

सिंधू ने कहा, ' विश्व बैडमिंटन महासंघ के यह जिम्मेदारी निभाना और दुनिया भर के खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए वास्तव में सम्मान और सौभाग्य की बात है।'' उन्होंने कहा, बैडमिंटन ने मुझे बहुत कुछ दिया है और मुझे खुशी है कि मुझे इस क्षमता से भी खेल की सेवा करने का मौका मिल रहा है।'

# चोट के कारण एशियाई चैंपियनशिप नहीं खेल पाएंगी मीराबाई चानू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू अगले महीने गांधीनगर में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप में कंधे की चोट के कारण हिस्सा नहीं ले पाएंगी तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई को फरवरी में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान यह चोट लगी थी। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया, ' राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान मीराबाई के कंधे में हल्की चोट लग गई थी। यह साल बहुत अहम है क्योंकि राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल होने वाले हैं और वह कोई भी जोखिम नहीं ले सकतीं।' भारतीय टीम में मीराबाई की जगह कोमल कोहर को शामिल किए जाने की संभावना है।



### राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

मोदीनगर में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 31 साल की मीराबाई ने कुल 205 किग्रा (89 किग्रा और 116 किग्रा) भार उठाकर 48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। मीराबाई 23 जुलाई से दो अगस्त तक होने वाले राष्ट्रमंडल खेल 2026 में 48 किग्रा वर्ग में हिस्सा लेंगी, जिसके बाद अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेले 2026 के लिए वह अपना वजन बढ़ाकर 53 किग्रा वर्ग में आ जाएंगी। एशियाई खेल ही एकमात्र ऐसा बड़ा टूर्नामेंट है, जिसमें मणिपुर की इस भारोत्तोलक ने अभी तक कोई पदक नहीं जीता है।

## मैड्रिड ओपन

# कोको की कोर्ट पर वोमिटिंग फिर भी चौथे दौर में पहुंची



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

*अमेरिका की स्टार खिलाड़ी कोको गॉफ बीमार पड़ने और कोर्ट पर उल्टी करने के बावजूद मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंच गई हैं। पिछले साल मैड्रिड ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली गॉफ ने सोराना सिर्स्टिया के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 4-6, 7-5, 6-1 से जीत दर्ज की।*

*गॉफ ने दूसरे सेट के बीच में कोर्ट पर उल्टी कर दी थी, जिससे वह थोड़ा असहज महसूस करने लगी थी। कोको ने कहा, 'जब मैंने कोर्ट पर उल्टी कर दी, तो मुझे अच्छा नहीं लग रहा था। इसके बाद पहले और दूसरे गेम के बाद मुझे लग रहा था कि जैसे मेरी सारी ऊर्जा छीन ली गई है।' इससे पहले शनिवार को विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक अज्ञात बीमारी के कारण अमेरिकी खिलाड़ी एनली के खिलाफ मैच के बीच से हट गई थी।*

### मुझे मैच से हटना पसंद नहीं : कोको

*गॉफ ने कहा, 'मुझे मैच से हटना पसंद नहीं है। मैं ऐसा तब तक नहीं करती जब तक मुझे सच में यह न लगे कि मेरे पास कोई और विकल्प नहीं है।' गॉफ का अगला मुकाबला 13वीं वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा से होगा।*

## भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से दी करारी शिकस्त

# थॉमस कप : भारत की क्वार्टर फाइनल में धमाकेदार एंट्री

एजेंसी ▶▶| होर्सेंस

भारतीय पुरुष टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ग्रुप ए के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से करारी शिकस्त देकर थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। भारत और चीन इस ग्रुप में शीर्ष पर हैं। 2022 के चैंपियन भारत ने कनाडा पर 4-1 से जीत के साथ शुरुआत की थी।

चीन ने अपने पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से हराया था। उसने सोमवार को कनाडा को 4-1 से पराजित किया। भारत और चीन अब बुधवार को अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में एक दूसरे का सामना करेंगे, जिससे ग्रुप में शीर्ष स्थान का फैसला होगा।

बुधवार को भारत और चीन के बीच मुकाबला

आयुष ने भारत की बढ़त को दोगुना किया



### लक्ष्य ने भारत को दिलाई शुरुआती बढ़त

लक्ष्य सेन ने एफ्रेम स्टीफन सैम पर 21-14, 21-16 से जीत हासिल करके भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। यूएस ओपन चैंपियन और हाल में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में उपविजेता रहे आयुष शेट्टी ने श्रेय ढांड को 21-8, 21-6 से आसानी से हराकर भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष युगल जोड़ी ने रिजकी हिदायत और जैक यू को 21-14, 21-16 से हराकर स्कोर 3-0 कर दिया। इससे भारत की क्वार्टर फाइनल में जगह सुनिश्चित हो गई।

### प्रणय ने आधे घंटे से भी कम समय में ऋषि होंडा को हराया

एचएस प्रणय ने आधे घंटे से भी कम समय में ऋषि होंडा भूपति पर 21-11, 21-17 से जीत हासिल की। हरिहरन अमसाकरुनन और एमआर अर्जुन ने दूसरे युगल मुकाबले में एंडिका रामाडियांस्या और एफ्रैम स्टीफन सैम को 21-12, 21-10 से हराया, जिससे भारत इस मुकाबले में क्लीन स्वीप करने में सफल रहा।

## महिला एसए ओपन : संयुक्त 24वें स्थान पर प्रणवी

**केपटाउन।** भारतीय खिलाड़ी प्रणवी उर्स ने अंतिम दौर में एक अंडर 72 का स्कोर बनाकर इन्वेस्टेक एसए महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 24वां स्थान हासिल किया लेकिन दीक्षा डागर (76) अंतिम दिन निराशाजनक प्रदर्शन के कारण नीचे खिसक गई। दीक्षा आखिर में संयुक्त 37वें स्थान पर रहीं, जबकि अवनी प्रशांत (77) ने संयुक्त 57वां स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रही तीन अन्य भारतीय खिलाड़ी वाणी कपूर, त्वेसा मलिक और हिताशी बख्शी कट में जगह बनाने से चूक गईं थीं। इस बीच इंग्लैंड की एस्मे हैमिल्टन ने दो शॉट की जीत के साथ अपना पहला एलईटी (लेडीज यूरोपियन टूर) खिताब जीता।






पश्चिम-एशिया संघर्ष से उत्पन्न प्रभावों को कम करने से जुड़े हुए उपायों पर होगी चर्चा

# किर्गिस्तान में आज होगी एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक, भारत का नेतृत्व करेंगे राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ईरान और अमेरिका युद्ध के चुनौतीपूर्ण माहौल के बीच मंगलवार (28 अप्रैल) को किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की एक उच्च-स्तरीय बैठक होगी।

जिसमें भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। पश्चिम-एशिया संकट के दौर में यह महत्वपूर्ण बैठक हो रही है। इसलिए



इसमें मौजूदा संघर्ष के प्रभावों को कम करने के लिए जरूरी उपायों पर गहनता के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा।

बैठक के बाद रक्षा मंत्री की एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों और प्रतिनिधियों के साथ कुछ द्विपक्षीय बैठकें भी हो सकती हैं। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। वहीं, रक्षा मंत्री ने अपनी इस यात्रा को लेकर 'एक्स' पर एक पोस्ट भी साझा की है।

### जारी नहीं होगा साझा बयान?

जानकारों का कहना है कि एससीओ जैसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मंच पर ईरान और अमेरिका युद्ध के प्रभावों पर तो चर्चा होगी। लेकिन बैठक के बाद इसे लेकर समूह देशों द्वारा आम सहमति के साथ किसी तरह का कोई साझा बयान या निंदा प्रस्ताव जारी होने की फिलहाल कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। जिसकी सबसे बड़ी वजह एससीओ में ईरान का सदस्य रूप से शामिल होना है। 2023 में भारत की अध्यक्षता में हुए एससीओ शिखर सम्मेलन में ईरान को एससीओ में एक पूर्णकालिक सदस्य देश के रूप में शामिल किया गया था।

### बैठक में उठेगा आतंकवाद का मुद्दा

मंत्रालय ने बताया कि बैठक में सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों के बीच रक्षा सहयोग से जुड़े हुए मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। वैश्विक शांति, आतंकवाद-विरोधी उपायों का मसला भी वार्ता में शामिल किया जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों के मौजूदा परिदृश्य में भारत की वैश्विक शांति के प्रति बनी हुई प्रतिबद्धता के विषय को बैठक में जोरशोर से उठाएंगे। इसके अलावा आतंकवाद और चरमपंथ को लेकर भारत के कड़े और शून्य सहिष्णुता वाले दृष्टिकोण को भी उनके द्वारा रेखांकित किया जाएगा।

### 2017 में बना भारत एससीओ का सदस्य

एससीओ की स्थापना 15 जून 2001 को चीन के शंघाई में हुई थी। यह एक अंतर सरकारी संगठन है। समूह के सदस्य देशों में चीन, रूस, भारत, पाकिस्तान, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और बेलारूस शामिल हैं। भारत वर्ष 2017 में एससीओ का पूर्णकालिक सदस्य बना और उसने 2023 में इसकी अध्यक्षता की थी।

## खबर संक्षेप

### दक्षिण सूडान में विमान हादसा, 14 की मौत

**जूबा।** दक्षिण सूडान की राजधानी जूबा के बाहरी इलाके में सोमवार को विमानन कंपनी सेना का एक



विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार सभी 13 यात्रियों और पायलट की मौत हो गई। नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि खराब मौसम और कम दृश्यता होने के कारण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया होगा। उन्होंने बताया कि विमान में सवार दो लोग केन्या के नागरिक थे।

### कनाडा में युवक ने सिख व्यक्ति पर किया हमला


**टोरंटो।** कनाडा में एक युवक ने एक बुजुर्ग सिख व्यक्ति पर हमला कर दिया और नस्लवादी टिप्पणियां



करते हुए कहा कि मेरे देश से बाहर निकलो जिसके बाद पुलिस ने इसे 'घृणा से प्रेरित हमला' मानते हुए जांच शुरू कर दी है। वुडस्टॉक पुलिस ने एक बयान में कहा कि यह घटना 22 अप्रैल को ओंटारियो के वुडस्टॉक की है और युवक पर अपने कृत्यों के लिए कई आरोप लगाए गए हैं।

### जापान में 6.2 तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं

**तोक्यो।** उत्तरी जापान में सोमवार तड़के 6.2 तीव्रता का भूकंप आया,



हालांकि किसी तरह के जान-माल के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने सुनामी को लेकर भी कोई चेतावनी जारी नहीं की।

पाकिस्तान की मध्यस्थता पर ईरान ने जताई शंका, उठाए सवाल, कहा

# वे सही मध्यस्थ नहीं, ट्रंप के फायदों का रखते ध्यान, उनके खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहते

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान और अमेरिका के मध्य तनाव कम करने के उद्देश्य से पाकिस्तान की मध्यस्थता में युद्धविराम (सीजफायर) को लेकर वार्ता धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। इन प्रयासों के बीच ईरान के भीतर पाकिस्तान की भूमिका को लेकर विश्वसनीयता का संकट स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। ईरान के सांसद और 'राष्ट्रीय सुरक्षा एवं विदेश नीति आयोग' के प्रवक्ता इब्राहिम रेजाई ने पाकिस्तान की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाते हुए उसकी



निष्पक्षता पर संदेह व्यक्त किया है। रेजाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि पाकिस्तान हमारा अच्छा दोस्त और पड़ोसी है, लेकिन वह बातचीत के लिए सही मध्यस्थ नहीं है और उसमें मध्यस्थता के लिए जरूरी विश्वसनीयता नहीं है। वे हमेशा ट्रंप के फायदों का ध्यान रखते हैं और अमेरिकियों की मर्जी के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहते। उन्होंने कहा कि उदाहरण के लिए, वे (पाकिस्तान) दुनिया को यह बताने को तैयार नहीं हैं कि अमेरिका ने पहले पाकिस्तान का प्रस्ताव मान लिया था लेकिन फिर अपनी बात से मुकर गया। वे यह नहीं कहते कि लेबनान या ब्लॉक किए गए एसेट्स के मुद्दे पर अमेरिकियों ने कमिटमेंट किए थे लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया। एक मीडिएटर को बिना किसी भेदभाव के होना चाहिए, हमेशा एक तरफ नहीं झुकना चाहिए। पाकिस्तान का झुकाव इस स्थिति में अमेरिकी की तरफ साफ जाहिर है। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका के रवैये के कारण इस्लामाबाद में प्रस्तावित वार्ता में देरी हुई।

*रेजाई ने वे (पाकिस्तान) दुनिया को यह बताने को तैयार नहीं हैं कि अमेरिका ने पहले पाकिस्तान का प्रस्ताव मान लिया था लेकिन फिर अपनी बात से मुकर गया। वे यह नहीं कहते कि लेबनान या ब्लॉक किए गए एसेट्स के मुद्दे पर अमेरिकियों ने कमिटमेंट किए थे लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया*

*ईरान का आरोप- अमेरिका के रवैए के कारण इस्लामाबाद में प्रस्तावित वार्ता में देरी हुई*



ईरान के विदेश मंत्री ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मॉस्को में मुलाकात की

### ईरानी जनता वीरता के साथ लड़ रही: पुतिन

*ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रूस का समर्थन जुटाने के लिए सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। बैठक में रूस ने ईरान के प्रति खुला समर्थन जताया। पुतिन ने कहा कि ईरानी जनता साहस और वीरता के साथ अपनी आजादी और संप्रभुता के लिए लड़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई का संदेश मिला है।*

### सभापति गालिबाफ बोले- ईरान के पास अहम पत्ते बाकी



इस बीच ईरान की संसद के सभापति मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा कि ईरान के पास भी कई अहम पत्ते हैं। गालिबाफ का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि उनके पास सारे पत्ते हैं, जिनसे वे ईरान पर दबाव बना सकते हैं। अब गालिबाफ ने कहा है कि तेल की सप्लाई और मांग जैसे कई अहम पत्ते हैं, जो ईरान के पास हैं।

रूस का बड़ा बयान

### ईरान को डराने-धमकाने की कोशिश काम नहीं करेगी

**मॉस्को।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची रूस दौरे पर मॉस्को पहुंच गए हैं। ईरान के विदेश मंत्री के दौरे के बीच ही रूस का एक बड़ा बयान सामने आया है। रूस ने कहा है कि ईरान को सैन्य ताकत का डर दिखाकर डराया-धमकाया नहीं जा सकता। वियना में एक अंतरराष्ट्रीय संगठन में रूस के प्रतिनिधि मिखाइल उलयानोव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा, सैन्य तैनाती की धमकी और प्रतिबंध कड़े करने की बात ब्लैकमेलिंग है, लेकिन ईरान पर ये चाल काम नहीं करेगी। रूसी राजनयिक ने कहा कि अमेरिका को समझौते के लिए अपने रुख को नरम करना चाहिए।

जहाज पर सवार 12 भारतीय सुरक्षित

### ईरान ने टोगो-फ्लैग टैंकर को बनाया निशाना

*ईरान ने वेस्ट अफ्रीका के देश टोगो के झंडे वाले एक केमिकल टैंकर पर हमला किया, जिसमें 12 भारतीय क्रू सदस्य सवार थे। भारतीय पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक मनदीप सिंह*



*रंधावा ने बताया, सभी भारतीय क्रू सदस्य सुरक्षित हैं। ईरान के टोगो के जहाज पर हमला ओमान के शिनास के बाहरी बंदरगाह क्षेत्र के पास किया। यह जहाज भी अन्य जहाजों के साथ आगे बढ़ रहा था।*

हेंगली पेट्रोकेमिकल ने आरोप नकारे

# चीन की निजी रिफाइनरी पर अमेरिका ने लगाया 'प्रतिबंध'



स्कॉट बेसेंट

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ईरान से जंग के बीच अमेरिका ने चीन की प्रमुख तेल रिफाइनरी हेंगली पेट्रोकेमिकल और 40 शिपिंग कंपनियों-टैंकरों पर ईरान से तेल खरीदने के आरोप में प्रतिबंध लगा दिए हैं, जिसके बाद अब बीजिंग की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। बीजिंग ने कहा कि वो चीनी तेल रिफाइनरी पर अमेरिकी प्रतिबंधों का कड़ा विरोध करता है और अपने हितों की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित है। अमेरिकी वित्त विभाग का कहना है कि हेंगली रिफाइनरी साल 2023 से ही ईरानी तेल की खपत कर रही है। इस रिफाइनरी को ईरानी तेल के प्रमुख खरीदारों में से एक बताया जाता है। अमेरिका के वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट ने चीन के खिलाफ एक्शन लेते हुए कहा था कि ट्रंप प्रशासन ईरानी शासन पर वित्तीय शिकंजा कस रहा है।

### पेट्रोकेमिकल्स में बड़ा खिलाड़ी है हेंगली

*हेंगली चीन की सबसे आधुनिक और बड़े पैमाने वाली निजी रिफाइनरी कंपनियों में शामिल है। यह लियाओनिंग प्रांत में एक विशाल रिफाइनिंग और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स संचालित करती है। निजी रिफाइनरियां अब चीन की कुल रिफाइनिंग क्षमता का लगभग एक-तिहाई हिस्सा हैं। हेंगली इनमें सबसे बड़े प्लेयर्स में से एक है। वहीं, स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में हेंगली कंपनी ने अमेरिकी आरोपों को निराधार बताया। कंपनी ने कहा कि उसने कभी ईरानी तेल से संबंधित कोई कारोबार नहीं किया है। सभी कच्चे तेल आपूर्तिकर्ताओं को अनुबंध के तहत यह सुनिश्चित करना होता है कि तेल अमेरिकी प्रतिबंध वाले देशों से न आए। कंपनी ने बताया कि उसके पास तीन महीने से ज्यादा का कच्चा तेल स्टॉक है और भविष्य में वह चीनी युआन में भुगतान करके तेल खरीदने की योजना बना रही है।*

### तैरते टैंकरों में तेल जमा करेगा ईरान

ईरान नाकेबंदी के चलते तेल निर्यात नहीं कर पा रहा है। प्रतिबंधों से निर्यात में रुकावट के बावजूद खर्ग द्वीप तक कच्चे तेल का बहाव 10 लाख बैरल प्रतिदिन की दर से जारी है। इस बढ़ते दबाव को कम करने के लिए ईरान ने 'फ्लोटिंग स्टोरेज' यानी समुद्र में तैरते टैंकरों के जरिए अतिरिक्त तेल जमा करने का रास्ता अपनाया है। इसी कड़ी में 30 साल पुराने एम/टी नाशा एक बहुत बड़ा टैंकर है, जिसे 1996 में बनाया गया था। यह 330 मीटर से अधिक लंबा है, का उपयोग किया जाएगा।

### भ्रष्टाचार मामले में इजराइल पीएम की गवाही फिर टली

**यरूशलम।** इजराइल के पीएमबेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ चल रहे आपराधिक मुकदमे में उनकी गवाही दोबारा टाल दी गई है। सोमवार को दो महीने के अंतराल के बाद उनकी गवाही फिर शुरू होनी थी, लेकिन अंतिम समय में इसे स्थगित कर दिया गया। नेतन्याहू के वकील अमित हदद ने अदालत के सामने विशेष सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए कार्यवाही टालने की मांग की थी। इसके बाद कोर्ट ने सुनवाई रोक दी। इससे पहले यरूशलेम जिला अदालत ने नेतन्याहू की इस सप्ताह तय पेशियों को भी रद्द कर दिया था। यह मामला चर्चित केस 4000 या बेजेक-वाला मामले से जुड़ा है, जिसे नेतन्याहू के खिलाफ सबसे गंभीर मामलों में माना जाता है। आरोप है कि उन्होंने कारोबारी शाऊल एलोविच की बेजेक कंपनी को फायदा पहुंचाने वाले नियामकीय फैसले करवाए, बदले में वाला न्यूज वेबसाइट पर अनुकूल कवरेज हासिल किया। नेतन्याहू ने इन सभी आरोपों से इनकार किया है।

# दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री करेंगे मुलाकात

एजेंसी ▶▶ सियोल

दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि है कि विदेश मंत्री चो ह्युन गुरुवार को सियोल में अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से द्विपक्षीय बातचीत करने के लिए मिलेंगे। दोनों पक्षों से मिडिल ईस्ट की मौजूदा हालात और वैश्विक ऊर्जा संकट से जुड़ी आम चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने की अपने प्रतिबद्धता को फिर से सुनिश्चित करने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि वे रक्षा और रक्षा उद्योग क्षेत्र में सहयोग को गहरा करने की कोशिशों पर भी चर्चा करेंगे। इसमें मिडिल ईस्ट संकट के बीच सप्लाई चेन की अस्थिरता को दूर करने के लिए मिलकर कोशिशें शामिल हैं। यह मीटिंग 16 मार्च को दोनों शीर्ष नेताओं के फोन पर बात करने के लगभग एक महीने बाद होगी। इससे पहले 23 अप्रैल को, ईरान में दक्षिण कोरिया के स्पेशल दूत ने तेहरान में ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात की थी। ईरान के विदेश मंत्रालय के अनुसार, दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री के स्पेशल दूत चुंग ब्युंग-हा ने ईरानी विदेश मंत्री अराघची के साथ अपनी मीटिंग में उम्मीद जताई थी कि डिप्लोमैटिक कोशिशों से यह लड़ाई निश्चित तौर पर खत्म हो जाएगी और इलाके में शांति और स्थिरता आएगी। चुंग ने सियोल और तेहरान के बीच दो-तरफा संबंध बनाने की अहमियत पर भी जोर दिया। अपने संबंधों पर चुंग की बात को दोहराते हुए, अराघची ने इस बारे में ईरान की तरफ से सहयोग करने की इच्छा जाहिर की थी।

दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े मुद्दों पर की जाएगी चर्चा

# अगले महीने नेपाल की यात्रा करेंगे विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री अगले मई महीने में नेपाल की यात्रा कर सकते हैं। जो बीते दिनों निकट पड़ोसी देश में बालेंद्र शाह के नेतृत्व में गठित की गई नई सरकार में भारत की तरफ से की जाने वाली पहली उच्च-स्तरीय यात्रा होगी। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मिस्त्री की यह नेपाल यात्रा मई के पहले भाग में हो सकती है। जिसके लिए अभी तारीखों के साथ ही जरूरी कार्यक्रम को अंतिम रूप नहीं दिया गया है। लेकिन इस दौरान विदेश सचिव की होने वाली मुलाकातों में दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के अलावा नेपाल में भारत की वित्तीय मदद से जारी परियोजनाओं की समीक्षा की जाएगी।



यहां बता दें कि विदेश सचिव की यह नेपाल यात्रा की जानकारी एक ऐसे समय में सामने आई है। जब बीते दिनों नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के अपने पहले विदेश दौरे के तहत भारत पहुंचने को लेकर तेजी से कयास लगाए जा रहे थे। बहुत संभावना है कि मिस्त्री की इस यात्रा के साथ ही आगामी समय में इसे लेकर तस्वीर पूरी तरह से साफ हो सकती है।

**पहले मिल चुके दोनों देशों के विदेश मंत्री:** यहां बता दें कि इसी महीने भारत और नेपाल के विदेश मंत्रियों की मॉरीशस में हुई इंडियन ओशियन कांफ्रेंस से इतर एक मुलाकात हो चुकी है। जिसमें उन्होंने दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों और साझा सहयोग से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की थी। इसी बैठक के दौरान डॉ. एस. जयशंकर ने भारत के विदेश सचिव को काठमांडू भेजकर नई सरकार की प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी एकत्रित करने का एक प्रस्ताव दिया था। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते मार्च महीने में नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह को चुनावों में मिली उनकी जीत के बाद कार्यभार ग्रहण करने पर दिए बधाई संदेश में भारत यात्रा का निमंत्रण दिया था।

क्षेत्र से जुड़े घटनाक्रम पर बनी हुई भारत की पैनी नजर

# युद्ध के बीच खाड़ी देशों संग जारी संवाद, अब तक सुरक्षित लौटे 12 लाख 96 हजार भारतीय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया क्षेत्र में अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के तनावपूर्ण हालात के बीच अब तक कुल करीब 12 लाख 96 हजार भारत सुरक्षित स्वदेश वापस लौटे हैं। जबकि अगर इस मामले में अकेले ईरान की बात करें तो वहां भारतीय दूतावास की मदद से कुल 2 हजार 445 भारतीय नागरिक सड़क मार्ग से सीमा पार कर आर्मेनिया और अजरबैजान पहुंचे हैं। जहां से जल्द उनकी भारत वापसी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर हालांकि भारत का पश्चिम एशिया सहित समूचे खाड़ी



क्षेत्र के देशों के साथ लगातार संपर्क बना हुआ है। इसके अलावा इलाके के हर छोटे-बड़े घटनाक्रम पर भी विदेश मंत्रालय की कड़ी नजर बनी हुई है। यह जानकारी सोमवार को राजधानी में हुई अंतर मंत्रालय प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल और मंत्रालय के एक अन्य अधिकारी असीम. आर महाजन ने दी है।

### उच्च स्तरीय वार्ताओं का सार

जायसवाल ने कहा कि पीएम के निर्देश पर हाल ही में एनएसए अजीत डोभाल ने यूएई की यात्रा की थी। जिसमें उन्होंने यूएई के राष्ट्रपति से मुलाकात की और उन्हें प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से दिया गया शुभकामना संदेश दिया था। दोनों पक्षों की वार्ता में भारत और यूएई के बीच मौजूद व्यापक सामरिक साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने से जुड़े हुए उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही क्षेत्रीय स्थिति और साझा हितों से जुड़े मामलों पर चर्चा की। यह विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर द्वारा की गई यूएई की यात्रा के हुई यूएई की दूसरी उच्च स्तरीय यात्रा थी।

### पंजाब पुलिस के निलंबित डीआईजी भुल्लर के खिलाफ मामले में 11 स्थानों पर की ईडी की छापेमारी

**चंडीगढ़।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य पुलिस के निलंबित उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) हरचरण सिंह भुल्लर



और उनसे कथित तौर पर जुड़े संगठनों के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत सोमवार को पंजाब में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि चंडीगढ़, लुधियाना, पटियाला, नाभा और जालंधर में आरोपी, उसके सहयोगियों और संदिग्ध बेनामीदारों (वे मालिक जिनके नाम पर बेनामी संपत्ति है) से जुड़े लगभग 11 परिसर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जांच में शामिल किया जा रहा है। ईडी की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा भुल्लर के खिलाफ दर्ज किए गए एक मामले पर आधारित है, जिसमें उन पर एक आपराधिक मामले के निपटारे के लिए एक बिचौलिए के माध्यम से रिश्वत मांगने और आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति का आरोप है। भुल्लर पुलिस उप महानिरीक्षक के पद पर रोपड़ में तैनात थे, जब उनको सीबीआई ने अक्टूबर 2025 में गिरफ्तार किया था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109